CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

नई दिल्ली, गुरुवार 24 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 112 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौनः राहुल गांधी
पेज 2




हरमन प्रीत का शतक, भारतीय महिला टीम ने जीती वनडे सीरीज
खेल टाइम्स



प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई
सम्पादकीय



बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय
पेज 12

## टॉयलेट में बैठे-बैठे ही हाईकोर्ट की सुनवाई में शामिल हुआ था शख्स

### गुजरात हाईकोर्ट ने लिया एक्शन- 15 दिन समाजसेवा करने का दिया आदेश

**अहमदाबाद, वार्ता**

**गुजरात** के अहमदाबाद में ऑनलाइन अदालती सुनवाई के दौरान टॉयलेट से ही पेश होने वाले शख्स को अदालत की अवमानना का सामना करने का निर्देश दिया गया।

गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई में अब्दुल समद को 15 दिन की सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। यह घटना 20 जून को हुई जब जस्टिस नीरज एस. देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान अब्दुल टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।



**एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगा चुका है कोर्ट**

इसका वीडियो वायरल हो गया था। जिसके बाद गुजरात हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अवमानना कार्यवाही की थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को हुई सुनवाई में अब्दुल पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने की राशि 22 जुलाई तक कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करनी थी। हालांकि, मंगलवार को अब्दुल ने एक लाख रुपये की जुर्माना राशि भी भरी और कोर्ट से अपनी गलती के लिए माफी भी मांग ली है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के बाद से, गुजरात हाईकोर्ट ने वकीलों और पक्षकारों को वर्चुअल माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी है। कार्यवाही का सीधा प्रसारण न्यायालय के यूट्यूब चैनल के जरिये किया जाता है। अब्दुल समद शाह सूरत के किम गांव का निवासी है और मारपीट के एक मामले में शिकायतकर्ता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान वह टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।

## SC Order: महिला IPS को पति व ससुरालियों से मांगनी होगी माफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- वैवाहिक विवाद में झूठे केस कराए थे दर्ज
- सुप्रीम कोर्ट बोला- पद का गलत इस्तेमाल न करें, सभी मामलों को भी रद्द किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला आईपीएस अफसर को अपने पूर्व पति और ससुराल वालों से बिना शर्त माफी मांगने का आदेश दिया। अधिकारी ने वैवाहिक विवाद में पति और ससुराल वालों के खिलाफ कई झूठे क्रिमिनल केस दर्ज कराए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी मामलों को भी रद्द कर दिया। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि मुकदमों की वजह से पति को 109 दिन और उसके पिता को 103 दिन जेल में बिताने पड़े। उन्होंने जो कुछ सहा, उसकी किसी भी तरह से भरपाई नहीं की जा सकती। कोर्ट ने आदेश दिया कि महिला और उसके माता-पिता पीड़ित पति और उसके परिवार के सदस्यों से बिना शर्त माफी मांगें। माफीनामा अंग्रेजी और हिंदी के एक-एक प्रसिद्ध अखबार के राष्ट्रीय संस्करण में छपवाना होगा। साथ ही माफीनामा 3 दिनों के भीतर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित करना होगा। कोर्ट ने 2018 से अलग रह रहे इस जोड़े के तलाक की अर्जी भी मंजूर कर ली और बेटी की कस्टडी मां (महिला आईपीएस अधिकारी) को सौंप दी। महिला का पूर्व पति और परिवार के सदस्य बेटी से मिल सकेंगे।

### लगातार तीसरे दिन नहीं चली लोकसभा व राज्यसभा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को भी जबरदस्त हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थापित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठीसीन अधिकारी ने हंगामे के दौरान कहा कि आज गोवा की जनजातियों से जुड़ा बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है। गोवा राज्य विधानसभा निर्वाचन-क्षेत्र अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व का पुन:समायोजन विधेयक 2024 पर चर्चा करनी है। वहीं बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में लामबंद विपक्ष ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

### श्रावण शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** हरिद्वार में श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में बुधवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए उमड़ पड़ी। कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की ससुराल में जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। श्रावण मास की शिवरात्रि के दिन श्रद्धालु शिवालयों में जल चढ़ा रहे हैं। कांवड़ियों ने अपने-अपने स्थानीय शिवालयों में जल चढ़ाया। इसी के साथ श्रावण मेला बुधवार को संपन्न हो गया।

### मोदी ब्रिटेन, मालदीव की 4 दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को राजधानी से लंदन के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान वह दोनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों चर्चा करेंगे। श्री मोदी ने रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी है और जिसमें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

## भारत ने पाक को लताड़ा

### यूएन में कहाः आतंकवाद में आकंठ डूबा पाक

**न्यूयॉर्क, वार्ता**

**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने' के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।




- सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने के लिए कड़ी आलोचना की

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के आतंकवाद-रोधी अभियान का जिक्र किया और छद्म युद्ध से उत्पन्न बढ़ते खतरे का उल्लेख किया। उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा संघर्षों को पाकिस्तान के सहयोग से गैर-सरकारी तत्व तेजी से बढ़ाते जा रहे हैं। श्री हरीश ने पाकिस्तान को उसकी असलियत बताते हुए भारत और पाकिस्तान की स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ एक जीवंत लोकतंत्र, उभरती अर्थव्यवस्था और एक बहुलवादी समाज वाला भारत है तो दूसरी तरफ कट्टरता, आतंकवाद और अंतर्राष्ट्रीय कर्ज पर लगातार निर्भर पाकिस्तान है। इस परिषद का एक सदस्य देश जिसका, आचरण पूरा विश्व जानता है, जो आतंकवाद का रहनुमा है और जिसकी आलोचना पूरी दुनिया करती है, उसे कम से कम इस तरह के उपदेश नहीं देने चाहिए। भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में एक उच्चस्तरीय खुली बैठक में आतंकवाद के मसले पर जमकर पाकिस्तान को लताड़ा और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला दिया, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन शुरू करते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादी शिविरों पर एक सटीक और आनुपातिक कार्रवाई की।

### जस्टिस वर्मा केस से अलग हुए सीजेआई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर होने वाली सुनवाई से स्वयं को बुधवार को अलग कर लिया। न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उनके स्थानांतरण तथा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई से अपने आप को अलग करते हुए कहा कि चूंकि वह उनके स्थानांतरण (दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) के निर्णय का हिस्सा थे, इसलिए उनके लिए इस मामले में सुनवाई करना उचित नहीं होगा।

## दिल्ली में सड़कें डूबीं, स्कूलों में घुटनों तक भरा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं। दिल्ली के टिकरी कलां स्थित नगर निगम बालिका स्कूल के क्लासरूम में दो फीट तक पानी भर गया। बच्चे पानी के बीच डेस्क पर बैठे दिखे। कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई।



गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आईं। आईएमडी ने दिल्ली और एनसीआर में बुधवार दिन भर गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ और बारिश होने की संभावना जताई थी।

### सुप्रीम कोर्ट का नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। पीठ ने मध्य प्रदेश के कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने से पीड़ित नीट-यूजी 2025 परीक्षार्थियों की ओर से दायर दो याचिकाओं पर अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी।

### लगातार बढ़ रहा है अहमदाबाद प्लेन क्रैश की नई परतें खुलने का सिलसिला

## गलत शव भेज दिए ब्रिटेन, डीएनए से मिलान नहीं

**अहमदाबाद, वार्ता**

**ब्रिटेन में अहमदाबाद** प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक, दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी। एयर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि भारत में अफसरों ने प्रोटोकॉल के तहत ही मृतकों की पहचान की थी। दरअसल, 13 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। 12 जून को प्लेन हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। हादसे के वक्त विमान में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे।

### टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में लगी आग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर 76 में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में आग लग गई। फ्लाइट में 60 लोग पैसेंजर थे। जैसे ही विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है।

NAAC A | UGC 12B Status Granted | 36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology

PRIORITY ADMISSION NOTICE
FOR CUET (UG/PG) CANDIDATES

Admission Notice 2025-26

B.Tech. 26th Batch | AICTE Approved
Computer Science & Engineering, Biotechnology, Biomedical Engineering, Agriculture Engineering
M.Tech. 19th Batch | AICTE Approved
Computer Science & Engineering, Biotechnology, Biomedical Engineering, Agriculture Engineering
BCA 30th Batch | AICTE Approved
AI & Machine Learning, Cyber Security, Internet of Things, Data Science, General
MCA 28th Batch | AICTE Approved
Cloud Computing, Data Sc.& Machine Learning, Full Stack Development, Internet of Things, Network & Info Security
LAW 12th Batch | BCI Approved
BA LLB, BBA LLB (Hons), B.Com. LLB (Hons), LLB, LLM (2 Yrs.), LLM (1 Yr.)
BA (Hons)
Psychology, Government & Administration
B.Com. (Hons)
M.Com.
B.Ed. 11th Batch | NCTE Approved
PG Diploma - 1 Yr.
Counseling Psychology, Yoga
BBA 30th Batch | AICTE Approved
Digital Marketing, Banking, Finance & Insurance, Global Business & Management, General
MBA Plus | 31st Batch | AICTE Approved
Digital Business & AI, Marketing & E-commerce, Fintech, Banking & Insurance, People Mgmt & HR Analytics, Global Trade & Logistics Mgmt, Agri-business & Rural Entrepreneurship, Pharmaceutical & Healthcare Mgmt
B.Sc. (Hons)
Agriculture, Biotechnology, Microbiology, Biomedical Sciences, Nutrition & Dietetics
M.Sc.
Artificial Intelligence, Bio-informatics, Biomedical Sciences, Biotechnology, Clinical Research, Cyber Security, Data Science, Food Science & Tech, Mathematics, Medical Physics, Microbiology
The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

OUR RANKINGS
3 Amongst India's Distinguished Law Schools - The CSR Law School Survey 2025
6 Amongst Top Organisations (SIRO) for filing highest number of Patents in 2023-24
24 Amongst Top Technical Universities of India - India Today University Ranking Survey 2024
25 Amongst Top Engineering Institutions of India - Times Engineering Institute Ranking Survey 2025
28 Amongst TOP B-School of India - Times B-School Survey 2025

Generous Scholarships Available for CUET (UG/PG) Candidates

Our Proud Alumni are leading globally in Technology, Research, Consulting, Engineering, Law, and Management.
PHILIPS, LinkedIn, Google, IBM, Microsoft, SYNTEL, intel, Apple, SAP, facebook, SAMSUNG, SIEMENS, ORACLE, standard chartered, ICICI Bank, Johnson & Johnson, KPMG, Goldman Sachs

THE UNIVERSITY OF TOLEDO
Joint Degree Option
Master of Business Administration (MBA)
Master of Applied Business Analytics (MABA)

Programs Offered in Distance Mode: BBA | MBA | B.Com | M.Com - www.shobhitodl.in
Programs Offered in Online Mode: BBA | MBA | BCA | MCA - www.shobhit.online

India's first RRTS (RapidX) connects directly to Shobhit University Campus in just 55 minutes from Delhi.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University] Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
www.shobhituniversity.ac.in | 9870265521 / 7617505016
Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Ph-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500
SCAN TO APPLY



## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में 16 साइबर ठग गिरफ्तार, एक करोड़ बरामद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की गुंडबा पुलिस ने सोशल मीडिया पर पॉप मैसेज भेज कर साइबर ठगी को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 16 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक करोड़ सात लाख रुपए बरामद किए। पुलिस आयुक्त अमित सिंह सेंगर ने बताया कि अब तक साइबर फॅड को लेकर लखनऊ में किए गए बड़े कार्रवाई में से यह एक है। उन्होंने बताया कि गुडंबा पुलिस को सूचना मिली थी कि सृष्टि डिपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 403 में एक अवैध रूप से कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। गिरोह के सरगना समेत 16 लोग गिरफ्तार किए गए है। इन लोगों के पास से लगभग 1 करोड़ 7 लाख रुपए बरामद किए गए है।

### आजाद, तिलक को मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दो महान स्वतंत्रता सेनानियों, चंद्रशेखर आज़ाद और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस, दृढ़ विश्वास और देश के स्वतंत्रता संग्राम पर उनके अमिट प्रभाव की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद और लोकमान्य तिलक की विरासत देश की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### योगी ने की लोक मंगल की कामना

**गोरखपुर।** पावन सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, सावन शिवरात्रि को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

# गढ़मुक्तेश्वर बनेगा आस्था व ग्रामीण पर्यटन का केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पर्यटन विभाग से 19.50 करोड़ की स्वीकृति दी गई: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले मे स्थित गढ़मुक्तेश्वर और उसके आस-पास के क्षेत्रों की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को आधुनिक स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 19.50 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजनाओं से ना केवल तीर्थस्थलों के सौंदईकरण होगा, बल्कि आधुनिक पर्यटक सुविधाएं भी विकसित होंगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करके स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। उन्होंने बताया कि गघ्मुक्तेश्वर एक पौराणिक एवं धार्मिक स्थल है। गंगा किनारे स्थित इस स्थल पर दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते है। इन परियोजनाओं में ब्रजघाट का पुनर्विकास सम्मिलित है, जहां वॉटर लेजर शो, वेंडिंग जोन, फूड प्लाजा और आधारभूत सामुदायिक सुविधाओं की स्थापना की जा रही है।

इसके अलावा नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे नक्का कुआं (गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा के पास), कल्याणेश्वर महादेव मंदिर और पंचायत मंदिर (बड़ा बाजार) का भी पर्यटन विकास किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर, एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक नगर है, जो अब पर्यटन विकास की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश के मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। गंगा नदी के तट पर स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, जो भगवान शिव को समर्पित है, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर को मनोकामनाएं पूरी करने वाला माना जाता है।

### गाजियाबाद में डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय के संचालन को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद के मोदीनगर में स्थापित होने वाले डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय को संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है। बुधवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय को संचालन प्राधिकार पत्र सौंपा। प्रस्तावित विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 8 सन-2025) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 49 पर शामिल किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को वैधानिक मान्यता प्राप्त हो गई है, जिससे यह औपचारिक रूप से संचालन शुरू कर सकेगा। इस अवसर पर उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित समूह द्वारा गाजियाबाद में स्थापित होने वाला यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा।

# प्राथमिक स्कूलों के विलय पर सुनवाई जारी

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में विशेष अपीलों पर सुनवाई जारी है।

मुख्य न्यायधीश अरुण भंसाली और न्यायधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष बुधवार को विशेष अपीलों पर राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा विभाग के अधिवक्ताओं की बहस चल रही है। इससे पहले याचियों के अधिवक्ता बहस कर चुके हैं। दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलीलों के समर्थन में नजीरों को भी पेश किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को नियत की है। पहली विशेष अपील 5 बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती 7 जुलाई को दिए गए फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा. एलपी मिश्र व अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलीलें दीं। जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ बहस कर रहे हैं।

बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खास तौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करने वाला है।

# संविदा कर्मियों को समय से वेतन दिया जाए: आशीष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में जारी आंदोलन के बीच पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने संविदाकर्मियों को समय से वेतन देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कहीं से इस बाबत कोई शिकायत मिलती है, तो फिर रेगुलर कार्मिकों का वेतन रोक दिया जाएगा। वहीं अध्यक्ष ने सभी मुख्य अभियन्ताओं को निर्देश दिए है कि बायोमीट्रिक उपस्थिति सौ प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।

उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने बताया कि डिस्कॉम स्तर पर इसकी रेग्यूलर मॉनीटरिग करने को कहा गया है। जिससे संविदा कर्मियों आदि को समय से वेतन मिले। अध्यक्ष ने कहा कि जुलाई का वेतन रेग्यूलर कर्मियों को तभी मिलेगी, जब संविदा कर्मिको को मिल जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि संविदाकर्मी या मीटर रीडर अल्पवेतन भोगी हैं। लाइन मैन कड़ी मेहनत करता है इन सब लोगों को समय से वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने निदेशक कार्मिक को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

गर्मी को देखते हुए विद्युत आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे कदम के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि आपूर्ति सामान्य रहे और सभी क्षेत्रों को प्रर्याप्त विद्युत मिले इसके लिए सभी अधिकारी अत्यधिक सजगता बरतने को कहा गया है। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान और आपूर्ति के बारे में सही जानकारी देने को कहा गया है। कृषि फीडर और रूरल फीडर पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की है, जिसमें मंत्री को पद से हटाने की मांग गई है। नेता ने अपनी याचिका में कहा है कि मंत्री शाह का आचरण संविधान के अनुच्छेद 164 (3) के तहत ली गई शपथ का उल्लंघन करता है। जिसके आधार पर याचिकाकर्ता ने मंत्री के खिलाफ क्वो-वारंटो रिट जारी करने की मांग की है, ताकि उन्हें मंत्री पद से हटाया जा सके। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में कहा है कि डा. अंबेडकर नगर के रायकुंडा गांव में आयोजित एक समारोह के दौरान मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।

## युद्धविराम पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए

# ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ ट्रम्प ने 25 बार दावा किया, पीएम मोदी एक जवाब नहीं दे पाए, कैसे बोलेंगे ट्रम्प ने कराया

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के बार-बार किए गए दावों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया।

गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए सरकार की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और ऑपरेशन सिंदूर से निपटने के तरीके पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री क्या बयान देंगे कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की? वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की थी और पूरी दुनिया यह जानती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कम से कम 25 मौकों पर दावा किया है कि युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता में उनकी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि युद्धविराम कराने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है। फिर भी मोदी ने एक बार भी जवाब नहीं दिया।

यह सच्चाई है और आप इससे भाग नहीं सकते। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। दूसरी तरफ वह जीत का जश्न मना रही है और इस बीच ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि उन्होंने युद्धविराम करवाया है। जाहिर है, कुछ तो गड़बड़ है।

### हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे: गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। गांधी ने संसद परिसर में कहा कि हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे है, यह वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन चुप नहीं बैठेगा और संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार की बात नहीं है। महाराष्ट्र में भी चोरी की। हमने चुनाव आयोग से मतदाता सूची मांगी, वीडियो मांगे, लेकिन उन्होंने हमें नहीं दिया। नेता विपक्ष ने कहा कि सरकार ने वीडियोग्राफी देने का कानून ही बदल दिया। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक करोड़ नए वोटर जोड़े गए। हमने कर्नाटक में अध्ययन किया है और भयंकर चोरी पकड़ी है। मैं 'ब्लैक एंड व्हाइट' में आपको और चुनाव आयोग को बता सकता हूं कि कहां और कैसे चोरी की जा रही है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82726.64
निफ्टी 25219.90



सोना रु. 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 115500
प्रति किलो



# अमेरिका-जापान समझौते से बाजार में लौटी तेजी

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और जापान के बीच हुए व्यापार समझौते से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का संसेक्स 539.83 अंक की मजबूती के साथ 82,726.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 159 अंक की बढ़त में 25,219.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 10 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका-जापान के बीच आयात शुल्क और निवेश संबंधी व्यापार समझौते के बाद आज एशियाई और यूरोपीय बाजार हरे निशान में रहे। जापान का निक्केई 3.51 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 1.62 प्रतिशत मजबूत हुआ।हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट लगभग सपाट रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई और जर्मनी का डैक्स क्रमशः 0.54 फीसदी और 0.84 फीसदी ऊपर बने हुए थे। इससे पहले मंगलवार को अमेरिका शेयर बाजारों में भी लिवाली देखी गई थी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। पहले उन्होंने 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। मंगलवार को हुए समझौते के तहत जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ रूपक डे ने बताया कि अमेरिका-जापान समझौते से निवेशकों की धारणा सकारात्मक बनी हुई है और अल्पावधि में ऐसा ही बना रहेगा। निफ्टी ऊपर 25,500 अंक तक जा सकता, जबकि नीचे 24,900 अंक पर इसे समर्थन मिलेगा। सकारात्मक वैश्विक रुझानों से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से संसेक्स 265 अंक चढ़कर 82,451.87 अंक पर खुला और पूरे दिन मजबूत बना रहा। इसका दिन का निचला स्तर 82,279.73 अंक और उच्चतम स्तर 82,786.43 अंक रहा।

संसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में रहे। टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 2.51 फीसदी की तेजी रही। भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। संसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर सबसे ज्यादा 1.19 फीसदी टूट गया। निफ्टी-50 की शुरुआत 78.45 अंक की तेजी में 25,139.35 अंक से हुई। यह नीचे 25,085.50 अंक और ऊपर 25,233.50 अंक को छुने के बाद अंत में 0.63 फीसदी की तेजी में बंद हुआ।

### सोना 1,00,502 प्रति 10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम बुधवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 994 बढ़कर 1,00,502 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 99,508 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,007 बढ़कर 1,15,500 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,493 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 102,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 रही।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, तेलों में रही तेजी

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू जिंस बाजारों में बुधवार को गेहूं में नरमी रही जबकि चावल के दाम बढ़ गए। खाद्य तेलों में भी तेजी का रुख रहा। दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया, जबकि गुड़ और चीनी के भाव टूट गए। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 17 रुपए बढ़कर 3,820.07 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं पांच रुपए टूटकर 2,817.06 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,274.03 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल औसतन 38 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। सरसों तेल 61 रुपए और सोया तेल करीब 33 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति के दाम में 66 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती दर्ज की गई। सूरजमुखी तेल करीब 67 रुपए और पाम ऑयल लगभग 68 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ा। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में मसूर दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। चना दाल 24 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव करीब 17 रुपए घट गया। उड़द दाल में करीब 24 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। दाल मूंग में लगभग दो रुपए की मामूली तेजी रही। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब चार रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी दो रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई है। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7862.15, मसूर काली 8057.45, मूंग दाल 10126.14, उड़द दाल 10487.46, अरहर दाल 10996.74 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2817.06 रुपए और चावल 3820.07 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4266.89 और गुड़ 4892.63 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17183.97 रुपए, मूंगफली तेल 17826.95 रुपए, सूरजमुखी तेल 15266.61 रुपए, सोया रिफाइंड 13764.98 रुपए, पाम ऑयल 122237.96 रुपए और वनस्पति तेल 14473.13 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# यूपी के ढाई लाख घरों में बायोगैस यूनिटें लगाएगी सरकार

लखनऊ, वार्ता

■ रसोई का खर्च घटेगा पर्यावरण संरक्षण को भी मिलेगा बढ़ावा

उत्तर प्रदेश में ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना शुरू की जा रही है, जिससे न सिर्फ ग्रामीणों की रसोई का खर्च घटेगा, बल्कि जैविक खाद उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना से किसानों और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि योजना के पहले चरण को लागू करने के लिए अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और गोंडा जिलों का चयन किया गया है। इन चारों जिलों में कुल 2,250 घरेलू बायोगैस यूनिटें स्थापित की जाएंगी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है और इन जिलों में सफलता के बाद अगले चार वर्षों में इसे लगभग 2-5 लाख घरों तक विस्तारित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रत्एक बायोगैस संयंत्र की कुल लागत 39,300 रुपए है। प्रक्रिया के अंतर्गत बायोगैस यूनिट की स्थापना के लिए किसानों को केवल 3,990 रुपए ही अंशदान देना होगा। इस योजना को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से औपचारिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार यह पहल ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### रुपए में गिरावट जारी, 3.25 पैसे टूटा

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग आने से अमेरिकी मुद्रा की तुलना में बुधवार को रुपया 3.25 पैसे टूट गया। कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 86.4125 रुपए का बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार छठे कारोबार दिवस पर कमजोर हुई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुसंधान विश्लेषक रिया सिंह ने बताया कि रुपया 86.50 रुपए प्रति डॉलर की तरफ बढ़ रहा है जो चार सप्ताह का निचला स्तर है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में हो रही देरी से बाजार में निवेशक आशंकित हैं। विशेषकर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद उनकी चिंता और बढ़ गई है जिसमें उन्होंने ब्रिक्स देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। रुपया आज 8.50 पैसे की गिरावट में 86.4650 रुपए प्रति डॉलर पर खुला।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता व ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें अधिकारी: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्तियों के रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का कामकाज में इस्तेमाल करने को कहा है।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल समाधानों का एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति से अवगत रहना और उन्हें ने कामकाज में लाना उनका कर्तव्य है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्ति रिकॉर्ड रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि ए शासन का हिस्सा बन रही हैं।ह उन्होंने अधिकारियों से बुनियादी ढाँचे के विकास में पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाने, अपव्यय को कम करने और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी। सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में, युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा अवसंरचना के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एमईएस 'आत्मनिर्भर भारत[ के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया[ पहल के तहत स्वदेशी सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बिहार के ग्राम मुखिया की हत्या का शूटर दिल्ली से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिहार में एक ग्राम मुखिया की हत्या के मामले में शामिल शूटर राहुल सिंह राजपूत को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया हुआ था। वह एक खूंखार अपराधी है जो हत्या, जबरन वसूली, हत्या के प्रयास, डकैती, एनडीपीएस अधिनियम, यूपी गैंगस्टर अधिनियम, शस्त्र अधिनियम आदि के ३१ अन्य मामलों में शामिल है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल ३० नवम्बर को,मुखिया (सरपंच) पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे दो समूहों के बीच पुरानी रंजिश के चलते संजय सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। थाना माली, औरंगाबाद, बिहार में हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज करके सात लोगों को गिरफ्तार किया था लेकिन, मुख्य शूटर राहुल सिंह राजपूत पकड़ से बाहर था। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।

बीते मंगलवार को थाना माली, औरंगाबाद, बिहार की एक टीम ने आकर अपराध शाखा से संपर्क किया। एसीपी नरेन्द्र सिंह बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हेड कांस्टेबल राज आर्यन की पुख्ता जानकारी के बाद केशवपुरम इलाके में छापेमारी करके राहुल सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह जौनपुर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। जब वह १२वीं कक्षा में था जब उस पर एक नाबालिग के रूप में अपने पहले अपराध के लिए मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी और अपने पिता के साथ जमशेदपुर जाने की कोशिश की, लेकिन जिंदगी से जुड़ी उसकी महत्वाकांक्षाओं के चलते बात नहीं बनी। वह एनडीपीएस पदार्थों की सप्लाई चेन में शामिल हो गया और इसी सिलसिले में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उसने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और व्यापारियों/बिल्डरों आदि से जबरन वसूली करने लगा। वह किसी की हत्या करने या गोली चलाने से पहले दो बार नहीं सोचता था। जबरन वसूली के जरिए आसानी से मिलने वाले पैसों ने उसे कई हत्याओं, हत्या के प्रयासों, आर्म्स एक्ट आदि में शामिल कर दिया। नतीजतन, उस पर यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत तीन बार मामला दर्ज किया गया।

## प्रदूषण नियंत्रण को इनोवेशन चैलेंज शुरू

**नई दिल्ली।** वाहनों से होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए एक बड़े कदम के रूप में, दिल्ली सरकार ने उम्र पूरी कर चुके वाहन और बीएस4 भारी वाहनों को लक्षित करते हुए एक इनोवेशन चैलेंज शुरू किया है। यह चौलेंज बीएस4 वाहनों, खासकर भारी वाहनों, को बीएस6 में बदलने के लिए अभिनव समाधान आमंत्रित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य उत्सर्जन में कमी और टिकाऊ तकनीकी को एकीकरण पर है। इस अभियान में प्रारंभिक आवेदन का मूल्यांकन योग्यता के आधार पर किया जाएगाचयनित वैज्ञानिक प्रस्तावों को 5 लाख रुपये और परीक्षण के लिए सहायता मिलेगी राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) द्वारा अंतिम मूल्यांकन, विजेताओं को ५०-५० लाख रुपये मिलेंगे।

# निगम ने मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर 44 नोटिस जारी किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम मच्छर जनित बीमारियों को रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर प्रयास कर रहा है। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में दिल्ली नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग ने आईटीओ के निकट २६६ सरकारी दफ्तरों में मच्छरों के प्रजनन की जांच हेतु विशेष जांच अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान ५० जगहों पर मच्छरों का प्रजनन पाया गया जिसे स्थल पर ही नष्ट किया गया। दिल्ली नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने विशेष जांच अभियान के दौरान ५१३९ पानी के पात्रों की जांच की जिसमें से ११० पात्रों में एडीज मच्छर पाया गया। दिल्ली नगर निगम ने परिसरों में मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर ३४ अभियोजन दायर किए एवं ४४ नोटिस भी जारी किए। दिल्ली नगर निगम ने आईटीओ के निकट स्थित दफ्तरों में मच्छरों के प्रजनन की जांच हेतु चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत ई.एस.आई. भवन आई.टी.ओ., सी बी एस ई भवन डीडीयू मार्ग, संस्कृत भारती भवन डीडीयू मार्ग, सी आर बिल्डिंग आईटीओ,विकास भवन आईटीओ, आई.टी.पी.ओ. इत्यादि सरकारी परिसरों के विरुद्ध अभियोजन दायर किए। इसके साथ ही हिन्दी भवन डीडीयू मार्ग,लोक कल्याण समिति,डिस्ट्रिक्ट कोर्ट राउस एवेन्यू,प्रसार भारती, पी डब्ल्यू डी भवन आईटीओ, एजीसीआर आईटीओ,दयाल सिंह पुस्तकालय इत्यादि परिसरों के विरुद्ध मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर नोटिस जारी किए गए। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि सभी सरकारी दफ्तरों से अनुरोध किया जाता है कि वो सभी अपने कार्यालयों में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करें। महापौर ने कहा कि नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्यालय में कहीं भी जैसे पानी की टंकियों,कबाड़,खराब वाहनों,गमलों, कूलरों इत्यादि में पानी इकट्ठा न हो और छत पर रखी पानी की टंकियां भी ढकी हुई होनी चाहिए।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला कार्यालय 1 विज्ञान लोक दिल्ली 110092 द्वारा संयुक्त रूप से भाजपा शाहदरा जिला, आर्य समाज, लॉयंस क्लब द्वारा आयोजित मोतियाबिंद ऑपरेशन व निःशुल्क नेत्र जॉच, रक्तचाप और मधुमेह जाँच एवं चश्मा वितरण किया गया।

इस अवसर पर भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने प्रसिद्ध क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की 119वीं जयंती के पावन अवसर पर नेत्र जाँच, रक्तचाप और मधुमेह जाँच शिविर आयोजित कर चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दीपक मदनलाल गाबा ने कहा नियमित स्वास्थ्य जाँच से स्वास्थ्य समस्याओं के किसी भी शुरुआती लक्षण का पता लगाया जा सकता है। समस्याओं का जल्द पता चलने का मतलब है कि आपके प्रभावी उपचार की संभावना बढ़ जाती है। आपकी आयु, स्वास्थ्य, पारिवारिक इतिहास और जीवनशैली जैसे कई कारक इस बात पर प्रभाव डालते हैं कि आपको कितनी बार जाँच की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, महामंत्री रोमेश गुप्ता व गीता शर्मा, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता एडवोकेट भारत गौड़, उपाध्यक्ष रजत रस्तोगी, मंत्री अशोक आहूजा, उर्मिला राजोरा,डिंपल खन्ना, पूनम अरोड़ा,मोर्चा अध्यक्ष विपिन जैन, आर्य समाज के आदिश्वर जैन व सुभाष ढींगरा, अरविंद गुप्ता लॉयंस क्लब से आर के विरमानी आदि उपस्थित थे।

नेत्र जाँच शिविर में वेणु नेत्र अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक डॉ जागेश्वरी, डॉ सुचेता मुस्कान और डॉ अंकुर कुमार की टीम ने 150 से ज़्यादा मरीज़ों की आँखों, मधुमेह एवं रक्तचाप जाँच की, दवाई और चश्में वितरित किए गए साथ ही 12 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन निकट भविष्य में किया जाएगा।



भाजपा शाहदरा जिला, आर्य समाज, लॉयंस क्लब द्वारा आयोजित मोतियाबिंद ऑपरेशन व निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में नेत्र जांच करवाते लोग।

## एक नजर

### ग्रेनेड से हमला करने के मामले में कुख्यात गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के लाल किला सिंह बटाला थाने पर ग्रेनेड से हमला करने और दिल्ली में बदमाशों को अवैध हथियार आपूर्ति करने के मामले में वांछित कुख्यात आकाशदीप को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। वह बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ है। इसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। इससे पूछताछ कर सेल इसके नेटवर्क और अन्य सदस्यों के बारे में पता लगाने की कोशिश करेगी।

### वयस्कों में पोषण की कमी गंभीर समस्या

**नई दिल्ली।** टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स ने शेल्कल ® टोटल के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक वैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया वयस्कों के लिए न्यूट्रिशन सप्लीमेंट पाउडर है, जो कंपनी के प्रमुख ब्रांड शेल्कल ® की तेजी से बढ़ते न्यूट्रिशन सेगमेंट में आगे बढ़ रहा है। टॉरेंट फार्मा के चीफ कमर्शियल ऑफिसर (इंडिया बिजनेस), अमल केलशिकर ने कहा बदलती जीवनशैली, खराब खानपान की आदतों और बढ़ते तनाव के कारण भारत में पोषण की कमी लगातार बढ़ रही है। ये सभी, हर उम्र के लोगों में जरूरी पोषण तत्वों की कमी का कारण बन रहे हैं। जैसे-जैसे लोगों में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता और वयस्कों की संतुलित पोषण की जरूरतें बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे भरोसेमंद और सुविधाजनक समाधान की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। न्यूट्रिशनिस्ट नमामी अग्रवाल का कहना है कि, पिछले कुछ वर्षों में मैंने यह देखा है कि ज़्यादातर भारतीय वयस्कों, खासकर 30 साल की उम्र के बाद, को केवल एक या दो पोषक तत्वों की कमी नहीं होती, बल्कि इन आपस में जुड़ी कमियों का असर हड्डियों की मजबूती, मांसपेशियों की ताकत और जोड़ों की गतिशीलता पर पड़ता है।

### आर्य प्रतिभा छात्रवृत्ति में 14 राज्यों से आए छात्रों ने भाग लिया

**नई दिल्ली।** भारत की एकमात्र समावेशी छात्रवृत्ति योजना, सिविल सेवा के आकांक्षी छात्रों के लिए आर्य प्रतिभा छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के १४ राज्यों से 198 महत्वाकांक्षी छात्रों ने भाग लिया। आर्य समाज के निरीक्षण में दयानंद सेवाश्रम संघ द्वारा स्थापित आर्य प्रतिभा विकास संस्थान की यह अनोखी पहल देश की एकमात्र ऐसी योजना है, जो सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को आवास, कोचिंग, मेंटरशिप और भोजन जैसी संपूर्ण सुविधाएँ निःशुल्क प्रदान करती है। इस वर्ष के प्रतिभागी दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर जैसे विविध क्षेत्रों से आए थे, जो इस पहल की व्यापक पहुँच और समावेशिता को दर्शाता है। इस पहल की प्रभावशीलता पर दयानंद सेवाश्रम संघ के अध्यक्ष एस. के. आर्य ने कहा,आर्य समाज में हमारा विश्वास है कि सच्चा राष्ट्र निर्माण युवाओं को सशक्त करने से शुरू होता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी प्रतिभा परिस्थितियों की भेंट न चढ़े और हर छात्र बड़ा सपना देखे व देश सेवा की दिशा में पूरी लगन से काम करे।

# स्वच्छ दिल्ली को लेकर एनसीसी कैडेट ने मौन मार्च निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम दक्षिणी जोन ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के साथ मिलकर खतरनाक अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मौन मार्च (साइलेंट मार्च)' का आयोजन किया।

एनसीसी कैडेटों द्वारा सफदरजंग एन्क्लेव से आर.के. पुरम तक की गई मार्च का नेतृत्व दिल्ली नगर निगम दक्षिणी जोन के उपायुक्त दिलखुश मीणा और एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल ज्ञानेश लांबा ने किया। इस अवसर पर माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने एनसीसी को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि, स्वच्छ दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली केवल एक सपना नहीं बल्कि हम सभी की साझा जिम्मेदारी है, जिसे हमें मिलकर पूरा करना है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को घरेलू खतरनाक अपशिष्ट के अनुचित प्रबंधन और निपटान के कारण सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी जोखिमों के प्रति जागरूक करना है।

एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल ज्ञानेश लांबा ने एनसीसी कैडेटों की अनुशासित भागीदारी का मार्गदर्शन किया और नागरिक उत्तरदायित्व तथा युवाओं के नेतृत्व में बदलाव के संदेश को और सुदृढ़ किया।

इस अवसर पर बोलते हुए दिलखुश मीणा ने कहा, ष्जब शब्द कम पड़ जाएँ, तो काम बोलते हैं। यह 'मौन मार्चष केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं है-यह हमारे शहर को साफ रखने वालों की रक्षा का एक वादा है।

यह मौन मार्च इन सफाई कर्मचारियों के प्रति एक सम्मान है और प्रत्येक नागरिक से कचरे को स्रोत पर ही जिम्मेदारी से अलग करने का आह्वान है।

## वारदात की सैंचुरी बनाने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और मुम्बई में वारदात की सैंचुरी बनाने वाले जहांगीरपुरी के बदमाश नजीर उर्फ सिकंदर को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। वह जहांगीरपुरी का घोषित बदमाश भी है। नजीर उर्फ सिकंदर नाम से मुंबई में 11 चोरियाँ कीं। आरोपी चोरी और आर्म्स एक्ट के पांच मामलों में भगोड़ा घोषित है। गिरफ्तारी से बचने के लिए बंद घरों/फ्लैटों में अकेले काम करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी गिरिश कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर अजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को जहांगीरपुरी इलाके में घेराबंदी करके गिरफ्तार किया।

# सीएम अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली का करेंगी शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली (एचआईएमएस) का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री इसके अलावा ऑनलाइन ३४ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, ८ जन औषधि केंद्रों का उद्घाटन भी करेंगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह करेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से विकसित नेक्स्टजेन हॉस्पिटल इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण होगी। इस प्रणाली में २० डिजिटल मॉड्यूल शामिल होंगे। इस सिस्टम के लिए प्रशिक्षण दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में पहले ही पूरा हो चुका है, जबकि अन्य चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, अब तक ९३ लाख से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) आईडी पहले ही बनाई जा चुकी हैं, जो दिल्ली के नागरिकों के लिए एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड्स की आधारशिला रखेगी।





स्वच्छ दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली को लेकर एनसीसी कैडेटों द्वार मौन जुलूस निकाला गया जिसका नेतृत्व दक्षिणी जोन के उपायुक्त दिलखुश मीणा और एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल ज्ञानेश लांबा ने किया।

# लूडो के खेल में मनवाया लोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नीरू पुरी के लिए लूडो कभी सिर्फ एक खेल नहीं रहा। यह उनके बचपन की यादों से जुड़ा एक रिश्ता है, एक ऐसा खेल जो मजे और मन की एकाग्रता का हिस्सा था, और अब उनके लिए एक इनामों भरी यात्रा बन चुका है। दिल्ली के ड्राइंग रूम में मां के साथ बिताए गए शांत दोपहरों में शुरू हुआ यह सफर, आज कहीं ज्यादा बड़ा रूप ले चुका है। आज नीरू रश पर एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और सिर्फ एक नहीं, बल्कि दो बड़े इनामों की गर्वित विजेता: एक नया एयर कंडीशनर और एक बाइक। उनकी सफलता किसी किस्मत या तुक्केबाजी का नतीजा नहीं, बल्कि लगातार मेहनत, तेज रणनीति और मजबूत मानसिकता का फल है। मुझे याद है जब मैं बचपन में मां के साथ लूडो खेला करती थी,ष् नीरू मुस्कुराते हुए बताती हैं। ष्वो दोपहरें मेरी सबसे प्यारी यादों में से हैं। उन्होंने मुझे धैर्य रखना, ध्यान से खेलना और हर पल का आनंद लेना सिखाया। मुझे लगता है, वही आदतें आज भी मेरे साथ हैं। नीरू को सबसे पहले जो चीज पसंद आई, वह था रश का यूजर इंटरफेस। जहां बाकी ऐप्स अक्सर भारी-भरकम या उलझे हुए लगते थे, वहीं रश ने उन्हें एक स्मूद और इमर्सिव अनुभव दिया। लेआउट से लेकर गेमप्ले की स्पीड तक, सब कुछ प्रोफेशनल और पॉलिश्ड महसूस हुआ। मैंने इन सालों में बहुत सारे प्लेटफॉर्म्स ट्राय किए हैं, लेकिन रश में एक ऐसी सादगी है जो आपको उस चीज पर फोकस करने देती है जो सबसे जरूरी है।

## खतरे के निशान पर पहुंचा यमुना का जलस्तर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुराने लोहा पुल के पास यमुना का जलस्तर चेतावनी स्तर के करीब पहुंच गया है। यमुना का जलस्तर २०५ मीटर के चेतावनी स्तर के मुकाबले २०४.१ मीटर पर है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की तैयारी की जा रही है क्योंकि जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।


AMBIT Finvest — Pragati ke partner | AMBIT

**एंबिट फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड**

CIN: U65999MH2006PTC163257

रजि. कार्यालय: एंबिट हाउस, 449, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि शाखा कार्यालय निम्न पते पर स्थित है-

नं. 4, तृतीय तल, शंकर विहार, विकास मार्ग, दिल्ली - 110092

**26 अक्टूबर 2025 से बंद कर दिया जायेगा।**

भविष्य के सभी पत्राचार कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय को भेजे जाने चाहिए। हमसे इस प्रकार संपर्क करें:

**एंबिट फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड**

प्लॉट नं. 1, दूसरी मंजिल, डीएलएफ औद्योगिक क्षेत्र, मोती नगर, नई दिल्ली - 110015

Email ID: customercare@ambit.co संपर्क नं. +91 91159 98000

स्थान: रोहतक | दिनांक: 24.07.2025

हस्ताक्षर/- एंबिट फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से


# भव्य रूप से मना 'झारखंड महोत्सव'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वाईएमसीए सभागार (जय सिंह रोड) में 'झारखंड महोत्सव 2025' का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। यह आयोजन झारखंड की गौरवशाली संस्कृति, समृद्ध लोककला, नृत्य, संगीत और सामाजिक एकता को समर्पित था, जिसमें देशभर से झारखंडी प्रवासी समुदाय ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महोत्सव के दौरान पारंपरिक लोकनृत्य, संगीत, नाट्य कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में रह रहे झारखंडी मूल के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी सहयोग, पहचान और विरासत को मजबूत करना था। इस अवसर पर झारखंड से जुड़े देशभर के प्रतिष्ठित लोगखराजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, वकील, कलाकार, शिक्षक, व्यापारी, युवा उद्यमी, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ताखएक साथ पहली बार दिल्ली में एक मंच पर दिखाई दिए। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, सांसद सुखदेव भगत, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू, भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, दिल्ली के पूर्व मेयर बिपिन बिहारी, CVC डायरेक्टर सीताराम यादव, दिल्ली के जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, आसिफ अली खान, कृषि मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. आतिश कुमार, डीआईजी, इंडियन कोस्ट गार्ड, कुमार चंदन सिंह, ब्रिगेडियर, जय प्रकाश सिंह, डॉक्टर के. के. पोद्दार, ट्रेड यूनियन लीडर आनंद साहू और कई अन्य विशिष्टजन शामिल थे।

## परिवार को बिना बताएं निकला था कावंड लेने, परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता दो किशोर को उनके परिवार वालों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १२ जुलाई को डाबड़ी से एक दस साल का किशोर घर के बाहर से लापता हो गया था। एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोर के माता-पिता, रिश्तेदारों और दोस्तों सहित विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र की। मैनुअल इनपुट के आधार पर, किशोर को डाबड़ी इलाके से तलाशकर परिजनों को सौंप दिया। पूछताछ करने पर पता चला कि लड़का पाँचवीं कक्षा का छात्र है। उसके पिता ओखला में एक निजी कंपनी में काम करते हैं और उसकी माँ एक गृहिणी हैं। उसके पड़ोस के कुछ लड़के कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार (उत्तराखंड) जा रहे थे, और उसने अपने माता-पिता को बताए बिना उनके साथ जाने का फैसला किया।

# नकली कृषि उत्पादों की बढ़ोतरी पर चिंता जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय किसान प्रोग्रे. सिव एसोसिएशन (आरकेपीए) ने देश भर में नकली कृषि उत्पादों के वितरण में जबरदस्त बढ़ोतरी पर चिंता जताई है, जो खाद्य सुरक्षा, किसानों की आजीविका एवं देश की अखंडता के लिए बड़ा खतरा है।

इस संकट को 'अभूतपूर्व पैमाने का और खतरनाक रूप से व्यवस्थित' बताते हुए एसोसिएशन ने चेतावनी दी है अगर इसे जल्द से जल्द हल नहीं किया जाता है, तो नकली उर्वरकों, कीटनाशकों, बीजों एवं कृषि उपकरणों के वितरण से न सिर्फ किसानों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा बल्कि मिट्टी का स्वास्थ्य, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और देश की भीतरी सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। प्रेस सम्मेलन का नेतृत्व श्री धर्मेंद्र मलिक, राष्ट्रीय प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन (गैर-राजनीतिक) और श्री बिनोद आनंद, अध्यक्ष, आरके. पीए ने किया, जिन्होंने नीति सुधार और जागरूकता फैलाने के लिए सक्रिय रूप से काम किया। भारत में नकली उत्पादों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है, बड़ी बात यह है कि यह नेटवर्क व्यवस्थित है, जिसे विनियामक खामियों, कमजोर नियमों और मौसमी इनपुट की कमी से फायदा मिल रहा है। ये सिंडीकेट रबी एवं खरीफ सीजन से पहले बड़ी मात्रा में नकली कृषि उत्पाद और जाली पैकेजिंग तैयार करते हैं और ग्रामीण बाजारों को नकली माल से भर देते हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

011-41509401-2

फैक्स: 011-41509403

मुख्यालय मोबाइल 9720007290

R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान

अध्यक्षः भाईचारा समिति दिल्लीप्रदेश 9810024415

# नमो भारत कॉरिडोर पर वर्षा जल संचयन की दिशा में बड़ा कदम, 900 पिट्स तैयार

**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर पर पर्यावरणीय सततता को ध्यान में रखते हुए वर्षा जल संचयन के लिए बड़ी पहल की है। दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक लगभग 900 रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से 800 से अधिक पिट्स तैयार होकर सक्रिय हो चुके हैं। यह पिट्स एलिवेटेड वायाडक्ट खंड, स्टेशनों, प्रवेश द्वारों और डिपो क्षेत्रों में विकसित किए गए हैं। 70 किमी लंबे एलिवेटेड



हिस्से में वायाडक्ट के नीचे सड़क डिवाइडर में वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं, वहीं स्टेशनों पर प्रत्येक गेट पर दो-दो पिट्स स्थापित किए गए हैं। वायाडक्ट के स्पैन के नीचे पिलर्स के पास दो चौंबर्स और एक मुख्य पिट बनाकर वर्षा जल को पाइपों के जरिए भू-गर्भ तक पहुंचाया जा रहा है।

प्रत्येक पिट में तीन परतों वाला फिल्टर सिस्टम (रोड़ी, बालू) लगाया गया है जिससे केवल साफ पानी ही जमीन में समा सके। दुहाई स्थित डिपो में 20 पिट्स के साथ दो बड़े वर्षा जल संचयन तालाब भी बनाए गए हैं जिनकी कुल क्षमता 66 लाख लीटर है। अत्यधिक वर्षा की स्थिति में अतिरिक्त जल इन तालाबों में संग्रहित होता है और फिर भूमि में रिसता है। यही जल डिपो में पौधों की सिंचाई के लिए भी उपयोग किया जाएगा। वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ स्टेशन तक 55 किमी कॉरिडोर जनता के लिए खुला है। बाकी खंडों पर कार्य जारी है। वर्षा जल संचयन की यह पहल एनसीआरटीसी की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

## कब्र से निकाला गया शव, पोस्टमार्टम से खुलेगा राज

**गाजियाबाद।** डासना इलाके में रहने वाले मोहम्मद अली की रहस्यमयी मौत का मामला अब गंभीर मोड़ ले चुका है। 9 जून को अली की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी, जिसे प्रारंभ में सामान्य मौत मानते हुए परिवार ने दफना दिया। लेकिन कुछ समय बाद मृतक के परिजनों ने इस मौत को स्वाभाविक न मानते हुए हत्या और कुकर्म की आशंका जताई। अली के रिश्तेदार गुफरान अली पुत्र फुरकान अली की ओर से पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। परिजनों का आरोप है कि अली की मौत प्राकृतिक नहीं थी बल्कि सुनियोजित साजिश के तहत उसकी हत्या की गई और उसके साथ अमानवीय कृत्य भी हुआ।

चूंकि अली के पिता नेत्रहीन हैं, इसलिए वह शुरू में कोई कानूनी कदम नहीं उठा सके। लेकिन बाद में परिवार ने न्याय की मांग को लेकर लगातार प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया और दबाव बनाया। 22 जुलाई को डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी के निर्देश पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डासना के मखदूम शाह कब्रिस्तान में अली की कब्र को विधिक प्रक्रिया के तहत खोला। इस दौरान एसीपी प्रिया श्रीपाल, थाना प्रभारी वेव सिटी, सीएचसी डासना के डॉ. अभिषेक पाल, एक वीडियोग्राफर और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। मौके पर सुरक्षा और साक्ष्य संरक्षण की पूरी व्यवस्था की गई। कब्र से निकाले गए शव को गाजियाबाद की मोर्चरी भेजा गया, जहां अब मेडिकल टीम द्वारा वैज्ञानिक तरीके से पोस्टमार्टम किया जाएगा।

जांच के बाद ही अली की मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। हापुड़ एसपी और गाजियाबाद जिलाधिकारी के आदेश पर हुई इस कार्रवाई से उम्मीद जगी है कि अब सच्चाई सामने आएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा और यदि हत्या या कुकर्म की पुष्टि होती है, तो दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। परिवार की ओर से न्याय की जो गुहार लगाई गई थी, उस पर प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जो इस रहस्यमयी मौत की गुत्थी सुलझाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## डेढ़ महीने बाद भी शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को नहीं मिला समर कैंप का वेतन

**गाजियाबाद।** जिले के शिक्षामित्र और अनुदेशक समर कैंप का वेतन मिलने का इंतजार कर रहे हैं। समर कैंप समाप्त होने के डेढ़ महीने बाद भी उनका मानदेय अब तक नहीं मिल सका है। इससे शिक्षामित्रों में आक्रोश व्याप्त है। बीएसए ने कैंप समाप्त होते ही वेतन देने की बात कही थी, मगर बार-बार अनुरोध के बाद भी वेतन जारी नहीं किया गया है। जिले के 194 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट स्कूलों में कक्षा छह से लेकर आठ तक के विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया था। कैंप में प्रत्येक स्कूल में एक-एक शिक्षामित्र और एक-एक अनुदेशक की ड्यूटी लगाई गई थी।

## युवक पर हमला, मारपीट कर अज्ञात हमलावर फरार

■ **घायल अवस्था में उन्होंने कुछ हमलावरों को पहचान. ने का दावा किया है, जिनमें नाजिम, सरताज और वसीम नामक व्यक्ति शामिल हैं**

**गाजियाबाद।** लोनी के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां पाबी गांव से अपने घर लौट रहे युवक पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया।

यह घटना उस समय हुई जब मोहम्मद तालिब पुत्र मोहम्मद हसीन, निवासी राहुल बिहार, खन्ना नगर, रात करीब 9:00 बजे जगमोहन हॉस्पिटल के पास से गुजर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटनास्थल के पास स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर ऑफिस के बाहर कुछ लोग आपस में झगड़ रहे थे।

जैसे ही मोहम्मद तालिब वहां से गुजरे, तभी अचानक उन लोगों ने उन्हें घेर लिया और बिना किसी कारण के लाठी-डंडों और हथियारों से लैस होकर उन पर टूट पड़े। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल तालिब ने बताया कि हमलावरों के हाथ में तमंचे और पिस्टल थे और हमला बेहद बेरहमी से किया गया।

घायल अवस्था में उन्होंने कुछ हमलावरों को पहचानने का दावा किया है, जिनमें नाजिम, सरताज और वसीम नामक व्यक्ति शामिल हैं। बताया गया है कि इन तीनों का प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस भी उसी स्थान पर स्थित है। इनके साथ करीब चार अन्य अज्ञात लोग भी मौजूद थे, जिन्हें घायल पहचान नहीं सका। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल की सहायता करते हुए परिजनों को सूचना दी और परिजन मौके पर पहुंचकर घायल को घर लेकर आए।

पीड़ित द्वारा थाना ट्रॉनिका सिटी में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में पीड़ित ने पुलिस से उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। इलाके में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

### फर्जी दूतावास रैकेट का भंडाफोड़

## एसटीएफ ने आरोपी हर्षवर्धन जैन को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ (नोएडा यूनिट) ने गाजियाबाद के कविनगर क्षेत्र में एक फर्जी दूतावास रैकेट का पर्दाफाश कर हर्षवर्धन जैन नामक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। हर्षवर्धन, पुत्र जे.डी. जैन, केबी-45 कविनगर का निवासी हैं और वह पास के मकान केबी-35 में किराए पर रहकर "वेस्ट आर्कटिक दूतावास" का संचालन कर रहा था। वह खुद को वेस्ट आर्कटिक, पोल्विया, लोडोनिया और साबोर्गा जैसे काल्पनिक देशों का एम्बेसडर या कॉन्सुल बताकर लोगों को भ्रमित करता था। हर्षवर्धन ने डिप्लोमैटिक नंबर



प्लेट वाली गाड़ियां इस्तेमाल कीं और फर्जी पहचान के बल पर लोगों को विदेशों में काम दिलाने का झांसा दिया। वह अपने प्रभावशाली दिखावे के लिए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जैसी हस्तियों के साथ एडिट की गई तस्वीरें लोगों को दिखाता था। जांच में खुलासा हुआ कि वह हवाला रैकेट, शेल कंपनियों के माध्यम से कालेधन को सफेद करने, और दलाली जैसे गैरकानूनी कार्यों में लिप्त था।

जांच में पता चला है कि हर्षवर्धन का संबंध अंतरराष्ट्रीय हथियार डीलर अदनान खगोशी और कुख्यात तांत्रिक चंद्रास्वामी से भी रहा है। इतना ही नहीं, 2011 में उसके पास से अवैध सैटेलाइट फोन भी बरामद हुआ था, जिसके संबंध में कविनगर थाने में पूर्व से मामला दर्ज है। एसटीएफ ने आरोपी के खिलाफ कविनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अधिकारी अब इस रैकेट के अन्य सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की जांच में जुटे हुए हैं। यह कार्रवाई राज्य में सक्रिय फर्जीवाड़ा गैंगों पर बड़ा प्रहार मानी जा रही है।

## भारी बारिश में भी नहीं रुका श्रद्धा का सैलाब

**लोनी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को मेन लोनी तिराहा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मूसलाधार बारिश और भारी जलभराव के बावजूद हजारों शिव भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। हर वर्ष की भांति इस बार भी कांवड़ शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोनी क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों से शिवभक्त कांवड़ लेकर मंदिर पहुंचे। शिव मंदिर में बीते एक सप्ताह से सुबह 7 बजे से 10 बजे तक विशेष पाठ और रुद्राभिषेक का आयोजन चल रहा था। महाशिवरात्रि पर बुधवार सुबह 9 बजे मंदिर समिति की उपस्थिति में भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक किया गया।



मंदिर परिसर "हर हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र और फूलों से भगवान शिव का अभिषेक किया।

पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था में मंदिर समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंदिर के अध्यक्ष राजेश गर्ग, महासचिव अरविंद गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था को संभाला और भक्तों को सुविधा प्रदान की। सुरक्षा और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना कर सके। बारिश की परवाह किए बिना भक्तों की आस्था और उमंग देखते ही बनती थी। जलभराव में भी नंगे पांव, हाथों में कांवड़ लिए, हर उम्र के श्रद्धालु शिवधाम पहुंचे। लोनीवासियों की इस श्रद्धा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची आस्था हर बाधा को पार कर जाती है।

## किसी ने दंडवत, तो किसी ने परिवार की समृद्धि के लिए किया जलाभिषेक

**गाजियाबाद।** श्रावण शिवरात्रि पर किसी कांवड़िए ने दंडवत तो किसी ने परिवार की खुशहाली के लिए भगवान दूधेश्वर नाथ पर जलाभिषेक किया। मंदिर सूत्रों की मानें तो करीब 10 लाख शिवभक्तों ने भोले शंकर पर आस्था का जल चढ़ाया। इसके अलावा कुछ श्रद्धालुओं ने अपने घर के आसपास के मंदिरों में जाकर जलाभिषेक किया। चतुर्दशी का जल बुधवार सुबह चार बजे से चढ़ना शुरू हुआ। इससे पहले कांवड़ियों ने मंगलवार रात 2.29 बजे तक हाजिरी का जल चढ़ा। शिवरात्रि का जल पूरे दिन और देर रात दो बजे तक चढ़ाया गया। प्रात: तीन बजे भगवान दूधेश्वर का भव्य श्रृंगार किया गया। प्राचीन देवी मंदिर द्वारका पुरी दिल्ली गेट के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने धूप व दीप आरती की। भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। सुबह चार बजे से मंदिर भक्तों के लिए खोला गया। जलाभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़ियां दंडवत होकर दरबार तक पहुंचे तो किसी ने घंटों इंतजार के बाद शिवलिंग के दर्शन किए। शिवरात्रि के दिन आठों प्रहर भगवान का रूद्राभिषेक किया गया। मंदिर में उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब आदि राज्यों के कांवड़िए ने भी जलाभिषेक किया। बोल बम और भगवान दूधेश्वर के जयकारों से मंदिर परिसर, जस्सीपुरा मोड़ और जीटी रोड गुंजायमान रहा।

## महाकालेश्वर धाम में कराया गया विशाल भण्डारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** रामेश्वर पार्क स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में कई दिनों से कांवड़ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। और सुबह शाम प्रसाद वितरण किया जा रहा है। शिविर में सैकड़ों शिव भक्त कांवड़ियों के रुकने, खाने पीने जैसी सभी उचित व्यवथा उपलब्ध है। मंदिर के महंत बाबा हरिकिशन मुनि महाराज जी ने बताया कि यहाँ हर वर्ष शिव भक्तों की सेवा के लिए कांवड़ शिविर लगाया जाता है। जिसमे सभी सेवादारों के साथ साथ संबंधित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाते हैं।

इसी कड़ी में कल का भंडारा पुलिस थाना अंकुर विहार की तरफ से आयोजित किया



गया जिसमें भक्तों के लिए सभी तरह के प्रसाद की व्यवस्था थी। कोतवाली प्रभारी अंकुर विहार रविन्द्र कंबोज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि धामा, अंशु पहलवान गौरक्षक, SSI धर्मपाल सिंह, खन्ना नगर चौकी प्रभारी प्रतीक कुमार, दरोगा अंकित कटियार, दरोगा मुकेश कुमार, दरोगा सर्वेश राठौड़, रोहताश जाट, राजीव त्यागी, अमित धामा, विनोद कुमार सचिन बालियान, अशोक कुमार संजय गुर्जर, ओमकार प्रधान, आनंद, राजू, धर्मेंद्र राणा, इनाम, सहित सैकड़ों भक्तों ने कांवड़ियों की सेवा की और देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शिवरात्रि पर शकलपुरा शिव मंदिर में भक्ति की गूंज, विशाल भंडारे का आयोजन

**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोनी क्षेत्र के ग्राम शकलपुरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही कावड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर पहुंचने लगी। कावड़ियों ने सबसे पहले बाबा भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया, तत्पश्चात हवन-पूजन कर शिवशंकर से आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद रूपी भोजन वितरित किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा, जहां श्हर-हर महादेवश और भजन-कीर्तन की गूंज सुनाई देती रही। इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामवासियों, सेवा समितियों एवं कावड़ सेवा संघ के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे शिव मंदिर परिसर को फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और धार्मिक झंडों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। यह आयोजन न केवल आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा और सहयोग की भावना का भी प्रतीक बन गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ते हैं।

## सीएचसी मोदीनगर व पीएचसी भोजपुर ने बेहतरीन तरीके से संभाली स्वास्थ्य सेवाएं

**कांवड़ यात्रा के अंतिम दिन भी कांवड़ियों की सेवा में रहे सजग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** कांवड़ यात्रा के दौरान मोदीनगर क्षेत्र की सम्पूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोदीनगर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भोजपुर के जिम्मे रहती है जिसको इस बार भी दोनो केंद्र की स्वास्थ्य टीम ने बखूबी संभाला व कांवड़ियों की भरपूर सेवा की।

मोदीनगर से प्रतिवर्ष लाखों कांवड़िए गुजरते हैं जिनके स्वास्थ्य की देखभाल की पूर्ण मोदीनगर राज चौपले पर लगने वाले प्रशासनिक कैम्प में




आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य कैम्प पर रहती हैं जिसमे सीएचसी मोदीनगर का पूरा स्टाफ 24 घंटे ड्यूटी देता है।इस वर्ष भी सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश कुमार के नेतृत्व में डॉ राकेश,डॉ सारिका, डॉ विक्रांत व डॉ केपी सिंह ने सहयोगी स्टाफ के साथ मिलकर सारी व्यवस्था को बखूबी संभाला व बुधवार को शिवरात्रि वाले दिन भी पूरे समय कैम्प में मौजूद रहे।पीएचसी प्रभारी डॉ रवि शर्मा भी अपने पूरे स्टाफ के साथ स्वास्थ्य कैम्प में मौजूद रहे।

## शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी आस्था की भीड़

**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में जुटने लगे। शहर के प्रसिद्ध दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक और महापूजा का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं की कतारें मंदिर के बाहर देर रात से ही लग गई थीं, जो अब तक लगातार बढ़ती जा रही हैं। दूधेश्वर नाथ मंदिर की खास बात यह है कि यहां स्वयंभू शिवलिंग स्थापित है, जिसकी वजह से इसकी धार्मिक मान्यता बेहद खास मानी जाती है। मान्यता है कि रावण और उनके पिता भी यहां आकर पूजा करते थे। यही कारण है कि न केवल गाजियाबाद से, बल्कि मेरठ, हापुड़, दिल्ली और अन्य आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। भक्तों ने "हर हर महादेव" और "बोल बम" के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना दिया है। दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी जी ने बताया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि पर विशेष रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पण के कार्यक्रम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्थाएं की हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर में पुलिस और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## लाखों शिवभक्तों के साथ जनप्रतिनिधियों ने भगवान दूधेश्वर पर चढ़ाया जल

**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में बुधवार को बारिश के बाद कांवड़ियों के जोश में कोई कमी नहीं आई। लाखों शिवभक्तों के साथ जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोगों ने मंदिर पहुंचकर भोले शंकर पर जलाभिषेक किया। भारी बारिश के बावजूद शिवभक्तों व कांवडियों में जबरदस्त उत्साह रहा।

कांवड़ियों के अलावा शहर विधायक संजीव शर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व एमएलसी प्रशांत चौधरी, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने भी भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक किया। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग ने सभी भक्तों का स्वागत किया।

श्रावण शिवरात्रि पर बारिश के बाद भी डीजे पर भजनों की धुनों पर शिवभक्त थिरकते रहे। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि मंदिर के 500 से अधिक स्वयंसेवक भी व्यवस्था में सहयोग के लिए तैनात रहे। मंहत नारायण गिरि के नेतृत्व में अभिजीत मुहूर्त 12 बजकर 1 मिनट पर धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। साथ ही जलहरी छह माह के लिए हटा दिया गया। अब जलहरी की पुन: स्थापना 6 माह बाद महाशिवरात्रि पर की जाएगी।

### चेयरमैन के साथ एनसीसी कैडेट्स एवं भोलो ने किया पौधारोपण

## पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** यातायात नियंत्रण एवं आवागमन व्यवस्था में प्रशासन का लगातार सहयोग कर रहे 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के डा के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के एन सी सी कैडेटस ने, मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लै० राजीव कुमार के नेतृत्व में, यातायात नियंत्रण के साथ साथ कांवडियों के साथ पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली, नगर पालिका सभासदगण आदित्य चौधरी, अंकुर चौधरी, ललित मित्तल, एवं मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने कैडेट्स एवं कांवड़ियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और सभी को इस दौरान पौधारोपण कर अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। विदित हो कि कांवड़ यात्रा के दौरान एन सी सी कैडेट्स, पालिका के पूर्व कार्यालय अधीक्षक कुंज बिहारी वशिष्ठ एवं नगर पालिका परिषद के साथ मिलकर गत पाँच वर्षों से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का कार्य कर रहे है ताकि सभी भोले अपने अपने गणतव्य पर



जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करे।

कांवड़ यात्रा के दौरान एन सी सी कैडेटस द्वारा यातायात नियंत्रण एवं कांवडियों को सुरक्षित निकालने में मदद करने के क्रम में कैडेट्स की लगन, निष्ठा, अनुशासन एवं कार्य की समाज के लोगों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा काफी सराहना की जा रही है। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली, मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीन जैनर ने कैडेटस को पर्यावरण संरक्षण करने, सामाजिक बुराईयों को दूर करने में मदद करने एवं अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान लोगों की सुरक्षा के लिए यातायात नियंत्रण एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सहयोग के लिए शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने कैडेट्स के इस कार्य की तारीफ की तथा उन्हें राष्ट्र के भावी नागरिक बताते हुए राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सहयोग की अपील की।एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि 65 एन सी सी कैडिटस शहर में विभिन्न चौराहों एवं कटों पर स्वैच्छिक रूप से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।एन सी सी के इस कार्य के लिए सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी राष्ट्र निर्माण के कार्यों में योगदान देने के लिए आगे आने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर भोलो के साथ साथ डी पी शर्मा, संजय शर्मा, राजेश कुमार, एनएससी कैडिट कार्तिक, लक्ष्य, वंश, प्रिंस दीपांशु, राहुल, शिवा, मोहित, आयुष्मान, अंकित, समीर मालिक, संदीप, यस बैसोया, ध्रुव चौधरी, साजिद आदि का विशेष योगदान रहा।

## रेल यात्रियों के लिए आपातकालीन कोटा के नियम में बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेलवे द्वारा ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने के निर्णय के बाद आपातक. ालीन कोटा के समय में भी बदलाव कर दिया गया है। यात्री को अब इसके लिए कम से कम एक दिन पहले आवेदन करना होगा। रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार रात १२ बजे से दिन में दो बजे के बीच रवाना होने वाली सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के पिछले दिन १२ बजे तक आपातकालीन कोटा सेल तक पहुंच जाना चाहिए। वहीं, दिन में २.०१ बजे से रात ११:५९ बजे के बीच रवाना होने वाली ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के पिछले दिन चार बजे तक आपातकालीन कोटा सेल को मिल जाना चाहिए। रेलवे मंत्रालय ने कुछ दिनों पहले आरक्षण चार्ट बनाने के समय में बदलाव की घोषणा की गई थी। आठ जुलाई से इसे लागू किया गया है।

# पति को नींद की गोलियां खिलाई, फिर चाकू से गोदा

■ सोशल मीडिया पर देखा कैसे करे आसानी से हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में एक महिला को जब उसका पति मनचाहा प्यार नहीं कर सकता तो पत्नी ने उसकी चाकू गोदकर हत्या कर दी। हत्या करने से पहले महिला ने पति को दवाई देकर बेहोश कर दिया था,जिससे पति बच न पाए। हत्या करने के बाद पुलिस से बचने के लिये सबूत तक मिटाने की कोशिश की। हत्या को आत्महत्या देने की कोशिश भी की। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। पुलिस मामले में महिला के चचेरे भाई से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम सवा चार बजे संजय गांधी अस्पताल में आरजेडएच ब्लॉक,निहाल विहार में रहने वाले ३२ साल के मोहम्मद साहिद उर्फ इरफान को उसके भाई जफर हुसैन ने भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मोहम्मद साहिद को मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमार्टम करने पर पता चला कि उसके पेट पर तीन घाव थे। जिसके बारे में जफर ने कुछ नहीं बताया। साहिद की पत्नी से जब मामले में जानकारी लेने की कोशिश की। पत्नी ने बताया कि साहिद ने खुद को चोट पहुंचाई थी। साहिद ने कुछ गोलियां खाने के बाद उल्टी की थी,वह वहीं पर बेहोश हो गया था। पुलिस टीम ने एफएसएल टीम की मदद से घर के कमरे से सबूत इक्ट्ठा किये। लेकिन वहां पर कुछ ऐसा नहीं मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिस तरह के साहिद के शरीर पर लगे थे। वो अपने आप नहीं मारे जा सकते थे। शक होने पर साहिद के भाई से पूछताछ की। पता चला कि साहिद और उसकी पत्नी दोनों बरेली के रहने वाले थे और पिछले काफी समय से दोनों में किसी न किसी बात को लेकर विवाद चलता रहता था। उसे भाभी ने बताया था कि तुम्हारे भाई ने कर्जा नहीं उतारने के कारण अपनी जान दे दी है। भाई ऑनलाईन जुआ खेला करता था,उसके ऊपर हजारों रुपये का कर्जा हो गया था। मामले का पत्नी के अलावा कोई चश्मदीद नहीं था। पुलिस ने शक होने पर साहिद की पत्नी से पूछताछ की,जिसने हत्या करने की बात मानी। पूछताछ करने पर पता चला कि साहिद अपनी पत्नी को शारीरिक रूप से उसको मनचाहा प्यार नहीं दे पाता था। जिसको लेकर आए दिन झगड़ा होता रहता था। यह भी पता चला कि उसकी अपने एक चचेरे भाई से करीबी भी थी। पति को रास्ते से हटाने के लिये उसने इंटरनेट देखा कि नींद की गोलियां खिलाकर कैसे मारा जा सकता है। उसने बाद में यह भी सर्च किया था कि चौट हिस्ट्री को कैसे डिलीट किया जा सकता है। वारदात वाले दिन उसने ऐसा ही किया था। वह बाजार से नींद की गालियां लाई और उसे खिलाकर बेहोश कर दिया। जिसके बाद उसने चाकू से हमला करके उसको मार दिया था।

### पहले भी अपनों ने अपनों के सीने में चाकू गोदकर की है हत्याएं

10 अगस्त 2017: निहाल विहार में राहुल ने अपने ही पिता दिनेश की चाकू गोदकर हत्या की
10 अप्रैल 2021: विजय विहार के बुध विहार फेज-1 में नीलू की उसके पति हरीश ने चाकू गोदकर हत्या की
11 सितम्बर 2023: मौजपुर इलाके में अवैध संबंध का शक होने पर पति साजिद ने पत्नी निशा की चाकू गोदकर हत्या की
5 अप्रैल 2024: निहाल विहार में अजय नामक पति ने अपनी पत्नी टीना और चार साल की बेटी की चाकू गोदकर हत्या के बाद खुदकुशी की
3 जून 2025: जामिया नगर इलाके में नस्बू नामक महिला की हत्या उसी की सौतन अफसरी ने चाकू गोदकर हत्या की

## बाजार में सास-ससुर व बहू का सम्मोहित करने वाला गैंग सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला की स्पेशल स्टॉफ और रनहौला पुलिस ने बाजारों में महिलाओं को ठगने वाले सम्मोहन गिरोह के सास ससुर और बहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों टीमें बाबा मंदिर, नाला रोड, विकास नगर, रनहौला इलको में गश्त पर थी।

उसी वक्त पता चला कि सम्मोहित करने वाला गैंग बाजार में लोगों को ठग रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत इलाके में घेराबंदी की। तीनों को देखकर जब पकडने की कोशिश की। तीनों ने भागने की कोशिश की। तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया। लक्ष्मण अपनी पत्नी और बहू के साथ बाजारों में निकलकर वारदात को अंजाम दिया करता था।

पूछताछ करने पर पता चला कि वे स्थानीय बाजारों में घूमते थे और सोने के गहने पहने महिलाओं को निशाना बनाते थे।

# व्यापारियों के हितों का ध्यान रख रही दिल्ली सरकारः मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उनकी सरकार दिल्ली के कारोबारियों के हितों के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। दिल्ली सरकार व्यापारियों के कारोबार को सुगम बनाने के लिए कुशल इंन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में जुट गई है, ताकि वे राजधानी में सुविधापूर्वक व्यापार कर पाएं। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने और उन्हें भयमुक्त व्यापार करने की दिशा में ही सरकार ने 'दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड' का गठन किया है। दिल्ली सचिवालय मे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से राजधानी के व्यापारिक संगठन भारतीय उद्योग मंडल के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की थी।

व्यापारियों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि उनकी सरकार दिल्ली के कारोबा. री चरित्र को यथावत तो रखेगी ही साथ ही उनको उचित सुविधाएं देने के लिए भी कई योजनाओं पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाजारों को अन्यत्र शिफ्ट करने की कोई योजना नहीं है। हम चाहते हैं कि दिल्ली का कारोबार खूब फले-फूले, उससे दिल्ली का रेवेन्यू बढ़ेगा जो दिल्ली के विकास में काम आएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि पुरानी दिल्ली के बाजारों के विकास को लेकर हमारी सरकार ब्लू प्रिंट तैयार करने में जुट गई है। हम यहां के बाजारों का पुनर्विकास करने की योजना पर काम कर रहे हैं। दिल्ली सरकार चाहती है कि पुरानी दिल्ली में दुकानें, छोटे गोदाम और ऑफिस यहीं पर रहे। उनके सामान के स्टोरेज के लिए दिल्ली के बाहरी इलाकों में वेयरहाउस व बड़े गोदाम बनाए जाएंगे।



दिल्ली सचिवालय मे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राजधानी के व्यापारिक संगठन भारतीय उद्योग मंडल के प्रतिनिधियों ने मुलाकात करते हुए।

# मिंटो ब्रिज अंडरपास में नहीं हुआ जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस बार मिंटो ब्रिज के नीचे जलभराव नहीं हुआ। जो मिंटो ब्रिज अंडरपास दिल्ली में जलभराव की समस्या का प्रतीक रहा है, जहां बारिश के दिनों में बसें तक डूब जाया करती थी। वहां आज बारिश के बीच वाहन दौड़ रहे हैं। मिंटो ब्रिज अंडरपास की तो ताजा तस्वीरें सामने आई हैं उसमें ये सब दिख रहा है।

बीते दिनों दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने मिंटो ब्रिज अंडरपास का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जिसमें बारिश के बाद अंडरपास से गुजरते यातायात को दिखा गया था। सीएम ने तब सोशल मीडिया पर लिखा था, मिंटो ब्रिज में अब जलभराव नहीं हो रहा है। सरकार ने लगातार छोटी-छोटी कड़ियों को जोडा, व्यवस्थाओं को सुधारा और आज परिणाम सबके सामने है। जब नीयत साफ हो और प्रयास निरंतर हों, तो वर्षों पुरानी समस्याओं का भी स्थायी समाधान संभव है। अब दिल्ली के अन्य स्थलों को भी चिन्हित कर स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा का मिलन हुआ : डॉ. किशोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पावन सावन शिवरात्रि के शुभ अवसर पर ऐतिहासिक छतरपुर मंदिर में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहाँ हजारों कांवड़ यात्री हरिद्वार एवं अन्य तीर्थ स्थलों से लाए गए पवित्र गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे थे। मंदिर ट्रस्ट के निर्देशन और उत्तम प्रबंधों के अंतर्गत, प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। पूरे मंदिर को सुंदर पुष्पों, दीपों और केसरिया ध्वजों से सजाया गया था, जिससे शिवलिंग पर जल अर्पण की यह पावन प्रक्रिया एक अत्यंत दिव्य अनुभव में परिवर्तित हो गई।

छतरपुर मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किशोर चावला ने सभी स्वयंसेवकों, सुरक्षा बलों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, छतरपुर मंदिर सदैव भक्ति और आध्यात्मिक एकता का केंद्र रहा है। आज कांवड़ यात्रियों द्वारा किया गया जलाभिषेक उस अटूट आस्था का प्रतीक है। मैं दिल्ली पुलिस, नगर प्रशासन और हमारी समर्पित टीम का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने प्रत्येक श्रद्धालु के लिए यह अनुभव सुरक्षित, सुगम और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाया।

## जानलेवा हमला करने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर इलाके में हुए दंगे, शारीरिक हमले और संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के मामले में वांछित सुमित नामक बदमाश को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी एक प्रमुख संदिग्ध था जिसने शिकायतकर्ता के स्टोर को नुकसान पहुँचाया था। २४ जून को वारदात के बाद से गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना पता और ठिकाना बदल रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी नरेन्द्र सिंह बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आजादपुर मंडी के पास से गिरफ्तार किया।

# बारिश का पानी जमा करने को नमो भारत कॉरिडोर पर बनाए गए 900 पिट्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली- मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर वर्षा जल संचयन में भी अहम भूमिका निभाएगा। दिल्ली में सराय काले खां से मेरठ में मोदीपुरम तक करीब ९०० वर्षा जल संचयन संरचनाओं या रिचार्ज पिटस के प्रभावी तंत्र का निर्माण किया गया है।

यह पिट्स कॉरिडोर के एलिवेटेड हिस्से में वायाडक्ट स्पैन के नीचे सड़क डिवाइडर वाले भाग में बनाए गए हैं। वहीं स्टेशनों के प्रत्येक प्रवेश-निकास द्वारों पर दो दो वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए जा रहे हैं। वर्षाजल का कैचमेंट वायाडक्ट और स्टेशन की छत पर किया जा रहा है।

स्टेशनों में बनाए गए प्रत्येक पिट का व्यास दो मीटर और गहराई २.५ मीटर है। प्रत्येक पिट में करीब ६५०० लीटर वर्षा जल एकत्रित करने की क्षमता है। वहीं वायडक्ट के नीचे बनाए गए पिट्स की लंबाई-चौड़ाई २.९ बाई १.५ मीटर, गहराई १.५ मीटर है और प्रत्येक पिट में लगभग ८७०० लीटर वर्षा जल एकत्रित करने की क्षमता है। योजना के तहत वायाडक्ट के नीचे स्पैन के अंत. राल पर एक वर्षा जल संचयन पिट बनाया जा रहा है। स्पैन के नीचे पिलर्स के पास जमीन में आमने-सामने दो छोटे वाटर चौंबर बनाए गए हैं, जो पाइपों के जरिये ऊपर वायाडक्ट से जुड़े हैं। इन दोनों चौंबरों के बीच में एक वर्षा जल संचयन पिट बनाया गया है। इन दोनों चौंबरों को पाइपों के जरिये पिट से जोड़ा गया है।

वर्षा के दौरान वायाडक्ट से वर्षा जल पाइपों की मदद से पहले इन दो चैंबर में आएगा और फिर पिट्स के रास्ते भूमि में समा जाएगा। इन पिट्स में वर्षा जल को साफ करने के लिए रोड़ी और बालू के तीन परत वाले फिल्टर भी बनाए जा रहे हैं, ताकि जमीन के भीतर गंदगी मुक्त जल ही पहुंचे।

## साउथ दिल्ली में बिजली किल्लत को लेकर तैयार किया मास्टर प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दक्षिण दिल्ली के लोगों को बिजली कटौती से राहत देने के लिए मास्टर प्लान बनाया है। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड ने मेहरौली में २२० केवी सब-स्टेशन को करीब १०.२६ करोड़ रुपये खर्च कर आधुनिक तकनीकों से लैस करने का निर्णय लिया है। इससे लोगों को बिजली कटौती या वोल्टेज की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

दिल्ली सरकार के उपक्रम दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड ने मेहरौली में २२० केवी और ६६ केवी के सब-स्टेशनों के लिए नए कंट्रोल एंड रिले (सीएंडआर) पैनल लगाने और पूरे सब स्टेशन को ऑटोमेटिक बनाने का काम शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट को टर्नकी बेसिस पर पूरा किया जाएगा, जिसमें चुनी गई कंपनी २२० केवी और ६६ केवी सीएंडआर पैनल की आपूर्ति, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और सब-स्टेशन ऑटोमेशन का पूरा काम करेगी। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड को बिना किसी अतिरिक्त हस्तक्षेप के तैयार और चालू सब-स्टेशन मिलेगा। इससे समय, लागत और प्रबंधन आसान होगा। इस प्रोजेक्ट पर कुल १०,२५,५७,५११ रुपये खर्च होंगे और बिड सिक्योरिटी के लिए २०,५१,१५० रुपये जमा करने होंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत सब-स्टेशन को पूरी तरह ऑटोमेटिक बनाया जाएगा।




तीज महोत्सव की तैयारियों को लेकर कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा दिल्ली सचिवालय में बैठक करते हुए।

# तीज महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा तीज महोत्सव 2025 को भव्य और समावेशी रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में बैठक आयोजित की। इस बैठक में ग्रेटर कैलाश की विधायक शिखा राय समेत बीजेपी की महिला मोर्चा से जुडी महिलाएं और महिला संगठनों की प्रतिनिधि मौजूद रहीं। बैठक में आगामी 25 से 27 जुलाई को पीतमपुरा स्थित दिल्ली हाट में होने जा रहे तीज महोत्सव को लेकर रचनात्मक सुझावों पर चर्चा की गई। बैठक में कई नए विचार भी सामने आए जिनमें आंगतुक महिलाओं को पारंपरिक चूड़ियाँ और दुपट्टे भेंट करना, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट लगाना ताकि सोशल मीडिया के जरिये उत्सव की झलकियां अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। इसके साथ ही कम से कम 20 झूले लगवाएं जायें ताकि महोत्सव में पहुँचने वाली हरेक महिला को पारंपरिक उल्लास का अनुभव हो सके। इसके अलावा लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आमंत्रित करने और 'बुक माय शो' जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रचार करने के सुझाव भी मिले।

## जेएनयू में पीएचडी दाखिले के लिए आवेदन अब 28 जुलाई तक

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ के लिए पीएचडी में दाखिले के पंजीकरण की तारीख को एक बार फिर बढ़ा दिया है। विश्व. विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब इच्छुक छात्र २८ जुलाई २०२५ तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीएचडी में दाखिला नेट/जेआरएफ/गेट के जरिये मिलेगा। एडमिशन पॉलिसी के मुताबिक, यूजीसी नेट स्कोर को ७०% वेटेज दिया जाएगा और बाकी ३०% वाइवा-वॉयस के लिए होगा।

जवाहरलाल नेहरू विश्व. विद्यालय में पीएचडी प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए कुछ जरूरी योग्यताएं तय की गई हैं। आवे. दक के पास ४ वर्षीय स्नातक डिग्री के बाद कम से कम १ वर्ष की मास्टर्स डिग्री (या ३+२ शैक्षणिक व्यवस्था) होनी चाहिए, जिसमें न्यूनतम ५५% अंक अनिवार्य हैं। यदि उम्मीदवार के पास एम.फिल. की डिग्री है, तो वह भी आवेदन कर सकता है, बशर्ते उसमें भी न्यूनतम ५५% अंक प्राप्त किए गए हों।

जो छात्र सीधे ४ वर्षीय बैचलर डिग्री के बाद पीएचडी में दाखिला लेना चाहते हैं, उनके लिए न्यूनतम ७५% अंक होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी आवेदक ने अंत. रराष्ट्रीय विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की है, तो वह भी मान्य होगी, बशर्ते वह डिग्री भारत में मान्यता प्राप्त हो।

## नेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**नई दिल्ली।** तीन दिवसीय राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली विधानसभा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा (उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा पर्यावरण मंत्री) ,पंकज कुमार सिंह (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री), तथा रविंद्र इंद्राज सिंह (सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, सहकारिता तथा चुनाव मंत्री) ने भाग लिया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता भी उपस्थित रहे। है। विधान सभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भी नेवा प्रशिक्षण में भाग लिया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते है।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा संख्याः** 6S-Efile-313344Tender |
| 2 | **कार्य का नाम और कार्य स्थानः** "कार्य के दायरे के अनुसार एलएचबी एसी चेयर कार का नवीनीकरण" |
| 3 | **अनुमानित लागतः** रुपये 10,22,89,434.58/-जीएसटी @18% सहित |
| 4 | **बयाना राशिः** रु.6,61,500/- |
| 5 | **निविदा फार्म का मूल्यः** शून्य |
| 6 | **कार्य अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने से चौबीस महीने |
| 7 | **निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समयः** दिनांक 14.08.2025 समय 15:00 बजे। |
| 8 | **निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइटः** उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। |

पत्र सं.: 6S-Efile-313344Tender दिनांक: 23.07.2025 2228/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आईपीएम इंडिया को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल इंक.(पीएमआई) की भारतीय कंपनी आईपीएम इंडिया को कार्यस्थल पर निष्पक्षता और समानता के लिए वैश्विक प्रमाणन मिला है। यह कंपनी दुनिया की उन शीर्ष कंपनियों में शामिल है जो अपने कर्मचारियों को समान काम के लिए समान सैलरी और तरक्की के अवसर देती हैं। इक्वल- सैलरी फाउंडेशन ने पीएमआई को हर जगह समान काम के लिए समान सैलरी देने के लिए सम्मानित किया है। यह 2019 के बाद तीसरी बार है जब आईपीएम इंडिया को अपनी समान सैलरी(इक्वल पे) की नीतियों के लिए पुरस्कार मिला है।

नवनील कर, मैनेजिंग डायरेक्टर, आईपीएम इंडिया ने कहा, हमें इक्वल-सैलरी फाउंडेशन से यह सम्मान मिलना गर्व की बात है। यह प्रमाणन दिखाता है कि हम समानता और निष्पक्षता के लिए कितने समर्पित हैं। हम काम करने का एक ऐसा स्थान बनाना चाहते हैं जहां सभी कर्मचारी सहज महसूस करें और उन्हें समान अवसर मिलें। किंगशुक दास, डायरेक्टर, पीपल एंड कल्चर, आईपीएम इंडिया ने कहा, पुरुषों और महिलाओं को समान और निष्पक्ष सैलरी देना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रतिभाशाली लोगों का विकास हमारे व्यवसाय की सफलता के लिए बहुत जरूरी है। लीजा रुबली, इक्ल-सैलरी फाउंडेशन की को-सीईओ, ने कहा, पीएमआई का तीसरा ग्लोबल इक्वल-सैलरी प्रमाणन एक बड़ी उपलब्धि है।

## बारिश से मौसम मस्त , जलभराव ने किया मजा किरकिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुबह से रह रह कर हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश के कारण कई प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। जिससे यातायात प्रभावित हुआ , सड़कों पर वाहन रेंगते दिखे। वहीं, बारिश के बीच कांवड़ियों में भी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में कांवड़िये और शिवभक्त शिवालयों में जलाभिषेक किया। जहां बारिश से जहां मौसम कूल-कूल हो गया है तो वहीं कई जगहों पर जलभराव ने लोगों की टेंशन बढ़ दी।

उधर, सड़कों पर भी भीषण जाम देखने को मिला। जिस वजह से लोगों को ऑफिस पहुंचने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यूपी गेट पर जलभराव हुआ ,जीटी रोड स्थित मोहन नगर पर बारिश के कारण जलभराव हुआ है और कांवड़िए जलभराव के बीच से ही गुजरते नजर आए। नेशनल हाईवे संख्या-९ पर भी जाम लगा नजर आया।

पांडव नगर के पास एनएच-९ की सर्विस रोड पर जलभराव से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं, सुबह से हो रही बारिश से पुरानी दिल्ली के सदर बाजार की गलियों में पानी जमा हो गया और लोग जलभराव के बीच ही गुजरते रहे। एलिवेटेड रोड पर जलभराव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पूर्वी दिल्ली में विनोद नगर की पूर्व पार्षद गीता रावत ने एनएच-९ की सर्विस लेन पर नाव चलाकर विरोध दर्ज करवाया। मौसम विभाग के अनुसार अगले ४-५ दिनों तक बादल छाने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी। २३ जुलाई को दिल्ली में बादल छाए रहेंगे और हल्की बरसात होगी।

अधिकतम तापमान ३३ तो न्यूनतम २५ डिग्री सेल्सियस रहेगा। २४ से २७ जुलाई तक भी कमोबेश ऐसा ही मौसम रहेगा। इस बीच अधिकतम तापमान ३६ तो वहीं न्यूनतम तापमान २८ डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

AMBIT Finvest
Pragati ke partner
AMBIT
Acumen at work

**एंबिट फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड**

CIN: U65999MH2006PTC163257
**रजि. कार्यालयः** एंबिट हाउस, 449, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि शाखा कार्यालय निम्न पते पर स्थित है-

एफएफ2, एससीओ 12, सेक्टर 16, फरीदाबाद - 121002
**26 अक्टूबर 2025 से बंद कर दिया जायेगा।**

भविष्य के सभी पत्राचार कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय को भेजे जाने चाहिए। हमसे इस प्रकार संपर्क करें:

**एंबिट फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड**
प्लॉट नं. 1, दूसरी मंजिल, डीएलएफ औद्योगिक क्षेत्र, मोती नगर, नई दिल्ली - 110015
**Email ID:** customercare@ambit.co **संपर्क नं.** +91 91159 98000


**स्थानः** फरीदाबाद
दिनांकः 24.07.2025

हस्ताक्षर/-
एंबिट फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से

# मैनेजर से लूट के आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर लुटेरों नईम और रघुवर को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। ये बदमाश गाजियाबाद और दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दोनों लुटेरे घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इनके पास से दो तमंचे, कारतूस, लूट में इस्तेमाल की गई टोयोटा कार और 7.40 लाख रुपये बरामद किए हैं। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





सीओ पिलखुवा अनीता चौहान ने बताया कि नईम और रघुवर दोनों शातिर अपराधी हैं। इनके खिलाफ मारपीट, धोखाधड़ी, चोरी, लूट और डकैती सहित विभिन्न धाराओं में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने 21 जुलाई को पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में रिलायंस रोड पर एक इंजीनियर के मैनेजर से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस वारदात में इस्तेमाल की गई कार और लूटी गई रकम में से 7.40 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ के दौरान प्रकाश में आयी उनकी एक अन्य महिला साथी हसीन को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से लूटी हुई 50 हज़ार रुपये की नकदी बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस इन बदमाशों के आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में अन्य जनपदों और थानों से भी जानकारी जुटा रही है।

# नगर पालिका पिलखुवा में वाहन पार्किंग बना कॉम्प्लेक्स, पालिकाध्यक का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा द्वारा NH-9 पर निर्मित बहुमंजिला वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करते समय पालिक. ाध्यक्ष ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कॉम्प्लेक्स की दुकानों और शोरूमों से जहां राजस्व अर्जित किया जाना था, वहां सफाई विभाग के वाहन पार्क किए जा रहे हैं। इस पर पालिकाध्यक्ष भड़क उठे और अधिकारियों से तीखे सवाल किए। क्या यह कॉम्प्लेक्स सफाई वाहनों की पार्किंग के लिए बना है या नगर पालिका के राजस्व हित के लिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक पालिका के पास संसाधन नहीं होंगे, जनकल्याण की योजनाएं कैसे चलेंगी। सफाई निरीक्षक ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि STP सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में पर्याप्त जगह है, लेकिन वहां संचालन कर रही फर्म वेबेग पार्किंग की अनुमति नहीं देती। इस पर पालिकाध्यक्ष ने और सख्त रुख अपनाते हुए पूछा कि STP संचालन का भुगतान कहां से होता है। जवाब में अधिकारियों ने बताया कि भुगतान पालिका के वेतन मद से शासन द्वारा किया जाता है यानी पैसा पालिका का और हक किसी और का पालिकाध्यक्ष ने दो टूक कहा कि STP का मालिकाना हक नगर पालिका परिषद पिलखुवा का है। जल निगम अथवा संचालन कंपनी वेबेग को पालिका के वाहन पार्किंग से रोकने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि जब तक वैकल्पिक डिपो की व्यवस्था नहीं होती, तब तक सभी वाहन STP परिसर में ही पार्क किए जाएं।



यदि कोई विभाग या कंपनी इसका विरोध करता है, तो वह जिलाधिक. ारी के समक्ष जाकर अपना पक्ष रखें। नगर की जनता की सुविधाएं मेरी प्राथमिकता हैं। राजस्व की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पालिक. ाध्यक्ष ने दो टूक कहा इस निर्देश के बाद पालिका प्रशासन हरकत में आया है और STP परिसर में वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने शिवभक्तों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सरावनी में हिंदू-मुस्लिम एकता की एक खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। जहाँ कांवड़ यात्रा से लौटे शिवभक्तों का ग्राम प्रधान पति फरमान मोमीन और उनकी टीम ने भव्य स्वागत किया। फरमान मोमीन के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने कांवड़ यात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उनके लिए खानपान की भी व्यवस्था की। कावड़ यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने हिस्सा लिया और गंगा जल लेकर अपने गांव लौटे। गांव लौटने पर शिवभक्तो ने गांव वालों के प्रेम और सद्भाव की खूब सराहना की। यह आयोजन सां. प्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाला रहा, जहाँ फरमान मोमीन और अन्य ग्रामवासियों ने सभी शिवभक्तों का खुले दिल से स्वागत कर हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर शीशराम सिंह पाल, महाराज पाल, शीशपाल, नवाब खां नेताजी, कादिर, शहजाद, अमीर ठेकेदार, जमील नेताजी, कलाम, हाजी शेर अली, आदिल चौधरी, अमजद अली, नसरुद्दीन सैफी, मास्टर फाजिल, आहाद चौधरी, शाहवेज, अबरार, जुबेर मोमीन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। जिन्होंने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया। यह कार्यक्रम गांव में सामाजिक एकता और समर्पण की भावना को दर्शाता है, जिसकी सभी वर्गों ने सराहना की।



# चलती कार में लगी भीषण आग, कार सवारों ने कूदकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर एक चलती कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि कार में सवार तीन युवकों ने कूदकर अपनी जान बचा ली।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर एक कार मेरठ रोड से हापुड़ की ओर आ रही थी। जैसे ही यह फ्लाईओवर से नीचे उतरी, उसमें से धुआँ निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग की लपटें दिखाई देने लगीं। कार में सवार तीनों युवकों ने तुरंत छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। आग इतनी भीषण थी कि पेट्रोल टैंक में विस्फोट का खतरा भी मंडराने लगा था। स्थानीय लोगों ने तत्काल दमकल और पुलिस को सूचना दी। दमकल टीम ने मौके पर पहुँचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की प्रारंभिक जांच में आग का कारण कार की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालाँकि मामले की गहन जांच अभी जारी है। घटना से सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात भी बाधित हुआ। पुलिस ने कार सवार युवकों की तलाश शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और कार सवारों की तलाश की जा रही है। उनके मिलने के बाद ही घटना के अन्य पहलुओं का पता चल पाएगा।



# विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्ज़े से भारी मात्रा में चोरी किया गया तार, कटान के उपकरण, अवैध हथियार और घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी गाड़ी बरामद की है।



थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो सदस्यों को थाना क्षेत्र के ग्राम गोहरा आलमगीरपुर व गांव मुदाफरा के जंगल के बीच ईख के खेत से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी का करीब 4.40 कुन्तल विद्युत तार, तार काटने का एक कटर, एक अवैध तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी गाड़ी बरामद की गई है। चोरों की पहचान इस्लाम पुत्र आकिल और शाकिव पुत्र सरफराज निवासी गांव मुंडली थाना मुंडली प्रदेश के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर शातिर किस्म के विद्युत तार चोर हैं जिनके विरूद्ध जनपद मेरठ व हापुड़ में विद्युत तार चोरी व आर्म्स एक्ट आदि के करीब दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। फिलहाल विद्युत तार चोरी करने वाले दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# महाशिवरात्रि पर सुरक्षा को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिसकर्मीयों द्वारा शिव मंदिरों और कांवड़ यात्रा के मार्गों पर विशेष निगरानी की गई ताकि शिवभक्तों को कोई असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए। महा. शिवरात्रि, जो कि भगवान शिव का एक प्रमुख त्यौहार है। महाशिवरात्रि पर लाखों भक्त मंदिरों में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए जाते हैं। इस दौरान, सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने को लेकर ज़िलें की पुलिस कांवड़ यात्र को सकुशल संपन्न कराने में जुटी रही। ताकि भक्त सुरक्षित रूप से अपनी धार्मिक गति. विधियों को पूरा कर सकें। पुलिसकर्मीयों द्वारा ज़िलें के मंदिरों और कांवड़ यात्रा के मार्गों पर लगातार गश्त करते रहे और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी की गई। इसी के साथ सादी वर्दी में पुलिसकर्मी असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए तैनात रही ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो। भीड़भाड़ को नियंत्रित करने और यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात पुलिस भी तैनात रही। शिवभक्तो की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरो से निगरानी की गई। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि भक्त सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से महा शिवरात्रि मना सकें।



## एक नजर

### पुलिस ने शिव भक्तों पर की पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सावन के पवित्र महीने में हापुड़ पुलिस शिव भक्तों की सेवा और सुरक्षा के लिए लगातार सराहनीय कार्य कर रही है। इसी क्रम में हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने कांवड़ यात्रा से लौट रहे शिव भक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। यह दृश्य श्रद्धा, सम्मान और सौहार्द का प्रतीक बन गया।

नगर कोतवाली क्षेत्र में जैसे ही हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटते शिव भक्तों का जत्था पहुंचा, पुलिसकर्मियों ने पूरे सम्मान के साथ उन पर फूल बरसाए। इस पहल से न केवल भक्तों को भावुक कर दिया, बल्कि आम जनता में भी पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान बढ़ा है। पुलिस द्वारा किए गए इस स्वागत ने यह संदेश दिया कि सुरक्षा और सेवा के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव भी पुलिस व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिव भक्तों ने भी पुलिस की इस नेक पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। हापुड़ पुलिस की यह सेवा भावना सावन माह में श्रद्धालुओं के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है।

### तीन दिन बाद भी नहीं लग सका लापता किशोरी का कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला निवासी किशोरी का अपहरण करने वाले दूसरे समुदाय के युवक समेत किशोरी का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजन ने शीघ्र ही किशोरी को बरामद करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने शीघ्र ही किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कहीं है।

बता दे कि तीन दिन पूर्व नगर में स्थित मोहल्ला निवासी किशोरी घर से बाजार से सामान लेने के लिए गई थी। काफी देर तक जब वह घर नहीं आई तो परिजन ने उसको तलाश किया। मालूम हुआ कि किशोरी को सिंभावली क्षेत्र के गांव निवासी दूसरा समुदाय का अपहरण कर किशोरी को अपने साथ ले गया है। परिजन ने उनको तलाश किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन तीन दिन बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही अपहृता को बरामद करते हुए आरोपी को गिफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### श्रद्धा व विश्वास के साथ डाक कांवड़ लेकर दौड़ते रहे शिव भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** महाशिवरात्रि का एक दिन पहले से लेकर शिवरात्रि की शाम तक हरिद्वार और ब्रजघाट से पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले डाक कावड़िये अटूट श्रद्धा के साथ लगातार दौड़ कर अपने गत्वयों की ओर बढ़ते नजर आए। कावड़ यात्रा मार्ग पर पुलिस ड्रोन कैमरा के साथ उतरी। महाशिवरात्रि पर अपने आराध्य देव को गंगा जल से जलाभिषेक कराने को शिव भक्त हरिद्वार और ब्रजघाट से पवित्र गंगा जल के साथ डाक कावड़ लेकर अटूट श्रद्धा विश्वास के साथ दौडते रहें। हरिद्वार और ब्रजघाट से चलकर डाक कावड़ियों की टोली एक दूसरे के साथ दौड़ कर एक दूसरे को गंगा जल देकर टोली के युवा तेजी के साथ दौड़ते रहें। मंगलवार मंगलवार शाम ही डाक कावड़ियों की भारी भीड़ आती नजर आई। हर डाक कावड़ की टोली एक दूसरे से आगे निकल कर समय से पहुंचने के लिए अपने गत्वय की ओर बढ़ती नजर आई। डाक कावड़ की टोलिया 12,24,36 घटे के बनाये गए लक्ष्य के साथ दौड़ कर अपने लक्ष्य को समय से प्राप्त कर शिवरात्रि पर अपने आराध्य देव शिव शंकर को जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। वहीं डाक कावड़ की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ड्रोन कैमरा के साथ कावड़ यात्रा मार्ग तीसरी नजर से खास निगरानी की गई।



# नहर में मिले महिला के शव की नहीं हुई शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव नयाबांस स्थित मध्य गंग नहर में मिले महिला के शव की तीसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया है। हालांकि उससे भी कोई कामयाबी नहीं मिल सकी है। ज्ञात रहे कि तीन दिन पूर्व गांव नयाबांस के ग्रामीण जंगल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक महिला का शव नहर में बहता हुआ आ रहा है। शव नहर के रेगुलेंटर पर आकर अटक गया है। शव को देखकर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीन दिन होने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया गया। हालांकि उसके बाद भी कोई कामयाबी नहीं मिल सकी है। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। शीघ्र ही शव की शिनाख्त की जाएगी।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पहाड़ों पर लगातार वर्षा हो रही है। यही वजह है कि गंगा नगरी समेत खादर क्षेत्र स्थित गंगा का जलस्तर दो दिन से लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को भी गंगा जलस्तर में 30 सेमी. की वृद्धि होने से खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। क्योंकि अब गंगा का रुख भी खतरे के निशान की तरफ को बढ़ रहा है।

दरअसल, वर्षा होने के बाद पहाड़ी जलाशयों से पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री सहित उस इलाकों में होने वाली वर्षा के बाद पानी हरिद्वार बैराज होते हुए बिजनौर और फिर सीधा ब्रजघाट गंगा में पहुंचता है। इन दिनों इन क्षेत्रों में वर्षा लगातार हो रही है इसलिए पहाड़ी जलाशयों से पानी भी डिस्चार्ज किया जा रहा है।



बुधवार को बिजनौर बैराज से 39 हजार 321 क्यूसेक के अधिक पानी छोड़े जाने पर गंगा के गेज में 30 सेमी. की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को गेज 198.17 मीटर था और अब बुधवार को 198.47 मीटर पर आ गया है। ऐसी स्थिति में गंगा किनारे पर बसे गांव मुकीमपुर, मिश्रीपुर, नयागांव, भगवंतपुर, लठीरा, चक लठीरा, शेरा कृष्णा वाली मडैंया आदि गांव के नजदीक पानी पहुचने लगा है।जो, चिंता का सबब बन रहा है। एसडीएम अंकित वर्मा ने बताया कि पहाड़ों में बारिश होने से जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन अब बारिश रुक गई है उम्मीद है कि जलस्तर कम होगा।

# गढ़ के शिवभक्त कांवड़िये के ऊपर गिरा डीजे, दबकर हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जत्थे की केंटर में रखे डीजे का स्पीकर हाईगेज से टकराकर ऊपर गिरने से गढ़ क्षेत्र के कांवड़िये की जनपद अमरोहा में दर्दनाक ढंग में मौत होने से घर में कोहराम और गांव में मातम छा गया।

गढ़ क्षेत्र के गांव गड़ावली के किसान सोमपाल सिंह राणा के दो बेटे बाबू और हरिओम हरिद्वार से डांक कांवड़ लेने गए थे। जिनमें बाबू सिंह गांव के जत्थे में शामिल था और 18 वर्षीय हरिओम पड़ोसी गांव चक लठीरा के 30 सदस्य जत्थे के साथ गया था। वापस लौटने के दौरान बुधवार की दोपहर में करीब डेढ़ बजे जनपद अमरोहा के गजरौला क्षेत्र में पहुं. चने के बाद हरिओम वाला जत्था रास्ता भटक गया। जो गांव कांकाठेर की तरफ से दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर आने के बजाए गांव ओसीता जगदेवपुर की तरफ चला गया। रास्ते में रेलवे फाटक से पहले हाईगेज लगा होने के कारण केंटर में रखा डीजे वाला स्पीकर टकराकर केंटर में बैठे हरिओम के ऊपर गिर गया। जिससे सिर में गंभीर चोट लगने और डीजे के नीचे दबने पर बुरी तरह घायल होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि जत्थे में शामिल अन्य कांवड़िये घयल हरिओम को आनन फानन में गजरौला सीएचसी लेकर पहुंच गए, जहां परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना की खबर मिलते ही घर में कोहराम और गांव में मातम पसर गया। रोते बिलखते परिजन आनन फानन में अमरोहा को रवाना हो गए, जहां पोस्टमार्टम होने के बाद शव को घर लाने के पश्चात ब्रजघाट ले जाकर दाह संस्कार कर दिया गया। ताऊ नौबत सिंह राणा और ग्राम प्रधान प्रेमसिंह राणा ने बताया कि हरिद्वार से डाक कांवड़ लाने के दौरान गजरौला क्षेत्र में हुए हादसे में जान गंवाने वाले हरिओम का विवाह सात जून को जनपद अमरोहा की युवती के साथ हुई थी।

# सीसीटीवी कैमरों से खुलेगा गांव माधापुर में हुई चार घरों में डकैती का राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव माधापुर में चार घरों में बदमाशों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया। घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अब घटना समेत गांव में अलग अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बदमाशों की धरपकड़ करेगी। इसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बता दे कि गांव निवासी गांव निवासी रामकुमार त्यागी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि सेवानिवृत्त दरोगा हैं। 19 जुलाई की रात वे पत्नी मुनीश और बेटे चिंकू के साथ सोए हुए थे। देर रात में बदमाशों गेट का ताला तोड़कर मकान की ऊपरी मंजिल में पहुंच गए। जहां रखी सेफ से सोने चांदी के जेवरात समेत हजारों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। आहट होने पर पत्नी मुनेश आंख खुलते ही कमरे से बाहर निकली तो बदमाश उस पर हमला कर दिया, जिससे परिवार सहम गया। बदमाश धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके अलावा बदमाशों ने मनोज त्यागी के घर पर भी धावा बोला, बदमाश सेफ में रखी करीब सवा लाख की नकदी समेत लाखों के जेवरात लूट लिए। बदमाशों ने यहां मनोज की ताई राजबाला पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके अलावा बदमाश मूलराज और सुरेंद्र के घर से जेवरात समेत लाखों की नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली। अब पुलिस घटना को अंजाम देने वाले आरो. पियों की धरपकड़ के लिए घटना स्थल समेत गांव में अलग अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों को दावा है कि कैमरें कैद हुए बदमाश समेत उसके साथियों को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया जाएगा। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि घटना का पर्दाफाश करने के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई जा रही है। शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# नोएडा में बारिश, सड़कों पर भरा पानी

## लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानी, तीन दिन हल्की बारिश होने की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। नोएडा में सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इससे कई सड़कों पर जलभराव हो गया है। नोएडा के सेक्टर-62, 63 और सेक्टर-12, नोएडा स्टेडियम के सामने वाली एमपी-1 रोड पर जलभराव हुआ है। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। ये स्थिति तब है जब यहां नालों नालियों की साफ-सफाई पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। हाल ही में नोएडा को गोल्डन सिटी और 3 से 10 लाख की आबादी में प्रथम स्थान मिला है। उसके बाद भी सड़कों पर जलभराव की समस्या हो रही है।



नोएडा में पीक आवर में बारिश की वजह से वाहन चालकों को जाम की सामना करना पड़ा। सेक्टर-62 में घुटनों तक पानी भर गया। यहां पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। इसी तरह नोएडा स्टेडियम के बाहर भी पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। वहीं कई सिग्नल खराब हो गए हैं। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी 26 जुलाई तक हल्की बारिश के बाद 27 और 28 और गरज के साथ बारिश के आसार है। इसकी वजह बंगाल की खाड़ी में एक नए विक्षोभ का एक्टिव होना है। प्राधिकरण ने दावा किया था कि इस बार सड़कों पर जलभराव की समस्या नहीं होगी। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा। बारिश से सड़कों पर जलभराव हुआ। अब उसकी निकासी की जा रही है। नोएडा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री रिकार्ड किया गया। बारिश के बाद चार से पांच डिग्री तक तापमान में कमी आई। इससे लोगों ने गर्मी से राहत मिली। हालांकि वातावरण में नमी का मात्रा 80 प्रतिशत है। हवा की रफ्तार 5 किमी प्रतिघंटा है।

# जलभराव व गंदगी पर नोएडा प्राधिकरण सख्त, संविदाकार पर एक लाख रुपये जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। शहर में हो रही भारी वर्षा के कारण जलभराव और गंदगी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नोएडा प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस.के. सिंह के नेतृत्व में एमपी-1, एमपी-2, एमपी-3 मार्ग, जोनल रोड नंबर-6 और सेक्टर-55, 56, 57, 58, 60, 62, 63 सहित कई क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एस.पी. सिंह, उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल, परियोजना अभियंता (जन स्वास्थ्य-1) गौरव बंसल और सहायक परियोजना अभियंता अरुण कुमार मौजूद रहे। निरीक्षण में पाया गया कि सेक्टर-60 की ओर से आने वाले मुख्य नाले में पानी का प्रवाह सामान्य था, लेकिन कलवर्ट के आगे प्रवाह धीमा हो गया था। इस पर कलवर्ट की मैपिंग कराकर उसकी मरम्मत के निर्देश दिए गए।

**संविदाकार पर एक लाख रुपए का जुर्माना:** सेक्टर-58 स्थित भूखंड संख्या सी-29 के सामने सड़क पर जलभराव और गंदगी मिलने पर जिम्मेदार संविदाकार M@s S-P- Govt Contractor & Supplier पर 1 लाख रुपए का आर्थिक दंड लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा यह भी पाया गया कि नालों की सफाई के बाद हटाए गए एसएफआरसी कवर दोबारा नहीं लगाए गए थे। इस पर समस्त नोएडा क्षेत्र में नालों पर कवर को तत्काल पुन: लगाने के निर्देश जारी किए गए।

**नालों की चौड़ाई बढ़ेगी, IIT रुड़की से होगा लेवल परीक्षण:** जोनल रोड नंबर-6 से लगे मुख्य नाले में फ्लोटिंग मैटेरियल और सिल्ट अधिक मात्रा में जमा मिला, जिसकी तत्काल सफाई के आदेश दिए गए। साथ ही, सेक्टर-1 से 8 और 55 से 63 तक के कलवर्ट का लेवल कम पाया गया। इन सभी कलवर्ट का चिन्हांकन कर IIT रुड़की से परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जहां-जहां नालों की चौड़ाई कम और जलदबाव अधिक है, वहां सर्वे कराकर चौड़ीकरण कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

प्राधिकरण की इस तत्परता से नागरिकों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।

# महापंचायत के लिए किसानों को एकजुट किया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में सलारपुर अंडरपास के समीप 30 जुलाई को होने वाली किसान महापंचायत के लिए किसान एकता महासंघ ने क्षेत्र के तीन गांव में जनसंपर्क कर किसानों को एकजुट किया। राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह और अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में ननुआ का राजपुर गांव के और अमरपुर गांव में बैठक की। प्रदेश प्रभारी पप्पू प्रधान ने बताया कि महापंचायत के लिए गांव-गांव जाकर लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है। महापंचायत को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। अमरपुर गांव में हुई बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया।

# डीएम ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित एफ एम डी अभियान का शुभारंभ 23 जुलाई को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कैंप कार्यालय नोएडा से किया गया, यह अभियान 5 सितंबर तक चलेगा।

जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पशुपालकों को जागरूक करेगा। प्रचार वाहन के माध्यम से पशुपालकों को मुंह-खुर पका रोग के लक्षण, बचाव और टीकाकरण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान पशुओं की सेहत सुधारने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों की आमदनी बढ़े और पशुधन सुरक्षित रहे। इसके लिए समय पर टीकाकरण और जनजागरूकता अत्यंत



आवश्यक है। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अभियान को लेकर जनप्रति. निधियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया जाए, और उनके द्वारा जो सुझाव दिए जाएं उनको भी अभियान में शामिल करते हुए अभियान का सफल क्रियान्वयन किया जाए।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुओं में पोषण स्तर को सुधारना, उन्हें संतुलित आहार उपलब्ध कराना एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान प्रत्येक गांव में शिविरों का आयोजन कर पशु चिकित्सा, कृमिनाशक दवा वितरण, टीकाकरण, खनिज मिश्रण वितरण एवं संतुलित चारे की जानकारी दी जाएगी। पशुपालकों को पोषक आहार, साफ-सफाई एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एमएफडी अभियान में दूध उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों, गर्भावस्था पहचान, एवं बांझपन उपचार जैसे विषयों पर भी विशेष जानकारी दी जाएगी। प्रचार वाहन के माध्यम से ऑडियो-विजुअल माध्यमों से जनजागरूकता फैलाई जाएगी। इस अभियान में पशुपालन विभाग की समस्त इकाइयाँ, स्थानीय प्रशासन, और ग्राम पंचायतें सक्रिय रूप से भाग लेंगी। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की कि वे अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज और स्कूल के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )। यमुना प्राधिकरण ने विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज और स्कूल के लिए भूखंड योजना में आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब इस योजना में 20 अगस्त तक आवेदन प्रक्रिया जारी रहेगी। पहले आवेदन की तारीख 31 जुलाई तक थी। भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी से होगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि एक जुलाई को प्राधिकरण ने अलग-अलग सेक्टर में 23 भूखंडों की योजना शुरू की थी। इन भूखंडों पर विश्वविद्यालय, 12वीं तक के स्कूलों समेत कॉलेजों का निर्माण किया जा सकेगा। इस योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया 31 जुलाई को समाप्त हो रही थी, लेकिन कम आवेदन के चलते प्राधिकरण ने एक बार फिर आवेदन की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब संबंधित आवेदक 20 अगस्त तक योजना में आवेदन कर भूखंड प्राप्त कर सकेगा। हालांकि, इसके बाद योजना में आवेदन का दूसरा मौका नहीं होगा। सभी भूखंडों की नीलामी ई ऑक्शन के माध्यम से की जाएगी।

### यमुना प्राधिकरण ने छह गांवों के 308 किसानों को मिला हक

ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत भूमि के सापेक्ष किसानों को 7 प्रतिशत आबादी भूखंडों का आवंटन किया गया। यह डा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया में छह गांव ख्र रामपुर बांगर, चांदपुर, मथुरापुर, अट्टा गुजरान, मुँजखेड़ा एवं रोनीजा के कुल 308 किसानों को उनके आबादी भूखंडों के नंबर आवंटित किए गए।

इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों को भरोसा दिलाया कि जिन भूखंडों का ड्रा हुआ है, उन्हें जल्द विकसित कर भौतिक रूप से कब्जा भी दिलवाया जाएगा। साथ ही, जिन किसानों के भूखंड ड्रा में नहीं आ पाए हैं, उन्हें भी शीघ्र ही भूखंड प्रदान किए जाएंगे। ड्रा की प्रक्रिया में प्राधिकरण की डिप्टी कलेक्टर रेणुका दीक्षित, भूलेख विभाग के तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में छहों गांवों के किसान शामिल हुए। पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से ड्रा की पूरी कार्यवाही का सीधा प्रसारण प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर किया गया। इस पहल से प्रभावित किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और उन्होंने प्राधिकरण द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

### जलभराव के साथ मिली गंदगी, ठोका जुर्माना

नोएडा ( शाह टाइम्स )। नोएडा में भारी वर्षा के कारण कई क्षेत्र में हुए जल भराव को लेकर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसके द्वारा एमपी-1 मार्ग, एमपी-2, एमपी-3 मार्ग, जोनल रोड नं0-6, सेक्टर-55, 56, 57, 58, 60, 62 एवं 63 इत्यादि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एस० पी० सिंह, महाप्रबन्धक (जन स्वा० ), विजय रावल, उप महाप्रबन्धक (सिविल), श्री गौरव बंसल, परियोजना अभियन्ता ( जन स्वा०- 1) अरूण कुमार, सहायक परियोजना अभियन्ता (जन स्वा०-1), उपस्थित रहें। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक ने सेक्टर-60 की ओर से आने वाले मुख्य नाले के पानी का फ्लो सही पाया गया किन्तु उक्त नाले पर बनी कलवर्ट से आगे पानी का फ्लो धीरे पाया गया। जिस हेतु कलवर्ट की मैपिंग कराने एवं कलवर्ट को ठीक कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सेक्टर-58 में भूखण्ड संख्या सी - 29 के सम्मुख मार्ग पर गंदगी एवं जलभराव पाया गया। जिसके दृष्टिगत सम्बन्धित संविदाकार ड/ॅ.ृ ळवअज ब्वदजतंबजवत - ैनचचसपमत पर 1.00 लाख रुपए आर्थिक दण्ड लगाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान दृष्टिगत हुआ कि नालों की सफाई के लिए हटाये गये एसएफआरसी कवर को पुन: नाले पर नहीं रखा गया है। जिसके दृष्टिगत समस्त नोएडा क्षेत्र में नालों से हटाये गये कवर को पुन: नाले के ऊपर रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। जोनल रोड नं0 6 के साथ बने मुख्य नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाले में अधिक मात्रा में फ्लोटिंग मैटेरियल एवं सिल्ट भरी हुई पायी गयी, जिसको तत्काल रूप से सफाई कराने के लिए निर्देशित किया गया।

# स्कूल बसों में महिला परिचालकों की तैनाती जरूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जिले के स्कूल बसों में छात्राओं की सुरक्षा के लिए महिला परिचालक की तैनाती अनिवार्य कर दी गई है। 23 जुलाई को इस संबंध में प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने एक कार्यालय आदेश जारी किया। इसे परिवहन विभाग ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा के सभी स्कूलों को भेज दिया है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि एक से 15 जुलाई तक विशेष जांच अभियान चलाया गया था। इसमें कई स्कूल वाहनों में कमियां मिलीं।

उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन करना होगा। उसकी मासिक बैठकें आयोजित कर उनके निर्णयों का पालन करना होगा। जो निजी पंजीकृत वाहन स्कूलों से विद्यार्थियों को लाते हैं, उनका कानूनी करार विद्यालय प्रशासन से किया जाए। सभी स्कूल परिवहन सुरक्षा से संबंधित दस्तावेज और मासिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से हर माह संबंधित एआरटीओ कार्यालय में जमा करें। स्कूली बस, वैन, ई रिक्शा और ऑटो में सफर करने वाले बच्चों की जिम्मेदारी स्कूलों की है। प्रबंधक और प्रधानाचार्य यह कहकर नहीं बच सकते हैं कि यह वाहन स्कूल का नहीं है। नियमों के उल्लंघन, किसी दुर्घटना या आपराधिक घटना की स्थिति में यदि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही प्रमाणित होती है।

# एक्सप्रेसवे पर चलती कार में आग लगी

नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बुधवार की दोपहर चलती कार में आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह कार को किनारे पर रोका। इसके बाद उसने और उसके दोस्त ने बाहर कूदकर जान बचाई। सेक्टर-142 थाने की पुलिस के मुताबिक दिल्ली के रहने वाले अरुण कुमार बंसल अपने दोस्त सत्येंद्र कुमार के साथ कार में सवार होकर किसी काम से ग्रेटर नोएडा आ रहे थे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एडवांट बिल्डिंग के सामने बुधवार की दोपहर अचानक उनकी कार में आग लग गई। राहगीरों ने कार में आग लगी देखकर शोर मचाया। इस बीच अरुण कुमार बंसल ने तुरंत कार को साइड में रोका।

# जल्द व्हाट्सएप से मेट्रो टिकट होंगे बुक

## बेंगलुरु में इस तरह से होती है बुकिंग, रोजाना 52 हजार मुसाफिर करते हैं सफर

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा मेट्रो में जल्द ही वॉट्सऐप से टिकट बुक किया जा सकेगा। इसके बाद मुसाफिरों को कतार में लगने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही वो घर बैठे ही टिकट बुक कर सकेंगे। ये सुविधा अभी कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में है। अब इसी तर्ज पर एनएमआरसी इस सुविधा को नोएडा में लेकर आ रहा है।

इन दिनों नोएडा में रोजाना करीब 52 हजार से ज्यादा मुसाफिर मेट्रो में सफर करते हैं। इनको इस नई सुविधा से फायदा होगा। नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी डॉ. लोकेश एम ने बताया कि एक नंबर जारी किया जाएगा। जिस पर HI



लिखने के बाद आगे की प्रक्रिया होगी। टिकट बुक हो सकेगा।

**29 किमी में 21 मेट्रो स्टेशन:** नोएडा में मेट्रो 29 किमी का दायरा कवर करती है। सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक कुल 21 मेट्रो स्टेशन हैं। इसके अलावा नोएडा बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142, ग्रेटर नोएडा डीपो से बोडाकी और ग्रेनो वेस्ट से नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित है। इन सभी की फाइल केंद्र सरकार के पास है। जल्द ही मंजूरी मिलेगी। ऐसे में लाखों मुसाफिरों को इसका फायदा होगा। इसके लिए एनएमआरसी की टेक्निकल टीम अपना वर्क कर रही है। जल्द ही नंबर जारी किया जाएगा।

# ग्रेनो व ग्रेनो वेस्ट में बन रहे चार यूजीआर, पानी की किल्लत होगी दूर

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में जलापूर्ति को बेहतर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 4 भूमिगत जलाशयों का निर्माण करा रहा है। ये जलाशय टेकजोन फोर, सेक्टर दो, सेक्टर तीन और ईटा टू में बन रहे हैं। इन जलाशयों के बनने से सेक्टरों व सोसाइटियों में भूजल और गंगाजल मिश्रित पानी की भरपूर आपूर्ति हो सकेगी।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जल विभाग को जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

प्राधिकरण के जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से तीन नए जलाशयों का निर्माण कराया जा रहा है। ये जलाशय इस साल के अंत तक बनकर तैयार हो जाएंगे। ये जलाशय टेकजोन-फोर, सेक्टर दो व तीन में बन रहे हैं। सेक्टर टेकजोन - 4 के जलाशय की क्षमता 10 हजार केएलडी है। सेक्टर-2 में 6 हजार केएलडी और सेक्टर-3 में 3 हजार केएलडी क्षमता के यूजीआर बनाए जा रहे हैं। इनके बन जाने के बाद गंगाजल और भूजल मिश्रित पानी की आपूर्ति हो सकेगी।

टेकजोन फोर के यूजीआर से आसपास की 19 सोसाइटियों और संस्थानों में जलापूर्ति हो सकेगी, जिनमें हिमालया प्राइड, चेरी काउंटी, फ्यूजन होम्स, ग्रीन आर्क, जेएम फ्लोरेंस, स्प्रिंग मीडोज, समृद्धि, मेफेयर, ला रेजिडेंशिया, हवेलिया, एनएक्स वन, गौर सौंदर्यम, निराला एस्टेट, ऐस एस्पायर, लेजर पार्क, रॉयल नेस्ट, गैलेक्सी वेगा, पंचतत्व और आम्रपाली लेजर पार्क आदि शामिल हैं। इसी तरह सेक्टर 2 के यूजीआर से सेक्टर-2 के ही ब्लॉक ए, बी, सी, डी, ई और एफ तथा इराज संपूर्णम और निराला आदि सोसाइटियों को पानी आपूर्ति होगी। वहीं सेक्टर-3 के यूजीआर से जनता फ्लैट और सेक्टर-3 के ए, बी, सी और डी ब्लॉक में जलापूर्ति की जाएगी।

इसके अतिरिक्त एक अन्य यूजीआर सेक्टर ईटा टू में 1500 केएलडी क्षमता का बनाया जा रहा है। इस साल के अंत तक यह यूजीआर भी बन जाएगा, जिससे आसपास के रिहायशी एरिया जलापूर्ति और बेहतर हो सकेगी।

# सड़क हादसों में दो की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर ईकोटेक तीन और दादरी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात अलग-अलग जगह हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी वाहन चालकों की तलाश में जुटी है। ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली अशोक नगर वसुंधरा एन्क्लेव में रहने वाले मुस्ताक ने मुकदमा दर्ज करवाया है। मुस्ताक ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई शाहिद ग्रेनो वेस्ट में रोडी बदरपुर सप्लाई का काम करता था। मंगलवार की रात वह बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। सीआरपीएफ कैंप के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में शाहिद की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। दादरी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कस्बे के ठाकुरान मोहल्ले का रहने वाला सुमित ई रिक्शा चलाता था। बील गांव के समीप जीटी रोड पर कोई अज्ञात वाहन तेजी से उसके बराबर से निकला। इसी बीच सुमित का ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके नीचे दबने से सुमित गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सुमित के भाई मनोज ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

# ट्रांसफार्मर से करंट लगने से नौ साल का बच्चा झुलसा

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। दनकौर के सरकारी अस्पताल के पास एक खुले ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने की घटना सामने आई है। बड़ा मोहल्ला निवासी संजीव का 9 वर्षीय बेटा कृष मंगलवार शाम पतंग उड़ा रहा था। पतंग ट्रांसफॉर्मर के पास जाने पर उसे लेने गया बच्चा करंट की चपेट में आ गया।

घायल बच्चे को पहले ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। पीड़ित के मामा प्रिंस ने बताया कि हादसे में बच्चे का एक हाथ बुरी तरह प्रभावित हुआ है। परिवार का आरोप है कि यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। विभाग ने ट्रांसफॉर्मर को खुले में रखा है और उसकी लोहे की जाली भी खराब स्थिति में है। परिजनों ने इस मामले में पुलिस से शिकायत करने की बात कही है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# मेट्रो स्टेशनों पर ऑटो-बस की सुविधा बढ़ेगी

नोएडा। मेट्रो स्टेशनों पर ऑटो-बस सुविधाएं बढ़ाने की योजनाओं में नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) तेजी लाएगा। गोवा में दो दिवसीय नेशनल मेट्रो कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कांफ्रेंस में स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाने के अलावा मेट्रो लाइन के आसपास के 500 मीटर दायरे को भी विकसित करने को लेकर चर्चा हुई। इस कांफ्रेंस में देशभर से मेट्रो के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें नोएडा से एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक महेंद्र प्रसाद शामिल हुए। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि मेट्रो में सफर करने वाले सवारियों की सहूलियत के लिए क्या-क्या और सुविधाएं दी जा सकती हैं।

# लूटपाट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये लोग राह चलते लोगों से लूटपाट की घटना करते थे। दोनों पर करीब 30 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। ये दोनों मिलकर दिल्ली, नोएडा और अन्य स्थानों पर लूटपाट की घटना करते हैं। इनकी पहचान रविंद्र कसाना उर्फ बल्लू और पुनीत अरोड़ा हुई है।

थाना सेक्टर-113 पुलिस अपने क्षेत्र के निजी अस्पताल के पास चौकिंग कर रही थी। सामने से एक मोटरसाइकिल पर 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने बाइक को रुकने का



इशारा किया। बाइक सवार व्यक्तियों ने बाइक मोड़ी और पुश्ता रोड पर भगाने का प्रयास करने लगे। पानी होने की वजह से बाइक फिसल गई। अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

**जवाबी फायरिंग में दोनों के लगी गोली:** पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लेते हुए फायर किया। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान रविन्द्र कसाना उर्फ बल्लू और पुनीत अरोड़ा हुई है। दोनों की उम्र क्रमश 35 और 37 साल है। ये दोनों दिल्ली के बुराड़ी के रहने वाले है। इसमें रविंद्र पर 15 मुकदमे और पुनीत पर 13 मुकदमे दर्ज है। अधिकाश मामले दिल्ली के है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। इनके पास से तमंचा, 2 स्नैचिंग की गई पीली धातु की टूटी हुई चेन बरामद की गई है।

# पुरा महादेव मंदिर पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## लाखों श्रद्धालुओं ने किया भगवान आशुतोष का जलाभिषेक, हर-हर महादेव के उदघोष से गूंजा पुरा महादेव





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बागपत।** श्रावण मास की महाशिवरात्रि के अवसर पर पुरा महादेव मंदिर समेत सभी देवालयों में बुधवार को जलाभिषेक किया गया। पुरा महादेव मंदिर में लाखों शिवभक्तों ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। इस दौरान पुरामहादेव हर-हर महादेव के उदघोष से गूंज उठा।

हरिद्वार से गंगा का पवित्र जल कांवड़ में लाकर शिवभक्त कांवड़िये मंजिल की ओर बढ़ते गए। बुधवार को शिव चौदस का समय सुबह 4:40 से शुरू होगया। शुभ समय पर जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त कांवड़िये के जत्थे पुरा गांव पहुंचने शुरू हो गए है। धीरे-धीरे भीड़ बढ़ती जा गई। प्रशासन और मंदिर समिति भी अलर्ट रही। वहीं मंदिर में जलाभिषेक जारी है। पुरा गांव स्थित श्री परशुरामेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ियों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। रात्रि से ही कांवड़ियें यहां पहुंचने शुरू हो गए थे। अलसुबह तक लाखों की संख्या में शिवभक्तों का मंदिर और आस-पास में जमावड़ा लग गया। इनमें काफी संख्या में भक्त जलार्पित करने के बाद गंतव्य की ओर बढ़ते जा रहे है। मंदिर में भक्तों का ठहराव हो गया है। दूर दराज के जाने वाले कांवड़ियां जलअर्पित करने के बाद गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। महाशिव. रात्रि के अवसर पर अलसुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था और भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की लाइन लगी थी। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भोले बम-बम, हर-हर महादेव व जय-जय गंगे का उदघोष से क्षेत्र शिव की भक्ति से सराबोर हो गया। सुबह 4:40 पर शुभ मुहर्त के अनुसार पुरा महादेव मंदिर पर झंडा पूजन शुरू हुआ। मंदिर के पूजारी जयभगवान शर्मा समेत अन्य पूजारी ने मंत्रोच्चार किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जयभगवान ने विधि विधान के अनुसार झंडा रोहण किया। इसके बाद शिवरात्रि का जलाभिषेक शुरू किया गया। श्रद्धांलुओ ने भगवान आशुतोष पर जलाभिषेक कर परिवार में सुख शांति की कामना की।

### जलाभिषेक लगातार जारी

3.40 बजे जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक बागपत द्वारा पुरा महादेव मंदिर में शिवरात्रि के अवसर पर झंडा पूजन करने के बाद भक्तों ने जिलाधिकारी व एसपी बागपत के साथ मिलकर शिवरात्रि का जलाभिषेक किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जयभगवान शर्मा ने बताया कि मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक लगातार जारी है। प्रशासन के साथ मंदिर समिति के पदाधिकारी भी जिम्मेदारी से कार्य में जुटे हुए है।

### दुकानों पर कांवड़िये कर रहे खरीदारी

पुरा महादेव मंदिर के आस-पास लगी दुकानों से कांवड़िये खरीदारी कर रहे है। पत्नी के लिए श्रृंगार का सामान खरीदा, वहीं बच्चों के लिए खिलौनी की भी खरीदारी की। मंदिर के आस-पास श्रद्धालुओं ने शिवभक्त कांवड़ियों के लिए भंडारे लगाए हुए है। यहां पर श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ियों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

### पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। सीसीटीवी कैमरो, ड्रोन कैमरों, बम निरोधक दस्ता, डाग स्क्वायड, पीएसी, आरएएफ, घुड़सवार पुलिस मेले की सुरक्षा में मुस्तैद रही। मंडलायुक्त हृषिकेश भास्कर



यशोद, डीआइजी कलानिधि नैथानी, डीएम अस्मिता लाल और एसपी सूरज कुमार राय ने मेले का निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा मिले।

# भोले बाबा के जयकारों से गूंजा जनपद का पुरा महादेव मंदिर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भक्ति की शक्ति और सनातन परंपरा का अनूठा उदाहरण है कावड़ यात्रा इसी क्रम जनपद बागपत में कावड़ शिवभक्तों का सैलाब रहता है। जनपद के श्री परशुरामेश्वर महादेव मंदिर पूरा पर श्रवण मास की महाशिवरात्रि का प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु शिव भक्त कावड़िया हरिद्वार एवं विभिन्न स्थानों से पैदल पवित्र गंगाजल लेकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं जिसमें पूरा महादेव मंदिर की मान्यता और प्राचीनता मानी जाती है और श्रद्धालु अपने गंतव्य स्थानों को प्रस्थान बागपत से भी करते हैं।

श्रवण मास की महाशिवरात्रि का मुख्य जलाभिषेक एवं झंडारोहण कार्यक्रम में जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय रहे, झंडारोहण पूर्वाहन 4 बजकर 35 मिनट पर हुआ पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी जय भगवान शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी सभी श्रद्धालुओं का स्वागत व अभिनंदन किया। परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में आयोजित जलाभिषेक में पुलिस प्रशासन के साथ साथ स्काउट एंड गाइड, माय भारत स्वयंसेवकों ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह,सहित मंदिर कमेटी के सम्मानित सदस्य, आदि अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने लिया मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद का प्राचीन और ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर इस वर्ष भी सावन माह की महा. शिवरात्रि पर 'हर हर महादेव' के उदघोष से गूंज उठा। श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह का यह अनुपम संगम बुधवार को तब देखने को मिला, जब हजारों शिवभक्तों ने हरिद्वार व अन्य तीर्थ स्थलों से पवित्र गंगाजल लाकर परशुरामेश्वर महादेव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और मनोक. ामनाओं की पूर्ति की कामना की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के नेतृत्व में पौराणिक सिद्धपीठ पुरामहादेव मंदिर पर लगे श्रावणी कांवड़ मेला शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।



प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा व श्रावणी मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेला क्षेत्र को 8 जोन और 32 सेक्टर में विभाजित किया गया था।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय स्वयं लगातार क्षेत्रीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे एवं नियमित रूप से कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही पुरा महादेव मंदिर पर कैंप भी किया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने प्रशासन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार प्रकट कर कांवड़ मेले को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और मंगलमय संपन्न कराने में सभी विभागों के टीमवर्क की सराहना की। कांवड़ मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी की रौनक दिनभर बनी रही। प्रसाद, पूजन सामग्री, खिलौनों, आभूषणों व स्थानीय व्यंजनों की दुकानों पर भीड़ उमड़ती रही। वहीं शिवलिंग पर जलाभिषेक हेतु आए श्रद्धालुओं की आस्था एवं संयम भी खूब देखते बना।

इस अवसर पर अपर जिला. धिकारी पंकज वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम न्यायिक शिव नारायण, मेला मजिस्ट्रेट भावना सिंह, एसडीएम मनीष यादव, निकेत वर्मा, डिप्टी कलेक्टर अमरचंद वर्मा, ज्योति शर्मा अधिशासी अधिकारी बागपत के के भड़ाना वीरज त्रिपाठी हरी लाल पटेल अन्य जनपदों से आए अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, मंदिर समिति के सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएमओ डा. यशवीर ने की कांवडियों की सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऐतिहासिक पुरा महादेव मेला बुधवार को पूरे शबाब पर आ गया। श्रावणी मेला परिसर में लाखों की संख्या में शिव भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर शिव को बुधवार सुबह चार बजे के बाद जल चढना प्रारम्भ किया गया। ऐसे में लाखों कावंडियां मेला परिसर में पहुंचे। स्वास्थ्य शिविरों में कावंडियों को सेवा दी गई। ऐसे में खुद मेला प्रभारी डिप्टी सीएमओ डा. यशवीर सिंह ने कांवडियों को सेवा दी। उनके पैरों के घावों को साफ कर मलहम पटटी की। मेले मे चिकित्सा शिविर में लाउडस्पीकर के जरिए सभी बोलो से आवाहन होता रहा की सभी बोले चिकित्सा शिविर में आकर अपना उपचार कराये। स्वास्थ्य विभाग की टीम बराबर मेला परिसर में चिकित्सा शिविर लगाकर शिव भक्तों की सेवा करती रही स्वास्थ्य विभाग से पीएचसी प्रभारी डा. आमिर, डा. सोनल, डा. मीना, प्रवेन्द्र कुमार, सतीश गिरी, पुलकित, विपिन कुमार आदि स्वास्थ्यकमह्न मौजूद रहे।

## एक नजर



# सेवानिवृत्ति शिक्षकों को नेशनल वेतन वृद्धि देने पर बनी सहमतिः वीरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र सिंह ने लखनऊ से लौटकर पत्रकारों के साथ वार्ता में बताया कि काफी मशक्कत के बाद यह मामला सुलझ गया है। लखनऊ में प्रदेश के शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव से मुलाकात कर उन्हें बताया गया कि प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में मेरठ मंडल के अलावा अन्य मंडलों के सेवानिवृत शिक्षकों को गत तीन माह से यह लाभ दिया जा रहा है। कहा कि इस मंडल में लेखाधिकारी न होने के कारण यह कार्य कोषाधिकारी को सौंपा गया था जो अपनी शैली के अनुरूप विभिन्न अड़ंगा लगा रहे थे।

बताया कि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी व शिक्षक दल के नेता ध्रूव कुमार त्रिपाठी के कड़े रूख पर शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव ने इस मंडल में अलग से लेखाधिकारी की व्यवस्था कर उप शिक्षा निदेशक मेरठ को यथाशीघ्र नेशनल वेतन वृद्धि देने की पत्रावलियों पर सकारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षक नेता वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उप शिक्षा निदेशक मेरठ ने 17 पत्रावलियों को लेखाधिकारी के पास भिजवा दिया गया है। इस बारे में मेरठ मंडल के शिक्षक नेता 24 जुलाई को अपनी टीम के साथ जाकर लेखाधिकारी से स्वीकृत करायेगे। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह के साथ मीडिया प्रभारी अजय राज शर्मा भी मौजूद रहे।

# निःशुल्क कांवड़ चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र में भगवती कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी बड़ौत द्वारा दाहा - बड़ौत मार्ग पर कावड़ यात्रा करने वाले कावड़ियों के लिए निःशुल्क कावड़ चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संयोजको ने कहा कि शिव भक्त कावड़ियों की सेवा करना बहुत ही पुण्य कार्य है।



भगवती कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी से निदेशक डाक्टर अन्नु चौधरी के नेतृत्व में इच्छा शिविर लगाया गया। इस अवसर पर निदेशक अन्नु चौधरी ने कहा की कावड़ियाओं की सेवा करना पावन धर्म हमारा है। शिव भक्तों की सेवा करने से पुण्य लाभ मिलता है। शिविर में मुख्य अतिथि डा. अन्नु चौधरी ने कहा की चिकित्सा के क्षेत्र में भगवती कॉलेज आफ़ फार्मेसी पश्चिमी उत्तर प्रदेश का लोकप्रिय कॉलेज है इस संस्थान के छात्र पश्चिम उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा की यह प्रथम शिविर था जिसमे संस्थान के छात्रों एवं स्टाफ ने सहयोग करते हुए प्रतिदिन शिव भक्तो को ठंडा पानी तथा फल वितरित किये। यात्रा के दौरान विशेष रूप से निशुल्क चिकित्सा जैसे दवा वितरण एवं उपचार भी किया गया। इस अवसर पर संस्थान की निर्देशक द्वारा भी जल का वितरण कर यात्रा हेतु शुभकामनाये दी गयी। शिविर का संचालन अक्षित कुमार द्वारा किया गया।

# अपने बच्चों की तरह ही करे पौधों की देखभालः भाटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** क्षेत्र के नोरोजपुर गुर्जर गांव में स्तिथ शिव मंदिर में भंडारे एवं पोधा रोपण कार्यक्रम हुआ जिसमे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटी ने पौधा लगाते हुए कहा कि हमे अपने बच्चो की तरह ही पौधो की भी देखभाल करनी चाहिए।



बुधवार को शिव रात्रि के अवसर पर जहा पूरे देश में शिवालयों मे भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया है तथा जगह जगह भंडारों का आयोजन किया गया, वही बागपत क्षेत्र के गांव नोरोजपुर गुर्जर में स्थित शिव मंदिर में भंडारे के साथ साथ पोधा रोपण भी किया गया। समा. जवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटी ने पोधा रोपित करते हुए कहा कि आज पृथ्वी पर प्रदूषण बढ़ता जा रहा है जिसे रोकने की हम सब की जिम्मेदारी है हमे पर्व त्योहारों को यादगार बनाने के लिए पोधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने स्वार्थ की वजह से पेड़ो को समाप्त करने में लगा है। हमे पेड़ लगाकर अपने बच्चो की तरह ही उनकी देख भाल करनी चाहिए। इस मौके पर अरुण प्रधान देवेंद्र, बिरमपाल, मुस्तकीम, तनिसा भाटी, वीरेंद्र भाटी , महेश पाल कश्यप सचिन मान राजेंद्र भाटी आदि उपस्तिथ रहे।

# तीसरे दिन भी जगमगाता रहा पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाला चार दिवसीय मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** क्षेत्र में लगने वाला सावन माह का श्रावणी मेला तीसरे दिन बुधवार को भी जगमगाता रहा पुरा महादेव मंदिर पर 21 जुलाई से 24 जुलाई तक चार दिवसीय मेला लगा हुआ है जिसमें कावड़िया जलाभिषेक करते हुए अपने-अपने गांव अपने शिवालयों की तरफ जा रहे हैं, वहीं आसपास के क्षेत्रीय श्रद्धालु भी मंदिर परिसर में जलाभिषेक करने के बाद मेला परिसर में लगी दुकानों पर खरीदारी करने में जुटे हुए हैं।

पुरा महादेव मंदिर पर एक से बढ़कर एक दुकान सजी हुई है ग्राहक भी दुकानों पर मेले में जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेले में लगी दुकानों की दुकानदार बताते हैं कि इस बार दुकानदारी में भी बड़ा इजाफा हुआ है। भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर को विधि विधान के अनुसार मान्यता के अनुसार सजाया गया है। जगमगाता हुआ परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर अपने आप में एक ऐतिहासिक प्राचीन समय का 3000 साल पुराना मंदिर बताया जा रहा है। इस शिवलिंग की स्थापना लगभग 3000 वर्ष पूर्व भगवान परशुराम ने की थी तभी से पुरा महादेव मंदिर पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। फिर इस शिवलिंग का आकार बड़ा हो गया शिवलिंग का आकार पूरा होने पर यह गांव पुरा महादेव के नाम से प्रसिद्ध हो गया तभी से यहां पर लाखों की संख्या में हरिद्वार से गंगाजल कावड़ लाकर शिव भक्त जलाभिषेक करते है।

# महाशिवरात्रि पर यज्ञ व भंडारे का आयोजन, सौहार्द का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** महाशिवरात्रि के अवसर पर गांव लूंब स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बुधवार को भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांववासियों की मौजूदगी में विधिवत रूप से यज्ञ किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें पहले कन्याओं को भोजन कराकर प्रसाद वितरण शुरू किया गया।

शिव मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडितों द्वारा यज्ञ कराया गया। यज्ञ में गांव के दर्जनों लोगों ने आहुतियां देकर भाग लिया। आयोजन के पश्चात कन्या पूजन कर उन्हें आदरपूर्वक भोजन कराया गया। इसके बाद में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में



गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाने में दिनभर श्रमदान किया। भंडारे में सभी समुदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन कर सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंडित जग रोशन शर्मा, पंडित ओमवीर शर्मा, विश्व जाट सभा के जिला अध्यक्ष संजीव, डायरेक्टर राहुल फौजी प्रधान पद के उम्मीदवार डा. अरविंद चौहान, डा. बिना, डा. स्वदेश, युवा किसान नेता विक्की चौहान, समाजसेवी मनीष राजेन्द्र, खलीफा, संदीप बाबा, मास्टर पवन, कुलदीप पत्रकार, पूर्व प्रधान सुभाष चौधरी, समाजसेवी सत्यप्रकाश ठेकदार, सचिन ठेकदार, शिवम, पिंटू, राजीव निखिल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जनपद में ई-गवर्नेस का सफल मॉडल बना कांवड़ यात्रा एप

**बागपत।** श्रावण मास में परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर आयोजित होने वाले कांवड़ मेले में पहली बार विशेष डिजिटल तकनीकी का उपयोग किया गया। सूचना विभाग द्वारा विकसित किए गए कांवड़ यात्रा एप पर प्रशासन द्वारा किए गए संबधी प्रबंधों, व्यवस्थाओं की जानकारी एक क्लिक पर मिली जिसका उपयोग 28,520 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया। परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर आयोजित ऐतिहासिक मेले में 'कांवड़ यात्रा एप' ने प्रशासन और श्रद्धालुओं के बीच नई डिजिटल सेतु की भूमिका निभाई। डीएम अस्मिता लाल ने बताया कि डिजिटल युग में जब स्मार्टफोन का उपयोग बढ़ रहा है ऐसे में कांवड़ियों की यात्रा को सरल, सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से ई गवर्नेंस के लिए कांवड़ यात्रा एप का प्रयोग किया गया जो बेहद सफल रहा। बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने एप का प्रयोग कर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का लाभ लिया।


**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद रिजवान अब्दुल वाहीद कुरेशी कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
मोहम्मद रिजवान अब्दुल वाहीद कुरेशी निवासी पट्‌टी चौधरान कस्बा बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्री ईशिका के स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम ईशिका डागर व उसकी माता का नाम बबीता देवी है जोकि सही नही है जबकि उसका सही नाम ईशिका व माता का नाम बबीता है।
सन्दीप कुमार पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ग्राम नौरोजपुर गुजर तहसील व जनपद बागपत।

# डिलीवरी के दौरान महिला की मौत, हंगामा

## बच्चे की भी हुई मौत, सरधना सीएचसी का है मामला, बिना कार्रवाई के लौटे परिजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार को सरधना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव पीड़ा के दौरान महिला व गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई। महिला की मौत पर परिजनों ने इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, बाद में लोगों के समझाने के बाद परिजन महिला को बिना किसी कार्यवाही के किये अपने साथ ले गये।

कैराना निवासी सहरोज अपने परिवार के साथ थाना क्षेत्र के गांव नवाबगढ़ी में एक वर्ष से किराए के मकान में रह रहा है। सहरोज की पत्नी शमा उम्र करीब 35 वर्ष गर्भवती थी, जिसका इलाज सरधना सामुयादिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चल रहा था। बुधवार सुबह शमा को प्रसव पीड़ा हुई थी, परिजनों के साथ आशा ने महिला को करीब 12 बजे अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान महिला की असहनीय दर्द के दौरान अस्पताल में ही मौत हो गई, जबकि कुछ देर तक शिशु की सासें चलती रही, लेकिन कुछ देर बाद बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ गांव के लोग मौके पर पहुंचे, ओर इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। काफी देर तक हंगामे के दौरान लोगों ने परिजनों को शांत कराया। बाद में परिजन बिना किसी कार्यवाही के चले गये। मृतक महिला को कैराना के लिए रवाना हो गए। जहां पर गमगीन माहौल में महिला को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। इस दौरान ड्यूटी इंचार्ज डाक्टर रचना का कहना है कि महिला चौथे बच्चे को जन्म देने वाली थी, लेकिन प्रसव पीड़ा न झेलने की वजह से ही उसकी मौत हुई है, डाक्टर ने लापरवाही के आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

# डॉ. रवि शंकर शर्मा को मिला परीक्षितगढ़ सीएचसी का चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के सीएचसी प्रभारी डाक्टर अमर सिंह को मेरठ नगर में नगर स्वास्थ्य अधिकारी बनाए जाने के बाद पूर्व में रहे डॉ. रवि शंकर शर्मा को परीक्षितगढ़ सीएचसी प्रभारी तैनात किया गया है। डॉ. रवि शंकर शर्मा ने मंगलवार को सीएचसी पर पहुंचकर अपना चार्ज लिया जहां सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने उनका स्वागत किया। डॉ. रवि शंकर शर्मा अपने मधुर व्यवहार के कारण काफी लोकप्रिय रहे थे मगर कुंभ ड्यूटी पर जाने के कारण सीएमओ ने डाक्टर अमर सिंह को सीएचसी परीक्षितगढ़ का प्रभारी बना दिया था, अब दोबारा प्रभारी बनने पर कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। वहीं सीएचसी प्रभारी डाक्टर रविशंकर शर्मा ने बताया कि उनके खिलाफ जो दुष्प्रचार किया गया है वह सब गलत था।

# यातायात ड्यूटी में अच्छा कार्य करने पर आरक्षी विवेक कुमार हुए सम्मानित

- एसएसपी और डीएम ने किया उत्साहवर्धन
- कांवड़ यात्रा में यातायात प्रबंधन में दिखाई थी मुस्तैदी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में तैनात आरक्षी विवेक कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा एवं जिलाधिकारी वी. के. सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया।

आरक्षी विवेक कुमार ड्यूटी प्वाइंट पर पूरी मुस्तैदी और सजगता के साथ यातायात व्यवस्था संभालते नजर आए, जिसे लेकर उच्च अधिकारियों ने उनकी प्रशंसा की। यातायात संचालन में उनकी सतर्कता एवं कर्मठता को देखते हुए एसएसपी और डीएम ने उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक कर्मी की भूमिका अहम होती है। आरक्षी विवेक कुमार के सम्मान से अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएंगे।

# भारी बारिश के बीच सरधना में गिरी आकाशीय बिजली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर व देहात क्षेत्र में बुधवार सुबह से हो रही बारिश लोगों की परेशानी का सबक बनकर आई, नगर में ऐतिहासिक चर्च के सामने संत जान सेमिनरी में बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे पीछे के हिस्सें में रखे चारे में आग लग गई, साथ ही पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई, इसके साथ ही दर्जनों परिवारों के बिजली उपकरण भी फूंक गयें। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी की जान का नुकसान नही हुआ। बिजली विभाग ने बारिश रूकने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कराई।

# झमाझम बारिश ने गर्मी से दी राहत, बच्चों ने लिया आनंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शिवरात्रि की सुबह बुधवार को सरधना क्षेत्र में जमकर बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन उससे ज्यादा लोगों को जलभराव से काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ा।

बुधवार सुबह करीब 8 बजे सरधना नगर व देहात क्षेत्र में बिजली की कडकड़ाहट के बीच बादल जमकर बरसें जिससे मौसम काफी सुहाना हो गया। कई घंटों से लगातार बारिश रूक रूक कर होती रही। जिसमें लोगों ने जमकर आनंद उठाया। बारिश के बाद लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। पुलिस चौकी, तहसील रोड, देवी मंदिर, गंज बाजार, कांलद चुंगी आदि मुख्य मार्गों पर जबरदस्त जलभराव हुआ, जिससे जाम की स्थिति भी बनी रही। वहीं बच्चों ने भी भरे पानी का फायदा उठाया।

सैल्यूट मेरठ पुलिस

# शासनादेश और आस्था के बीच तालमेल बैठाकर ड्यूटी निभाती रही पुलिस

- कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने दिन-रात किए एक
- कई बार पुलिस की जान पर भी बन आई लेकिन ड्यूटी में नहीं छोड़ी कोई कसर



एडीजी भानू भास्कर,



डीआईजी कलानिधि नैथानी



एसएसपी विपिन ताडा



एसपी सिटी आयुश विक्रम



एसपी देहात राकेश मिश्र



सीओ मवाना अभिषेक पटेल

**अजय सिंह/शाह टाइम्स**

**मवाना।** ना रात को नींद ली और ना दिन में किया आराम, बस ड्यूटी, ड्यूटी और सिर्फ ड्यूटी। कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों की यात्रा निर्विन संपन्न कराने में हमारी पुलिस ने कोई कोताही नहीं बरती और योद्धा की तरह मैदान में डटी रही। हालांकि शासन द्वारा कांवड़ यात्रा के लिए जारी गाइडलाइन के अनुपालन में पुलिस को कांवड़ियों के आक्रोश का कई बार सामना करना पड़ा, लेकिन बिना सब्र खोए पुलिस ने अपना फर्ज बखूबी निभाया। विषेश रूप से मेरठ व मुजफ्फरनगर पुलिस के आला अधिकारी व तमाम पुलिसकर्मी इसके लिए बधाई के पात्र हैं। क्योंकि कांवड़ियों के हरिद्वार से निकलने के बाद इन्हीं दोनों जनपदों पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी।

### अफसर भी रहे सड़कों पर

कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने इसकी कड़ी तैयारी कर ली थी। यात्रा से पहले प्रदेश के प्रमुख सचिव व डीजीपी ने मेरठ में एडीजी, डीआईजी और जोन के सभी कप्तानों के साथ बैठक कर शासन की मंशा से अवगत करा दिया था। शिवरात्रि से तीन दिन पहले स्वयं सीएम योगी भी मेरठ पहुंचे और उन्होंने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की।

### तालमेल बनाने के साथ जुटी रही पुलिस

यूं तो हरिद्वार से लेकर मेरठ और मुजफ्फरनगर के बीच शिवभक्तों द्वारा तोड़फोड़ की कुछ घटनाएं की गईं। कई बार तो पुलिस की जान पर भी बन आई, लेकिन पुलिसकर्मियों ने शासन की गाइडलाइन का पालन कराने की हर संभव कोशिश की और आस्था का ध्यान रखते हुए कांवड़ियों के साथ तालमेल बनाए रखा। पुलिस ने अपना सब्र भी नहीं खोया और कांवड़ यात्रा में सुरक्षा को लेकर अपनी जान की परवाह न करते हुए कांवड़ियों की सुरक्षित गंतव्य की ओर रवाना किया। जिसके परिणाम स्वरूप बुधवार को कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो गई। जिसके लिए हम मेरठ पुलिस को सैल्यूट करते हैं।

## कांवड़ के अलावा अपराध पर भी काम करती रही मवाना पुलिस

कांवड़ यात्रा के दौरान 15 जुलाई को मवाना नगर में एक युवक की हत्या हो गई थी। एक तरफ कांवड़ यात्रा और दूसरी तरफ अज्ञात हत्यारों को पकड़ने की चुनौती मवाना पुलिस के सामने थी। सीओ अभिषेक पटेल के निर्देशन में इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश मिश्र ने चुनौती को स्वीकार किया और 20 जुलाई को घटना का खुलासा करते हुए एक हत्यारे को मुठभेड़ में घायल कर दिया। कांवड़ यात्रा में भी मवाना पुलिस की मुस्तैदी से क्षेत्र कोई छिटपुट घटना तक नहीं हुई। पुलिस ने अपना काम मुस्तैदी से निपटाया।



इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश

## एक नजर

# मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शिवरात्रि पर बुधवार को मंदिरों पर जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं को लंबी कतारें लगी रही। भारी बारिश के बीच शिवभक्तों ने मंदिर में जल चढ़ाते ही मनोकामना मांगी। शिवरात्रि पर पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद रहा। सरधना नगर स्थित प्राचीन श्री महादेव मंदिर पर हजारों की तादाद में प्रत्येक वर्ष शिवभक्त जल चढ़ाने के लिए रूकते है। बुधवार सुबह शिवरात्रि के लिए मंदिर में जल चढ़ाने के लिए मंगलवार रात्रि से ही लाइन लगी हुई थी। सुबह भारी बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाते हुए भगवान शिव से अपनी मनोकामना मांगी। शिवरात्रि के मौके पर मंदिरों में पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी पर लगा रहा।

# युवती से छेड़छाड़ के विरोध में दो पक्षों में पथराव, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के एक गांव में छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में पथराव हो गया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों का पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया। जहां से एक वृद्ध को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। क्षेत्र के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी में आई एक युवती के साथ गांव के एक युवक ने छेड़छाड़ कर दी। आरोप है कि युवक ने उसके पास पर्ची बनाकर मोबाइल नम्बर फेंका और उस पर बात करने का दबाव बनाया। युवती के मामा को इसका पता चला तो उसने विरोध कर दिया। आरोप है कि इसी से क्षुब्ध होकर आरोपियों ने उनके घर पर हमला कर दिया। कुछ देर बाद उन्होंने पथराव कर दिया। जिसमें तीन लोग घायल हो गये। किसी तरह थाने पहुंचे पीड़ितों ने पुलिस को आपबीती सुनाई और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में उपचार कराया और तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई।

# बाइक सवार बदमाशों ने बैंक मैनेजर से मोबाइल छीना, पीड़ित ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सरधना।** मेरठ करनाल हाईवे पर बेखोफ बदमाशों ने एक बैंक मैनेजर से तमंचो के बल पर मोबाइल छीन लिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और खानापूर्ती कर वापस लौट आई। थाने पहुंचे पीड़ित पर पुलिस ने मोबाइल चोरी होने की तहरीर मांगी। जबकि उसका मोबाइल छीना गया। पीड़ित तहरीर देकर वहां से चला गया। बुढ़ाना निवासी मोहम्द इरशाद पुत्र नूर मोहम्मद मेरठ में बच्चा पार्क स्थित कोटेक महिंद्रा बैंक में मेनेजर है। मंगलवार रात वह अपने साथी फिरोज के साथ बाइक पर सवार होकर बुढ़ाना जा रहा था। जैसे ही वह करनाल हाईवे पर नानू गांव के निकट पहुंचा तो पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उसके तमंचे दिखाए और उसके पास से मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे आतंकित किया और शामली की तरफ फरार हो गए। पीड़ित की सूचना के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित को थाने पहुंचकर तहरीर देने के लिए कहा। उस समय तो पीड़ित अपने घर चला गया। बुधवार को वह थाने पहुंचा। उसने थाने में मोबाइल छीनने की तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने उसकी तहरीर देने से इंकार कर दिया। साथ ही उससे मोबाइल कहीं गिर जाने या चोरी होने की तहरीर मांगी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी और वहां से वापस आ गया। पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल की कीमत लगभग 36 हजार रुपये थी।

# गोपालकों की आपूर्ति करने वाली दो फर्मों के खिलाफ परतापुर में केस दर्ज

## नगर निगम मेरठ की कान्हा उपवन गोशाला में हुई गोवंशों की मौत का मामला

- इनमें एक फर्म मेरठ व दूसरी फर्म कुशीनगर की है, जांच में गोपालक मिले थे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/मवाना।** नगर निगम मेरठ की कान्हा उपवन गोशाला में हुई गोवंशों की मौत के मामले में दो फर्मों पर भी गाज गिर गई है। इस मामले में सहायक नगर आयुक्त नगर निगम मेरठ की ओर से दोनों फर्मों के खिलाफ थाना परतापुर में मुक. दमा दर्ज कराया गया है। इन फर्मों को नगर निगम की ओर से गोवंशों की देखभाल के लिए गोपालकों कर्मचारियों की आपूर्ति आउटसोर्सिंग से कराने का ठेका दिया गया था। इनमें एक फर्म मेरठ की है और दूसरी फर्म जनपद कुशीनगर की है। मेरठ के आरोपी फर्म संचालक अब फरार बताए जा रहे हैं।

यह था मामला: नगर निगम मेरठ द्वारा संच. ालित सीएम योगी की प्राथमिकता वाली योजना कान्हा उपवन गौशाला में पांच गोवंशों की मौत हो गई थी। इस गोशाला में करीब 2500 गोवंशों का आश्रय है। कुछ दिन पूर्व अव्यवस्था और अफसरों की लापरवाही से पांच गोवंशों की मौत हो गई थी। मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जांच में गोशाला में भारी अनियमितता देखने को मिली। करीब 40 लाख रुपया प्रतिमाह फंडिंग होने के बावजूद गोवंश भूख से तड़पते और दयनीय हालत में मिले थे। इस मामले में 21 जुलाई को थाना सिविल लाइन में नगर निगम के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कुलद. ीप कुमार ने सरकारी धन के गबन व पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। सिविल लाइन पुलिस ने नामजद आरोपी पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी/प्रभारी कान्हा उपवन गोशाला डॉ. हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दूसरे नामजद आरोपी तत्कालीन केयर टेकर गोशाला भारत फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में सरगर्मी से जुटी है।

### एक दिन पहले थाना परतापुर में हुआ था केस दर्ज

सिविल लाइन थाने में दर्ज हुए केस से एक दिन पहले यानि 20 जुलाई को इस संबंध में पहला मुकदमा दर्ज कराया गया था। सहायक अपर आयुक्त नगर निगम मेरठ शरद कुमार पाल ने मैसर्स जैन कंप्यूटर्स मेरठ व शिवम इण्टरप्राइजेज कुशीनगर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 223 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11/1(एच) के तहत केस दर्ज कराया। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया कि गोशाला में गोवंशों की देखभाल के लिए उक्त दोनों फर्मों द्वारा गोपालकों की आपूर्ति आउटसोर्स के माध्यम से की जाती है। निरीक्षण के समय संज्ञान में आया कि फर्मों द्वारा आपूर्ति किए गए गोपालक कर्मचारी निर्धारित संख्या में पिछले कई दिनों से अनुपस्थित चल रहे थे और जो गोपालक उपस्थित भी थे, वे भी अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से नहीं निभा रहे थे। जिसके कारण स्टॉक में होने के बावजूद भी गोवंशों को भूसा-चारा व पानी समय से नहीं दिया जा रहा था। इस संबंध में लिखित व मौखिक रूप से फर्मों को अवगत कराया गया, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ और न ही निर्धारित समय में उनके द्वारा कोई उत्तर दिया गया। फर्मों की घोर लापरवाही से गोवंशों की यह दूर्दशा हुई है। मुकदमें के बाद मेरठ के फर्म संचालक फरार बताए जा रहे हैं।

# नवाबगढ़ी में युवक पर तमंचा ताना हत्या की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नवाबगढ़ी गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंग युवक ने एक युवक पर तमंचा तान दिया। शोर मचाने पर परिजन आए तो आरोपी उसे हत्या की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने जान को खतरा बताकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। तहसीन पुत्र यासीन ने तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही एक युवक उससे रंजिश रखता है। बुधवार सुबह वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था। आरोप है कि इसी बीच आरोपी युवक वहां आ गया। उसने आते ही उसे गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उस पर तमंचा तान दिया। उसके पिता यासीन ने यह सब देखकर शोर मचा दिया। तहसीन ने घर में घुसकर अपनी जान बचाई और थाने में तहरीर दी है।

# मैं भी आपके दर्द में हमदर्द हूं...

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** बुधवार को शिवरात्रि पर्व पर बुढ़ाना गेट के एतिहासिक मंदिर पर कांवड़ियों का जमावड़ा इसी बीच झमाझम बारिश शायद इंद्र देवता कह रहे थे कि आज ही सारी वर्षा करूंगा। देखते ही देखते पुलिस चौकी से लेकर बच्चा पार्क तक बरसाती नदी जैसा माहौल बन गया जिससे वहां के लोग हलकान हो गये और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन करने लगे बात इतनी बढ़ गई कि डीएम वी.के. सिंह को मौके पर पहुंचना पड़ा लेकिन जिलाधिकारी के आश्वासन से व्यापारी शांत नहीं हुए और पार्षद संदीप रेवड़ी वालों ने डाक्टर वी. के. सिंह को पानी में चलने की और हकीकत जानने की चुनौती दे दी। लेकिन जिलाधिकारी ने माहौल को बहुत ही संजीदगी से लेते हुए पार्षद के साथ बुढ़ाना गेट से बच्चा पार्क तक पैदल चलकर आये और बरसाती नदी बन चुके गंदे पानी में जिलाधिकारी वी.के. सिंह घुटनों तक डूबते नजर आये। इस दौरान उनके साथ पार्षद संदीप कुछ प्रशास. निक अधिकारी व सामाजिक लोग मौजूद रहे। जिलाधिकारी की उपस्थिति कह रही थी कि वह भी जनता के दर्द में हमदर्द हैं।

### सूझबूझ भरा कदम

जिलाधिकारी वी.के. सिंह ने महानगर के प्रथम मेयर अरूण जैन की यादें ताजा कर दी वह भी इसी अंदाज में एक बार नाले में उतर गये थे। आशा है जिलाधिकारी महानगर की जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेकर एक्शन प्लान लाएंगें

# बपारसी गांव में दो घरों से लाखों का सामान समेटकर ले गए बदमाश

- दोनों परिवार के लोगों ने थाने में दी बदमाशों के खिलाफ तहरीर
- पुलिस ने थाने पहुंचे पीड़ितों को दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार देर रात अज्ञात बदमाश बपारसी गांव में दो घरों से लाखों का सामान समेटकर ले गए। दोनों घरों में परिवार के सदस्य चैन की नींद सोते रहे और बदमाश उनके घर का सामान साफ करके चले गए। पीड़ितों ने थाने में घटना की तहरीर दी है। बपारसी निवासी दिनेश पुत्र नाहर सिंह ने बताया कि देर रात वो अपने परिवार के सदस्यों के साथ सोया हुआ था। इसी बीच अज्ञात बदमाश उसके घर में घुस आए।

उन्होंने एक बंद कमरे को खोल. कर उसके अंदर रखी अलमारी में से 55 हजार रुपये की नगदी, सोने चांदी के कीमती आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा बदमाशों ने मकान के अंदर ही रही उसकी दुकान से भी काफी सामान चोरी किया। दूसरी घटना बदमाशों ने सोमपाल पुत्र प्रेमपाल के यहां की। यहां से बदमाश घर में रखा एक बक्सा चोरी करके ले गए। जिसमें नगदी व सोने चांदी के आभूषण व महत्वपूर्ण दस्तावेज होने की बात कही गई है। बुधवार सुबह दोनों घरों में रहे परिवार के सदस्यों की आंख खुली तो चोरी का पता चला। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# फलावदा के बेटे बने नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फलावदा।** कस्बे के दो सगे भाइयों आदित्य माक. ोरवाल और अंश माकोरवाल पुत्रगण सतीश कुमार, ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर मेरठ और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर दिया है।

दोनों ने नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते हैं और अब भारत की राष्ट्रीय टीम में अबू धाबी में होने वाली वर्ल्ड किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव अरविंद शेरवा. लिया ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई थी, जिसमें 28 राज्यों, 5 केंद्र शासित प्रदेशों और सर्विसेज बोर्ड से आए कुल 1200 खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रतियोगिता का समापन छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। दोनों भाई को पदक जीतने के बाद वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने शुभकामनाए देकर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर भारत देश का नाम रोशन करने की कामना की। आदित्य माकोरवाल -57 किग्रा वर्ग ने छह मुकाबलों में विरोधियों को एकतरफा मात दी। फाइनल में पंजाब को 18-8 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंश माकोरवाल -94 किग्रा वर्ग ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए, हरियाणा को 18-10 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए दोनों खिलाड़ियों ने अपने पिता सतीश कुमार, उत्तर प्रदेश किकबॉक्सिंग संघ के महासचिव अरविंद शेरवालिया और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल का विशेष धन्यवाद दिया। कस्बे की मिट्टी से निकले ये दो सितारे आज देश के लिए गौरव बन चुके हैं। आने वाले नवंबर में अबू धाबी में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में इनका प्रतिनिधित्व पूरे भारत की उम्मीदों को लेकर होगा।




# हरमनप्रीत ब्रिगेड ने जीती वनडे सीरीज

**● हरमनप्रीत कौर का शतक, क्रांति गौड़ की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को हराया**

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (102) की शानदार शतकीय पारी के बाद क्रांति गौड़ (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 13 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली है।

319 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की महिला टीम शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। टैमी बोमॉन्ट (दो) एमी जोंस (चार) को क्रांति गौड ने आउट किया। इसके बाद एमा लैंब और नेट शिवर ब्रंट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 162 रनों की साझेदारी हुई। जब तक ये दोनों खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रही थी तो ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आसानी से यह मुकाबला जीत लेगा, लेकिन 31वें ओवर में श्रीचरणी ने एमा लैंब 81 गेंदों में (68) को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद 35वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शतक की ओर बढ़ रही नेट शिवर ब्रंट 105 गेंदों में (98) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने मोर्चा संभाला, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें पिच पर अधिक देर टिकने नहीं दिया। पांचवें विकेट के रूप में सोफिया डंकली (34) रन आउट हुई। ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स (44) को गौड़ ने राधा यादव के हाथों कैच आउट कराया। शार्लेट डीन (21), लॉरेन फाइलर (शून्य) और लॉरेन बेल (सात) को भी गौड़ ने आउट किया। भारत ने 49.5 ओवर में इंग्लैंड को 305 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 13 रनों से अपने नाम कर लिया। 84 गेंदों मे 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को 'प्लेयर ऑफ मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। भारत की ओर से क्रांति गौड़ ने 9-5 में 52 रन देकर छह विकेट लिए। श्रीचरणी को दो विकेट मिले। दीप्ति शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 64 रन जोड़े। 13वें ओवर में शार्लेट डीन ने प्रतिका रावल (26) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 18वें ओवर में स्मृति मंधाना (45) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हरलीन देओल के साथ 81 रनों की साझेदारी की। हरलीन देओल (45) के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स के साथ 110 रन की साझेदारी कर भारत के स्कोर को 272 तक पहुंचाया। 46वें ओवर में जेमिमाह रॉड्रिग्स 45 गेंदों में (50) को फाइलर ने आउट किया। भारत का पांचवां विकेट पर हरमनप्रीत कौर के रूप में गिरा।

# यह सीरीज जीत निश्चित रूप से हमें आत्मविश्वास देगी: हरमनप्रीत कौर

**● मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी, लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था**

**डरहम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजी करने उतरीं तो उनका पहला रन 11वीं गेंद पर आया। यह 102 रनों की शतकीय पारी की शुरुआत थी,

जिसने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की सीरीज जीत की नींव रखी और घर पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश भी दिया। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में जब उन्होंने ग्यारहवीं गेंद खेली तो बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ की गेंद पर खूबसूरत कवर ड्राइव के जरिये बाउंड्री पाई। धीमी शुरुआत होने के बावजूद वह अपनी लय में आ चुकी थीं। हरमनप्रीत का यह शतक वनडे में उनका सातवां लेकिन पिछली 13 पारियों में पहला 50+ स्कोर था। दौरे की शुरुआत में ईसीबी डेवलपमेंट ग्प के खिलाफ खेले गए 50 ओवर के वार्म-अप मैच में उन्होंने 54 रन बनाए थे और इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की दोनों सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर केवल 26 रन था, जो उन्होंने चौथे टी20 में बनाया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि हर मैच में मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था। योजना यह थी कि क्रीज पर कुछ समय बिताया जाए और फिर देखा जाए कि आगे क्या होता है। वह रणनीति मेरे लिए कारगर रही। पहली दस गेंदों पर मुझे कोई रन नहीं मिला लेकिन तब मैं खुद से कह रही थी: 'मुझे हार नहीं माननी है, बस टिके रहना है, टीम के लिए टिके रहना है। 82 गेंदों में शतक पूरा करके हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल बनाए गए 87 गेंदों वाले शतक को पीछे छोड़ दिया और महिलाओं के वनडे में भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। इस साल की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ स्मृति मंधाना ने 70 गेंदों में शतक लगाया था जो भारत के लिए सबसे तेज शतक है। साथ ही वह 4000 रन पूरे करने वाली भारत की तीसरी महिला खिलाड़ी भी बनीं। भारत के लिए संतोषजनक बात यह भी रही कि पूरी बल्लेबाजी इकाई ने अच्छा प्रदर्शन किया। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 50 रन बनाए और हरमनप्रीत के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। मंधाना और हरलीन देओल ने 45-45 रन बनाए और ऋचा घोष ने 18 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद क्रांति गौड़ ने 52 रन देकर छह विकेट लिए और इंग्लैंड की टीम को 305 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड एक गेंद बाकी रहते 13 रन से विश्व रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने से चूक गई। गौड़ महिलाओं के वनडे में भारत की ओर से पांच विकेट लेने वाली दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। उनसे कम उम्र में यह उपलब्धि केवल दीप्ति शर्मा ने हासिल की थी। हरमनप्रीत ने गौड़ के बारे में कहा कि जब भी वह मैदान पर होती हैं और गेंदबाज़ी कर रही होती हैं तो वह प्रभावशाली रहती हैं। मैं बहुत खुश हूं जिस तरह की गेंदबाजी उन्होंने की और जब भी हमें ब्रेकथ्रू की जरूरत थी, वह टीम के लिए मौजूद थीं। भारत का 318/5 का स्कोर इंग्लैंड में किसी भी मेहमान टीम द्वारा बनाया गया।

## आयरलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान की महिला टीम में एमान शामिल

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने छह अगस्त से शुरु होने वाले आयरलैंड दौरे के तीन टी-20 मैचों के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज एमान फातिमा को शामिल किया है। छह से 10 अगस्त तक चलने वाली इस टी-20 सीरीज के मैच डबलिन के क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब में खेले जायेंगे। अनकैप्ड एमान फातिमा ने राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। उन्होंने आठ मैचों में 155-14 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में होने वाले पहले महिला अंडर-19 विश्वकप में भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। 15 सदस्यीय टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए आयरलैंड रवाना होने से पहले कराची में एक प्री-सीरीज प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी।

# बुमराह के साथ भारतीय टीम के पास जीतने और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार हैं: संजय

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टीम के अहम फैसलों पर अपनी राय रखी, जसप्रीत बुमराह की वापसी और आकाश दीप की अनुपस्थिति से लेकर ऋषभ पंत की विकेटकीपिंग और भारत के गेंदबाजी संतुलन तक।

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने पर अपने विचार साझा किए। बांगर ने कहा कि बुमराह का चौथा टेस्ट खेलना अच्छी खबर है। एक अच्छी बात यह है कि कार्यक्रम में जगह बनाई गई है। खासकर जब आप लगातार दो टेस्ट मैच खेल रहे हों। तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है। जसप्रीत बुमराह किसी भी टीम,



**● तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है**

खासकर भारतीय टीम, की ताकत बढ़ाते हैं। हाल के दिनों में जब भी उन्होंने खेला है, उनका विदेशी टेस्ट रिकॉर्ड और भी बेहतर हुआ है। उनकी मौजूदगी से, मुझे लगता है कि भारतीय टीम के पास जीत और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार मौजूद हैं। क्योंकि सीरीज दांव पर है, इसलिए भारत को इसमें वापसी करनी होगी। अगर कोई गेंदबाज है जो किसी भी परिस्थिति का फायदा उठा सकता है, तो वो बुमराह हैं। कुल मिलाकर, जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है, सीरीज के पहले तीन टेस्ट मैच काफी आसान रहे। लेकिन इस खास टेस्ट में परिस्थितियां गेंदबाजों के ज्यादा अनुकूल होने की संभावना है। इसका मतलब होगा कि हमें ज्यादा ओवर नहीं फेंकने पड़ेंगे और हम निश्चित रूप से भारत को इंग्लिश बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करने में मदद कर सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा बनाम अंशुल कंबोज के चयन की दुविधा पर बांगर ने कहा कि शुभमन और गौतम गंभीर के लिए प्रसिद्ध और अंशुल में से किसी एक को चुनना मुश्किल होगा। शायद यही वजह है कि उन्होंने टेस्ट मैच शुरू होने तक फैसला टाल दिया है। मेरा मानना है कि प्रसिद्ध ने काफी कुछ किया है, और अगले टेस्ट मैच में आपको एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो मैनचेस्टर की पिच से उछाल हासिल कर सके। मुझे लगता है कि इस खास टेस्ट के लिए प्रसिद्ध से थोड़ा बेहतर हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चैंपियंस लीग टी-20 10 साल से ज्यादा समय बाद वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** चैंपियंस लीग ट्वंटी-20 वापसी के लिए तैयार है - और इसका दूसरा संस्करण बड़ा और बेहतर होगा। आईसीसी के सदस्यों ने, जिन्होंने हाल ही में सिंगापुर में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान बैठक की, विभिन्न देशों की घरेलू ट्वंटी-20 लीगों की फ्रेंचाइजी वाली इस टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का औपचारिक निर्णय लिया। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो लीग अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू हो सकती है। क्रिकबज को पता चला है कि अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड जल्द ही लीग की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के लिए बैठक करेंगे, खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि कई फ्रेंचाइजी मालिकों की टीमें कई देशों में हैं।

### पाकस्तान को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाक हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया।

# अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि के साथ पंजाब हॉकी लीग की घोषणा

**● देशभर की आठ आकादमी की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी**

**मोहाली, वार्ता।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने हॉकी पंजाब के सहयोग से जूनियर आयु वर्ग के लिए पंजाब हॉकी लीग (पीएचएल) के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। इस बार कुल पुरस्कार राशि 30 लाख रुपये होगी, जो देश में किसी भी जूनियर स्तर की हॉकी प्रतियोगिता के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। राउंडग्लास और हॉकी पंजाब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह लीग, जमीनी स्तर से खिलाड़ियों को व्यापक मैच अनुभव प्रदान करने और उनके पेशेवर व व्यक्तिगत विकास में सार्थक योगदान देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। देशभर की आठ अकादमियों की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी, जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके पहले संस्करण में पंजाब की छह टीमों ने होम-अवे फॉर्मेट में दो चरणों में भाग लिया था। इस वर्ष का पहला चरण 31 अगस्त से 9 सितंबर तक मोहाली इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

# सिंधु-उन्नति प्री क्वार्टरफाइनल में



**● पीसी सिंधु ने तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21 और 21-17 से जीत हासिल की**

**चांगझोउ, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली। सिंधु का प्री क्वार्टर फाइनल में 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से मुकाबला होगा जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी स्कॉटिश शटलर क्रिस्टी गिलमोर को केवल 36 मिनट में 21-11, 21-16 से हराया। पुरुष युगल में, विश्व की 12वें नंबर की जोड़ी, सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच, महिला युगल में, पांडा बहनों, रुतपर्णा और श्वेतपर्णा को हांगकांग-चीन की अनुभवी जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

# वीनस विलियम्स की प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के बाद डीसी ओवर में पीटन स्टर्न्स को हराकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी की। 45 वर्षीय विलियम्स ने मुबाडाला सिटी डीसी ओपन 2025 के महिला एकल मुकाबले में विश्व की 35 नवंबर की खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स को सीधे सेटों (6-3, 6-4) में हराया। इस जीत के साथ ही विलियम्स 45 साल की उम्र में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा ने (47 साल की उम्र में) 2004 में विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को हराया था। मैच के बाद विलियम्स ने कहा कि इतने लंबे समय के ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना मुश्किल होता है, यह बयां करना मुश्किल है। अगर आप मानसिक, शारीरिक



और भावनात्मक रूप से मेहनत करते हैं, तो आपको परिणाम मिल सकता है। मैं यहाँ अपने दोस्तों, परिवार, अपने प्रियजनों और प्रशंसकों के साथ हूँ, जिन्हें मैं प्यार करती हूँ और वे भी मुझे प्यार करते हैं, इसलिए यह एक खूबसूरत रात रही। विलियम्स का अगला मैच गुरुवार, 24 जुलाई को पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच (विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर) के खिलाफ दूसरे दौर का रोमांचक मुकाबला होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को हराया



**● जोश इंग्लिश ने नाबाद 78 और कैमरून ग्रीन ने 56 रनों की तूफानी पारी खेली, एडम जम्पा ने तीन विके ट लिए**

**किंगस्टन, वार्ता।** एडम जम्पा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद जॉश इंग्लिश नाबाद (78) और कैमरन ग्रीन (56) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 28 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में मात्र 13 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल (12) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। टीम को दूसरा झटका 42 रन के स्कोर पर कप्तान मिशेच मार्श (21) के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद जॉश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की अविजित साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया ने 15-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जॉश इंग्लिश ने 33 गेंद में पांच छक्के और सात चौकों की मदद से नाबाद 78 रनों की पारी खेली। वही कैमरन ग्रीन 32 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाते हुए नाबाद 56 रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से जेसेन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े।ब्रैंडन किंग 36 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (51) रनों की पारी खेली। कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए।

**● भारत बनाम इंग्लैंड-चौथा टेस्ट**

# भारत पहली पारी में 150 रनों के पार

**● ऋषभ पंत-साई सुदर्शन खेल रहे, कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल व केएल राहुल हो चुके आउट**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन था और तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने पहली पारी में 3 विकेट पर 163 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और ऋषभ पंत नाबाद हैं। टी-ब्रेक से पहले कप्तान शुभमन गिल 12 रन, यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। बेन स्टोक्स, लियम डासन और क्रिस वोक्स को एक-एक विकेट मिले। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज भारत से टेस्ट डेब्यू कर रहे हैं। उन्हें पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने टेस्ट कैप पहनाई। मैनचेस्टर में 51 साल बाद किसी भारतीय ओपनर ने फिफ्टी लगाई है। यशस्वी जायसवाल (58 रन) से पहले सुनील गावस्कर (101 रन, 58 रन) ने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाया था। केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 रन पूरे किए। वे ऐसा करने वाले 5वें भारतीय बैटर बने। उनसे पहले तेंदुलकर, द्रविड़, गावस्कर और कोहली ऐसा कर चुके हैं। भारतीय बैटर साई सुदर्शन दूसरी पर रनआउट होने से बच गए। 57वें ओवर की चौथी बाल को साई ने पिच पर धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने इन्कार कर दिया। तब तक सुदर्शन आधी पिच पर आ गए थे। उन्होंने बैट छोड़ा और वापस स्ट्राइक की ओर दौड़ पड़े। इस बीच स्टोक्स ने थ्रो मारा, लेकिन नहीं लगा। 53वें ओवर में भारत ने पहली पारी में 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। ऋषभ पंत ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर एक रन लिया और टीम का 150वां रन बनाया। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 26 ओवर के इस सेशन में भारत ने 71 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। टी-ब्रेक से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल (12 रन) को बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान शुभमन गिल 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। गिल बेन स्टोक्स की गुड लेंथ से अंदर आती बाल छोड़ना चाह रहे थे, लेकिन स्विंग को भांप नहीं सके। बाल उनके पैड पर टकराई। फील्ड अंपायर के आउट देने के बाद गिल ने डीआर मांगा, लेकिन थर्ड अंपायर ने फैसला नहीं बदला। 48वें ओवर की तीसरी बाल पर साई सुदर्शन को जीवनदान मिला। बेन स्टोक्स की लेग स्टंप से बाहर जाती बाल ने बल्ले का किनारा लिया और विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई, लेकिन वे इसे कैच नहीं कर सके। लियाम डासन ने आठ साल बाद टेस्ट में गेंदबाजी करते हुए सिर्फ सातवीं ही गेंद पर विकेट ले लिया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 24 जुलाई 2025

# संसद में फिर गतिरोध

जैसीकि उम्मीद थी कि बुधवार को भी संसद के दोनों सदनों राज्यसभा व लोकसभा में कोई काम नहीं हो सका। सोमवार व मंगलवार की तरह ही विपक्षी दलों ने हंगामा किया। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपरान्ह दो बजे जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू की, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी चाहते थे कि गोवा की जनजातियों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा हो, लेकिन विपक्ष अपनी इसी बात पर अड़ा था कि बिहार में चुनाव आयोग की मतदाता सूची और ऑपरेशन सिंदूर पर पहले चर्चा हो। इसी को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख श्री तेन्नेटी ने सदन की कार्रवाई दिनभर के लिए स्थगित कर दी। ऐसा ही नजारा राज्यसभा में भी देखने को मिला। वहां भी दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में विपक्ष नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराना चाहता था। 25 सदस्यों ने इस पर अपनी राय जाहिर कर मांग भी की थी। विपक्ष चाहता था कि सभी विधायी कामकाज रोककर बिहार चुनाव आयोग पुनरीक्षण पर चर्चा होनी चाहिए।

भाकपा महंगाई के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रही थी। वहीं आप दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी का मसला उठा रही थी। उस पर उप सभापति ने कहा कि ये सभी नोटिस अनुरूप में नहीं हैं और इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके इतना कहते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और वहां भी दो बजे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई। गुरुवार को संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होगी, लेकिन उसमें स्थिति किसी तरह की बदलेगी ऐसा नहीं लगता, बल्कि लगता यह है कि संसद का पूरा मानसून सत्र ही हंगामे की नजर हो सकता है, क्योंकि न ही विपक्ष और न ही सत्ता पक्ष अपनी बातों से पीछे हटता दिखाई दे रहा है। सब अपना अड़ियल रुख दिखाते दिखाई दे रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि जैसे किसी की भी इच्छा यह नहीं है कि संसद का सत्र सुचारू रूप से चले। संसद सत्र बुलाने से पूर्व जो सर्वदलीय बैठक हुई थी, वह बिल्कुल बेनतीजा होती दिखाई दे रही है। यह देखना भी कितना अजीब लगता है कि जब सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है तो तमाम राजनीतिक दल संसद की बैठकों के लिए अपना पूरा सहयोग देते दिखाई देते हैं।

सरकार भी विपक्ष की प्रशंसा करती है और अपनी तरफ से पूरा भरोसा विपक्ष को दिलाती है कि वह विपक्षी दलों को तमाम मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार होगी, लेकिन जब सत्र शुरू होता है, तब नजारा दूसरा ही देखने को मिलता है। बात केवल चालू सत्र की नहीं बल्कि इसके पीछे अब संसद का पुराना अनुभव यही बताता है कि अब चर्चाओं में किसी की भी दिलचस्पी नहीं रह गई है। यह देखना भी दिलचस्प है कि संसद की कार्यवाही बाधित होने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही एक–दूसरे को दोषी ठहराते हैं। यह बात अपनी जगह सही है कि दोनों ही पक्षों की जिम्मेदारी होती है कि संसद की कार्यवाही चलाने में वह पूरा सहयोग दें, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इसमें सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

## सीजफायर कराना ट्रम्प का काम नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत–पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर कराया, वह कौन हैं, यह उनका काम नहीं है, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह से चुप हैं, उन्होंने एक बार भी ट्रम्प के दावों का जवाब नहीं दिया, प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे, कैसे बताएंगे कि ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ समझौता करवाया है, पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर की घोषणा की थी। पीएम मोदी यह नहीं कह सकते, लेकिन यह सच है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं वे भाग गए हैं।

**–राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई





एम. इमरान

विश्वभर में प्लास्टिक प्रदूषण एक विकराल समस्या बन चुका है। हर वर्ष करोड़ों टन प्लास्टिक हमारे समुद्रों, नदियों, जंगलों और यहां तक कि हमारे शरीर में सूक्ष्म कणों के रूप में जमा होता जा रहा है। प्लास्टिक की विशेषता यह है कि यह सैकड़ों वर्षों तक प्राकृतिक रूप से नष्ट नहीं होता, जिससे यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। वैज्ञानिक वर्षों से इस समस्या का समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं और इसी क्रम में हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसे फफूंद की वीडियो और खबरें वायरल हो रही हैं, जो प्लास्टिक को खा सकता है। मेरे कई सहयोगियों ने मुझे वह वीडियो भेजा और जानना चाहा कि क्या यह सच है।

दरअसल प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की कहानी 2011 से शुरू होती है जब एल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने इक्वाडोर के अमेजन वर्षावनों में एक खोजी अभियान के दौरान Pestalotiopsis microspora नामक एक विशेष प्रकार के फफूंद की पहचान की। (जबकि इस फंफूद की खोज वर्ष 1880 में कार्लो लुइगी द्वारा की जा चुकी थी)। वर्ष 2011 में यह खोज हुई कि यह फफूंद एकमात्र ऐसा जीव था जो बिना ऑक्सीजन के भी पॉलीयूरेथेन प्लास्टिक को अपना पोषण बना सकता था। यह खोज इतनी महत्वपूर्ण थी कि उसने वैज्ञानिकों का ध्यान आकर्षित किया और इस दिशा में गहन शोध शुरू हो गया।

फफूंद की यह क्षमता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि प्लास्टिक मुख्यतः पॉलीमर से बना होता है, जो अत्यंत जटिल और टूटने में कठिन होता है, लेकिन यह फफूंद प्लास्टिक के पॉलीयूरेथन यौगिकों को तोड़कर उन्हें सरल कार्बनिक यौगिकों में बदल सकता है, जिन्हें वह अपनी वृद्धि और जीवन चक्र को बनाए रखने के लिए उपयोग करता है। इससे यह संकेत मिला कि यदि इस जैविक प्रक्रिया को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सके, तो यह भविष्य में प्लास्टिक कचरे के निपटान का एक पर्यावरण–मित्र तरीका हो सकता है।

इस खोज के बाद अन्य वैज्ञानिकों ने भी प्लास्टिक खाने वाले और कई प्रकार के फफूंद और जीवाणु खोजे हैं। 2017 में जापानी वैज्ञानिकों ने Ideonella sakaiensis नामक बैक्टीरिया की पहचान की जो PET Polyethylene Terephthalate नामक प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम था। इसी तरह नीदरलैंड, भारत, चीन और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने ऐसे कई अन्य सूक्ष्मजीवों की पहचान की है जो विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को धीरे–धीरे पचाने की क्षमता रखते हैं।

फफूंद के जरिए प्लास्टिक को नष्ट करने के इस तरीके के अनेक लाभ हो सकते हैं। सबसे पहला और मुख्य लाभ यह है कि यह एक प्राकृतिक और जैविक प्रक्रिया है, जिससे हानिकारक गैसों या अवशेषों का उत्सर्जन नहीं होता। पारंपरिक तरीकों जैसे प्लास्टिक को जलाने से जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं, जिससे वायु प्रदूषण और मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, लेकिन फफूंद की सहायता से यह प्रक्रिया स्वाभाविक ढंग से हो सकती है और प्रदूषण से भी बचा जा सकता है।

दूसरा लाभ यह है कि यह विधि सस्ती और टिकाऊ है। यदि यह तकनीक व्यापक स्तर पर लागू की जाती है, तो कचरा प्रबंधन की लागत में भारी कमी आ सकती है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहां प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन एक बड़ी समस्या है, वहां यह तकनीक वरदान साबित हो सकती है। इसके अलावा, यह फफूंद नमी और अंधेरे में भी सक्रिय रहता है, जिससे इसे भूमिगत लैंडफिल क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

तीसरा बड़ा लाभ यह है कि यह विधि माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को कम करने में भी उपयोगी हो सकती है। आजकल माइक्रोप्लास्टिक समुद्रों से लेकर पीने के पानी तक में पाए जा रहे हैं। यह मानव शरीर में प्रवेश करके कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं। अगर यह फफूंद इन सूक्ष्म कणों को भी तोड़ सकती है, तो यह सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी क्रांतिकारी कदम हो सकता है।

हालांकि, जहां इस तकनीक के अनेक लाभ हैं, वहीं इसके कुछ नुकसान और चुनौतियां भी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे पहली चुनौती यह है कि यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी है। प्राकृतिक रूप से फफूंद द्वारा प्लास्टिक को पूरी तरह नष्ट करने में महीनों या वर्षों तक लग सकते हैं। इस वजह से यह बड़े पैमाने पर तत्काल समाधान नहीं हो सकता।

दूसरी चुनौती यह है कि सभी प्रकार के प्लास्टिक को यह फफूंद समान रूप से नहीं तोड़ सकता। जैसे पॉलीयूरेथेन को Pestalotiopsis microspora द्वारा तोड़ा जा सकता है, लेकिन अन्य प्रकार के प्लास्टिक जैसे PVC, HDPE, LDPE को नष्ट करने के लिए अलग–अलग प्रकार के सूक्ष्मजीवों की आवश्यकता होती है। इससे इस तकनीक को व्यावसायिक स्तर पर लागू करना जटिल हो जाता है।

तीसरी चुनौती यह है कि इन फफूंदों को नियंत्रित वातावरण में पनपाना और उनकी वृद्धि को बनाए रखना आसान नहीं है। अगर इसे खुले में उपयोग किया जाए, तो अन्य जीवों या पर्यावरणीय परिस्थितियों से यह प्रभावित हो सकता है। साथ ही, अगर ऐसे फफूंद अनियंत्रित रूप से फैलने लगें, तो यह अन्य जैविक तंत्रों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण विचार यह भी है कि इन फफूंदों से प्लास्टिक का जो अपघटन होता है, उसके उप–उत्पाद क्या होते हैं और वे पर्यावरण के लिए कितने सुरक्षित हैं। यदि ये उप–उत्पाद विषैले या हानिक. ारक हों, तो यह तकनीक समस्या का समाधान करने की बजाय नई समस्याएं खड़ी कर सकती है। इसलिए इसके दीर्घकालिक प्रभावों का परीक्षण और मूल्यांकन आवश्यक है। फिर भी, यह कहा जा सकता है कि फफूंद आधारित प्लास्टिक अपघटन की तकनीक एक नवाचार है जिसकी संभावनाएं अत्यंत व्यापक हैं। यदि इस क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए और अधिक प्रभावी एवं तेजी से कार्य करने वाले सूक्ष्मजीव विकसित किए जाएं, तो यह तकनीक भविष्य में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है। कुछ देशों ने पहले ही इस दिशा में प्रयोग शुरू कर दिए हैं। उदाहरण के लिए नीदरलैंड और जर्मनी में कुछ प्रयोगशालाओं में जैव–रिएक्टर तैयार किए जा रहे हैं जहां इन फफूंदों को नियंत्रित रूप से प्लास्टिक अपशिष्ट में मिलाकर उनका निष्कासन किया जा रहा है। भारत में भी कुछ निजी स्टार्टअप कंपनियां और IIT संस्थान इस तकनीक पर अनुसंधान कर रहे हैं और जल्द ही इसके प्रारंभिक मॉडल सार्वजनिक किए जा सकते हैं।

भविष्य में यह संभव है कि लैंडफिल साइट्स पर फफूंद आधारित अपघटन संयंत्र लगाए जाएंगे, जहां प्लास्टिक कचरे को संग्रह करके जैविक रूप से नष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही, फफूंद को भोजन का माध्यम बनाकर इससे जैव ईंधन, खाद या अन्य उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा सकते हैं। कुछ वैज्ञानिक तो यह भी मानते हैं कि यदि जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से इन फफूंदों को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए, तो यह कई प्रकार के औद्योगिक अपशिष्टों को भी नष्ट करने में सक्षम हो सकते हैं। हालांकि इस तकनीक के नैतिक और पर्यावरणीय पक्षों पर भी विचार आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह फफूंद प्रकृति में अनियंत्रित होकर पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान न पहुंचाएं। साथ ही, जैविक विविधता की रक्षा करना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी नई तकनीक के कारण मौजूदा संतुलन न बिगड़ जाए। यह मानव जाति को उसके द्वारा बनाए गए सबसे जटिल प्रदूषण प्लास्टिक से छुटकारा दिलाने की एक आशा की किरण है। इसके हर पहलू का गहन परीक्षण करें और फिर इसे धरातल पर उतारें। जब तक यह तकनीक पूर्ण रूप से व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो जाती, तब तक हमें अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर प्लास्टिक का प्रयोग कम करना ही सबसे व्यावहारिक उपाय है। पुनः प्रयोग, पुनः उपयोग और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। साथ ही, सरकारों, उद्योगों और आम जनता को मिलकर इस दिशा में कार्य करना होगा ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ पृथ्वी सौंप सकें।

अंत में यह कहा जा सकता है कि प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की खोज नई नहीं है इस पर वर्षों से शोध हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो भ्रमित करने वाले हैं जिसमें कहा जा रहा है कि अब दुनिया से सारे प्लास्टिक कचरे का निपटारा हो जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव अपराध और राजनीति

**चुनावी वातावरण के बीच बिहार में भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेताओं पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। मिसाल के तौर पर आरा में भाजपा नेता बबलू सिंह ने कार में रगड़ लगने जैसी मामूली घटना के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जंगल राज का इससे बड़ा सुबूत और क्या हो सकता है ? इसी तरह एक अन्य मामले में, भाजपा नेता आलोक कुमार चौहान पर शराब तस्करों को छुड़ाने के लिए 150 लोगों के साथ थाने पर हमला करने, थानाध्यक्ष को पीटने और उनकी वर्दी फाड़ने का आरोप लगा। उधर कुछ दिन पूर्व बिहार सरकार में मंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी के भाई पर जमीन हड़पने, अपहरण, हत्या और रंगदारी जैसे संगीन मामलों में शामिल होने का आरोप लगा । एक घटना में मंत्री रेणू देवी के भाई पर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर होटल में ले जाकर मारपीट करने जैसा गंभीर आरोप लगा।**



निर्मल रानी

बिहार में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए इसी वर्ष (2025) के अंत तक यानी अक्टूबर और नवंबर में चुनाव करा सकता है। आगामी चुनावों के मद्देनजर राज्य में चुनावी सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस नेता राहुल गांधी या अन्य दलों के शीर्ष नेता सभी चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने की जी तोड़ कोशिश में लग चुके हैं।


जब भी बिहार का चुनाव करीब आता है मीडिया में गुंडाराज और जंगल राज जैसे शब्द सुनाई देने लगते हैं। चाहे वह वर्तमान भाजपा–जे डी यू सरकार के लोगों द्वारा एक दशक से भी पहले के लालू यादव राज को याद कर उसे गुंडा राज सम्बोधित कर मतदाताओं में दहशत फैलाने की गरज से की जाने वाली चर्चा हो या फिर विपक्ष द्वारा नीतीश सरकार के शासन में बेखौफ अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली दुस्साहसिक अपराधी घटनाओं के हवाले से सत्ता पर गुंडाराज को संरक्षण देने की बात हो परन्तु बिहार चुनावों में गुंडाराज की चर्चा छिड़ना लगभग स्वाभाविक सा हो गया है। हालांकि देश के कई अन्य राज्यों में भी अपराध और राजनीति का गहरा सम्बन्ध है। परन्तु बिहार में घटने वाली कुछ आपराधिक घटनाएं ऐसी होती हैं जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचती है। उदाहरण स्वरूप बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2025 की उस सनसनीखेज घटना को ही देख लीजिए जबकि पांच सशस्त्र अपराधियों द्वारा पारस HMRI अस्पताल के आई सी यू में घुसकर चंदन मिश्रा नाम के गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हुई। इस घटना के बाद बिहार की कानून–व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक था।

जिस दुस्साहसिक अंदाज में पांच हमलावर, बिना चेहरा ढके हुए , बेखौफ अंदाज में अस्पताल की दूसरी मंजिल पर पहुंचे और केवल चंद सेकंड में इस हत्या को अंजाम देकर बड़ी ही आसानी से अस्पताल से बाहर चले गए इससे राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी था। कांग्रेस ने नीतीश सरकार पर कानून–व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया तो राजद ने हमलावरों को सरकारी अपराधी करार देते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज की वापसी हो रही है। कई नेताओं ने इस घटना को नीतीश कुमार सरकार की नाकामी का सबूत बताया। ऐसी घटनाएं बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह कि इस शूट आउट से केवल एक दिन पहले यानी 16 जुलाई 2025 को ही बिहार पुलिस ने यह दावा किया था कि संगठित अपराध और पेशेवर शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है, परन्तु इस घटना ने तो पुलिस के दावों की पोल ही खोल कर रख दी। उसी दिन यानी 17 जुलाई को ही पटना में एक और हत्या की घटना पेश आई। इस घटना में दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक शिवम उर्फ बंटी नामक युवक की अपराधियों द्वारा तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को आदित्य कुमार नामक एक युवक की दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई।

इन्हीं चुनावी माहौल के बीच एक और अप्रत्याशित खबर ने राज्य में धमाका कर दिया है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा सहित 9 लोगों को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को 15 साल पुराने यानी 2010 के एक नकली दवा मामले में दोषी ठहराया है। खबरों के अनुसार जीवेश मिश्रा पहले दवा कारोबार से जुड़े थे और दिल्ली की आल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक थे। इस मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है, और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। विपक्ष का कहना है कि कि जीवेश मिश्रा को दोषी ठहराए जाने के बावजूद नीतीश कुमार की सरकार और बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है। कोई जीवेश मिश्रा को मौत का सौदागर कह रहा है तो कोई उन्हें नकली दवा माफिया करार देकर उसे बर्खास्त करने की मांग कर रहा है। इस मामले में 1 से 3 साल तक की सजा और 20,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता था परन्तु जीवेश मिश्रा को केवल जुर्माना देकर छोड़ दिया गया। आखिर ऐसा क्यों?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऑनलाइन आलोचना से स्वास्थ्य एजेंसियों पर घटता विश्वास



डिजिटल दौर में जन स्वास्थ्य एजेंसियों के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। उन्हें अब सिर्फ बीमारियों के प्रसार से ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों और व्यक्तिगत हमलों से भी निपटना पड़ रहा है। एक हालिया अध्ययन बताता है कि यूएस के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन जैसी स्वास्थ्य संस्थाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई नकारात्मक टिप्पणियां लोगों के भरोसे को तोड़ रही हैं, उनमें गुस्सा बढ़ा रही हैं।

हाल ही में CDC ने टेक्सास और न्यू मेक्सिको में खसरे के प्रकोप को लेकर एक चेतावनी ट्विट की थी, जिसमें यात्रियों को टीका लगवाने की सलाह दी गई थी। कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया, लेकिन कई लोगों ने इस पर शक जताया, साजिश के आरोप लगाए और यहां तक कि आपराधिक व्यवहार का इल्जाम तक लगाया। ऐसी तीखी प्रतिक्रियाएं अब आम हो रही हैं। इसका असर समझने के लिए स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 6800 अमेरिकियों पर अध्ययन किया। प्रतिभागियों को एक काल्पनिक सोशल मीडिया पोस्ट दिखाई, जिसमें CDC जैसी संस्था ने एक दुविधामई स्वास्थ्य सलाह दी थी, जैसे सबको स्लीप एप्निया की जांच करवाने की सलाह। इसके बाद उन्हें आलोचनात्मक टिप्पणियां दिखाई, जो असली ऑनलाइन टिप्पणियों की तरह बनाई गई थीं। इन आलोचनात्मक टिप्पणियों की प्रकृति अलग–अलग थी। कुछ में सलाह से सिर्फ असहमति जताई थी, तो कुछ में संस्था की क्षमता पर या ईमानदारी पर सवाल उठाया था, जैसे राजनीतिक हित या छुपे हुए इरादे होना।

अध्ययन के नतीजे चौंकाने वाले थे। महज एक नकारात्मक टिप्पणी – भले ही हल्की–फुल्की ही क्यों न हो – भी लोगों का भरोसा कम कर देती है, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान वे टिप्पणियां करती हैं जो संस्था की सच्चाई और नैतिकता पर हमला करती हैं। ऐसी टिप्पणियां न सिर्फ भरोसा घटाती हैं, बल्कि लोगों में गुस्सा पैदा करती हैं और उन्हें उसे साझा करने, भावनात्मक प्रतिक्रिया देने या जवाब देने के लिए उकसाती हैं। दिलचस्प बात यह रही कि यह असर राजनीतिक सोच पर निर्भर नहीं था। चाहे व्यक्ति रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट, संस्था की ईमानदारी पर हमला देखकर दोनों ने समान प्रतिक्रिया दी। इससे पता चलता है कि भरोसे में कमी सिर्फ राजनीति का मसला नहीं, बल्कि इंसानों की सामान्य प्रवृत्ति है। यह अध्ययन दर्शाता है कि हर तरह की आलोचना का असर एक जैसा नहीं होता – किस तरह की आलोचना की जाती है, इससे बहुत फर्क पड़ता है।

हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक जेम्स ड्रकमैन का कहना है कि गुस्से जैसी भावनाओं को सर्वेक्षण के जरिए मापना मुश्किल है, जो बात एक व्यक्ति को गुस्से जैसी लगे, वह दूसरे को चिंता जैसी लग सकती है। फिर भी, इस अध्ययन में जो पैटर्न सामने आया है, वह चिंता की बात है। स्वास्थ्य एजेंसी की तरफ से सफाई देने पर भी लोगों का भरोसा पहले जैसा नहीं लौटा। शोधकर्ता एवं मनोरोग विशेषज्ञ जोनाथन ली का मानना है कि इसका एक कारण यह हो सकता है कि लोग तुरंत सही बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते – उन्हें पहले थोड़ा शांत होने के लिए समय की जरूरत होती है। इस अध्ययन से यह बात साफ होती है कि पारदर्शिता यानी ईमानदारी बहुत जरूरी है। सलाह है कि स्वास्थ्य एजेंसियों को यह स्वीकार करने में हिचकना नहीं चाहिए कि उन्हें हर सवाल का जवाब नहीं पता। खासकर महामारी जैसी तेजी से बदलती परिस्थितियों में यह ईमानदारी भरोसा बढ़ा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**

## लिवर डैमेज होने पर शरीर में नजर आते हैं ये लक्षण



हमारे शरीर में जब भी किसी तरह की गड़बड़ी की शुरुआत होती है, तो कोई भी अंग ठीक से काम नहीं करता है। या फिर किसी भी न्यूट्रिशन और विटामिन की कमी होने लगती है, तो शरीर में इसके संकेत साफ नजर आते हैं। हालांकि अगर इन संकेतों को शुरुआत में ही समझ लिया जाए, तो आने वाले समय में बड़ी मुश्किल से बचा जा सकता है। पेट में गैस बनना, पाचन का कमजोर होना या ब्लोटिंग महसूस होना, नींद आने में मुश्किल, हमेशा कमजोरी, भूख न लगना, हाथ–पैरों में दर्द रहना या थकान महसूस होना आदि ऐसे लक्षण हैं, जिन पर आपको समय रहते ध्यान देना चाहिए। अगर आपके साथ भी ऐसा लगता है आपको भूख नहीं लगती है और खाना सामने आने पर खाने का मन नहीं करता है, तो यह लिवर की बीमारी का संकेत होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**लिवर की समस्या**– आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी खानपान की वजह से कई लोग पेट और लिवर से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। अगर आपको लंबे समय से भूख नहीं लग रही है या फिर कुछ भी खाने का मन नहीं करता है। तो इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह लिवर की किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। लिवर हमारे शरीर का पावर हाउस है और यह डाइजेशन को सही तरह से चलाने, शरीर में एनर्जी बनाए रखने और शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है। जब हमारा लिवर संक्रमित या कमजोर हो जाता है। तो मतली आने, पेट में सूजन, भूख कम लगने या पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपेटाइटिस या लिवर इंफेक्शन जैसी बीमारियां आदि भूख न लगने की मुख्य वजह बन सकती हैं। अगर लंबे समय तक ऐसा रहता है, तो आपको फौरन डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। शुरूआती जांच में अल्ट्रासाउंड और लिवर फंक्शन टेस्ट करवाएं।

हेल्दी लिवर के लिए रेगुलर एक्सरसाइज और बैलेंस आहार लेना चाहिए। साथ ही एल्कोहल या जंक फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। समय पर इलाज और लाइफस्टाइल में बदलाव से लिवर की बीमारियों से बचाव संभव है। इनके लक्षणों को रिवर्स करने में भी सहायता मिल सकती है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आपको भूख नहीं लग रही है, खाना खाकर उल्टी महसूस होती है या फिर बार–बार खाने से मन हट रहा है। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह लिवर की बीमारी का संकेत हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बारिश के चलते 13 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित हादसों में पिछले 48 घंटों में नौ बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के कई हिस्सों में भीषण बारिश हो रही है और मौसम वैज्ञानिकों ने कई शहरों के लिए शहरी बाढ़ की चेतावनी जारी की है। एनडीएमए ने बताया है कि जून के अंत से मानसून की बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 234 हो गई है।

### सीरिया पर प्रतिबंधों को लेकर तुर्की में वार्ता

**अंकारा।** तुर्की में अमेरिका के वित्त विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल तुर्की, सीरिया और इराक के अधिकारियों के साथ सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के मुद्दे पर बातचीत कर रहा है। इस बातचीत में धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में दमिश्क का समर्थन करने के लिए अमेरिका की तत्परता पर ज़ोर दिया गया है।तुर्की के इस्तांबुल स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी।

### ज़ेलेंस्की को अपने गुट की जांच का डर: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूक्रेन ने देश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनी संस्थाओं की शक्तियों में कटौती कर दी है। सरकार के इस कदम को कठोर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के भ्रष्टाचार विरोधी निकायों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों को जल्दबाजी में बनाने का कारण संभवत: यह है कि यूक्रेन का राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उनके करीबी लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर चुका है। द इकोनॉमिस्ट पत्रिका ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

### 5 साल बाद फिर शुरू होगी दोनों देशों के बीच वीजा व्यवस्था

# चीन के साथ रिश्तों में आई गरमाहट

### आज से आवेदन प्रक्रिया होगी शुरू, गलवान संघर्ष के बाद से बंद थी सर्विस, दूतावास ने की पुष्टि

**नई दिल्ली/बीजिंग।** भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।




भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फार्म भरना होगा। फिर वेबसाइट पर जाकर अपाइंटमेंट लेना होगा। इसके बाद उन्हें अपने पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज लेकर वीजा केंद्र जाना होगा।

■ इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया
■ चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं

ये वीजा केंद्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे शहरों में हैं, जो दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में आते हैं। वहां जाकर वे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 2020 में कोविड-19 महामारी के चलते सभी पर्यटक वीजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भारत-चीन के बीच जून 2020 में गलवान संघर्ष हुआ था। इससे दोनों देशों के संबंध खराब हो गए थे। अप्रैल 2022 में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने कहा था कि चीनी नागरिकों के सभी पर्यटक वीजा अब वैलिड नहीं हैं। दरअसल, चीन ने तब 22000 भारतीय छात्रों के फिर से चीन जाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद भारत ने 'जैसे को तैसा' की तरह जवाब देते हुए चीनी नागरिकों का टूरिस्ट वीजा अमान्य कर दिया था। जून 2022 में चीन ने अपनी वीजा नीतियों में ढील दी थी और भारतीय नागरिकों को पर्यटक वीजा के लिए आवेदन करने की अनुमति दी, जो आमतौर पर 90 दिनों की वैधता के साथ 30 दिनों तक ठहरने की अनुमति देता है। इसके अलावा चीन ने भारतीय पेशेवरों उनके परिवारों और अन्य विदेशी नागरिकों के लिए भी वीजा आवेदन फिर से शुरू किए, जो चीन में काम या परिवार से मिलने के लिए जाना चाहते थे। इस नीति के तहत भारतीय नागरिक जो चीन में कार्यरत थे या जिनके परिवार वहां थे, वे वीजा के लिए आवेदन कर सकते थे।

## भारत न होता, तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती

**माले।** मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा है कि अगर भारत नहीं होता, तो हमारी इकोनामी बर्बाद हो जाती। नशीद ने कहा कि कि उनके देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि अगर भारत ने समय पर मदद न की होती, तो मालदीव दिवालिया (डिफाल्ट) हो गया होता। 2022-23 में पर्यटन ठप होने से मालदीव गहरे आर्थिक संकट में चला गया था। उस पर विदेशी कर्ज बढ़ गया था और डालर की भारी कमी थी। भारत ने अनाज-ईंधन सप्लाई और क्रेडिट लाइन देकर मालदीव को डिफाल्ट होने से बचाया था। नशीद का यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के ठीक पहले आया है। पीएम मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को तौर पर शामिल होंगे। नशीद ने कहा कि मालदीव की विदेश नीति हमेशा इंडिया फर्स्ट की रही है।

# बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

### भारत ने पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारतीय अब बिना वीजा के 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं। ये जानकारी हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में सामने आई। भारत ने वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया है। भारत की रैंकिंग में ये बदलाव पिछले 6 महीनों में आया है।

यह रैंकिंग दुनिया भर के पासपोर्ट को उनके वीजा-फ्री यात्रा की संख्या के आधार पर तय की जाती है। दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट के मामले में सिंगापुर शीर्ष पर है। सिंगापुर का पासपोर्ट 193 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा देता है। 190 देशों के साथ जापान और साउथ कोरिया दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन संयुक्त रूप से हैं, जिनके नागरिक 189 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं।

■ सिंगापुर पहले स्थान पर, पाक 96वें स्थान पर, अफगानिस्तान सबसे नीचे

सिंगापुर हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में पहले स्थान पर है। इसके पासपोर्ट पर 193 देशों में वीजा-फ्री यात्रा कर सकते हैं। 2025 की रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट ने लगातार दूसरी बार सुधार दर्ज किया है। पिछले साल भारत 85वें स्थान पर था, और इस बार 8 पायदान ऊपर चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंचा है। हालांकि, वीजा-मुक्त यात्रा की संख्या में कमी आई है। 2024 में भारतीय पासपोर्ट धारक 62 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते थे, जबकि इस साल यह संख्या 59 है। फिर भी, रैंकिंग में सुधार का कारण दूसरे देशों के पासपोर्ट के तुलना में बेहतर प्रदर्शन है।




मुंबई। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बारिश के कारण जाम में फंसे वाहन।

## गाजा में राहत सामग्री वाले ट्रकों के फंसे होने पर इजरायल ने जताई हैरानी

**यरुशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने गाजा में राहत सामग्री के वितरण में आ रही दिक्कतों पर हैरानी जताई है। शोशानी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें दिखाया गया कि 950 ट्रक गाज़ा की क्रॉसिंग पर फंसे हुए हैं। उन्होंने लिखा कि यह तब हुआ जब इजरायल ने सहायता पहुंचाने में मदद की। इतनी सहायता सामग्री क्यों अटकी हुई है? गौरतलब है कि 100 से ज्ज़ादा गैर सरकार संगठनों (एनजीओ) ने कहा है कि गाजा में रोजाना औसतन 28 ट्रकों के जरिये सहायता सामग्री वितरित की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने कई बार कहा है कि उसे क्रॉसिंग पॉइंट्स के अंदर से गाज़ा के चालकों के साथ आने वाली आपूर्ति को इकट्ठा करने और सैन्य क्षेत्रों से होकर ले जाने के लिए आवश्यक इज़राईली अनुमति प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## ट्रम्प ने की जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जापान के साथ एक बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते की घोषणा की है। ट्रम्प ने कल रात ट्रुथ सोशल पर कहा कि हमने जापान के साथ एक बड़ा समझौता पूरा किया है, शायद अब तक का सबसे बड़ा समझौता। इस समझौते के तहत अमेरिकी आयातक देश को निर्यात किए जाने वाले जापानी सामानों पर 15 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क का भुगतान करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश भी करेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को 'मुनाफे का 90 प्रतिशत' मिलेगा, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये निवेश कैसे काम करेंगे या मुनाफे की गणना कैसे की जाएगी।

# ट्रम्प ने 25वीं बार दोहराया भारत-पाक युद्ध मेरे कहने पर रुका

### बोले: भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 फाइटर जेट्स गिरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं। इससे पहले ट्रम्प ने 19 जुलाई को 5 जेट गिरने का दावा किया था। तब भी उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। दूसरी बार कहा: भारत-पाक संघर्ष में 5 विमान गिरे ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को फोन किया और चेतावनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अमेरिका व्यापार रोक देगा। वे दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं। कौन जानता है कि इसका अंजाम क्या होता, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया। ट्रम्प ने यह भी बताया कि यह बातचीत एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुई।



■ दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया, 73 दिन में 25वीं बार क्रेडिट लिया

यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का दावा किया है। इससे पहले भी उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि भारत के आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इसी महीने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन नेताओं के साथ एक निजी डिनर के दौरान ट्रम्प ने फिर दोहराया था कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे और चार या पांच विमान हवा में ही गिरा दिए गए थे। उन्होंने कहा विमानों को हवा में ही मार गिराया जा रहा था। 5, 5, 4 या 5, लेकिन मुझे लगता है कि असल में 5 विमान मार गिराए गए थे।

# पृथ्वी की गति तेज, दिन हुए छोटे, वैज्ञानिक हैरान

**कैलिफोर्निया।** इस साल गर्मी के मौसम में पृथ्वी की गति तेज़ होने के कारण दिन थोड़े छोटे हो गए हैं, जिसने वैज्ञानिकों को समय की गणना पर खासा ध्यान देना पड़ा है। इंटरनेशनल अर्थ रोटेशन एंड रेफरेंस सिस्टम्स सर्विस और अमेरिका नौसेना वेधशाला के आंकड़ों से पता चला है कि गत 10 जुलाई अब तक का सबसे छोटा दिन था, जो 24 घंटे से 1.36 मिलीसेकंड कम दर्ज किया गया।

एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा। यही नहीं अनुमान है कि आगामी पांच अगस्त का दिन भी 24 घंटे से 1.25 मिलीसेकंड कम हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार एक दिन की लंबाई वह समय है जो धरती अपनी धुरी पर एक पूरा चक्कर काटने में लेती है।

यह औसतन 24 घंटे या 86400 सेकंड होता है, लेकिन वास्तव में, चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल, धरती पर मौसमी बदलाव और पृथ्वी के आंतरिक कोर के असर जैसी चीजों के चलते धरती का घूमना थोड़ा आगे पीछे हो जाता है। इसका असर यह पड़ता है कि एक पूरा चक्कर आमतौर पर 86,400 सेकंड से थोड़ा कम या अधिक समय लगता है-यह अंतर केवल मिलीसेकंड का है जिसका रोजमर्रा के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

■ एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा



ये अंतर लंबे समय में कंप्यूटर, उपग्रह और दूरसंचार पर असर डाल सकते हैं, यही कारण है कि 1955 में शुरू की गई परमाणु घड़ियों का उपयोग कर समय के सबसे छोटे बदलाव को भी दर्ज कर लिया जाता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वाई2के समस्या जैसी बात सामने आ सकती है, जिससे कभी कम्प्यूटर प्रणाली को ही ठप कर देने का खतरा पैदा कर दिया था। परमाणु घड़ियां एक निर्वात कक्ष में रखे परमाणुओं के दोलनों की गणना करके 24 घंटों की गणना अत्यंत सटीकता से करती हैं। ये समय-निर्धारण के लिए वैश्विक मानक है, साथ ही यह वह समय भी है जिस पर हमारे सभी फ़ोन और कंप्यूटर सेट होते हैं।

पिछले साल, 05 जुलाई को पृथ्वी ने अब तक का सबसे छोटा दिन देखा, जो 24 घंटे से 1.66 मिलीसेकंड कम था। स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ़ ओशनोग्राफी में भूभौतिकी के एमेरिटस प्रोफ़ेसर और कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो में एक शोध भूभौतिकीविद् डंकन एग्न्यू ने कहा कि 1972 से हम थोड़े तेज़ दिनों की ओर बढ़ रहे हैं।

# इमरान के बेटों से मिले ट्रम्प के दूत

### ग्रेनेल ने पाक के पूर्व पीएम की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार दिया

■ आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा: रिचर्ड ग्रेनेल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल ने कैलिफोर्निया में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों, सुलैमान ईसा और कासिम खान से मुलाकात की।

ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा- कैलिफोर्निया (सुलैमान और कासिम) में आपका स्वागत है, मेरे दोस्तों। आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया है। पहले भी उन्होंने न्यूजमैक्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के नेता थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहतर थे। उन्होंने खान को एक गैर-राजनीतिक व्यक्ति और समझदारी से बात करने वाला नेता बताया, जिनका ट्रम्प के साथ अच्छा रिश्ता था। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को ट्रम्प के खिलाफ अमेरिका में चल रहे कानूनी मामलों से जोड़ा, इसे 'झूठे आरोपों' और 'भ्रष्टाचार के दावों' का मामला बताया।



## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर नस्लभेदी हमला

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में एक भारतीय छात्र पर शनिवार को बेरहमी से हमला किया गया। 'द आस्ट्रेलिया टुडे' के रिपोर्ट के मुताबिक चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई। लड़कों ने चरणप्रीत को नस्लीय गालियां दी और उनपर हिंसक हमला किया। चरणप्रीत ने मीडिया को बताया कि उन्होंने मुझे कहा, इंडियन भाग जा और फिर मुझे लात-घूंसों से मारना शुरू कर दिया। मैंने जवाब देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मुझे तब तक मारा जब तक मैं बेहोश नहीं हो गया।

# नेतन्याहू के कत्ल की साजिश में 70 वर्षीय महिला गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बुधवार को एक 70 साल की बुजुर्ग महिला को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की साजिश रचने के शक में गिरफ्तार किया है। इजरायली पब्लिक ब्राडकास्टर केएएन के मुताबिक, महिला पर आरोप है कि वह आईइडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी।

केएएन ने बताया कि गुरुवार को महिला के खिलाफ अपराध की साजिश रचने और आतंकी एक्ट करने की साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। इन शर्तों में उसे सभी सरकारी संस्थानों में एंट्री करने और प्रधानमंत्री के करीब जाने से प्रतिबंधित किया गया था। पुलिस के मुताबिक, यह महिला 'जानी-मानी सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी' है। उसने अन्य प्रदर्शनकारियों से हथियार हासिल करने और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने की कोशिश की थी। कोर्ट के आदेश से महिला की पहचान को सीक्रेट रखा गया था, लेकिन जांचकर्ताओं की अपील पर बुधवार को गोपनीयता का आदेश हटा लिया गया, जिससे उसके खिलाफ मामले सार्वजनिक हुए। जांच पूरी होने के बाद, पुलिस ने बताया कि स्टेट अटार्नी आफिस और सरकारी वकील को आगे की कार्रवाई और चार्जशीट के लिए जरूरी दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। यह पहली बार नहीं है जब इजरायली पीएम पर हमला हुआ है।

■ महिला आईईडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट